e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 284
मंगलवार
17.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं, मन में रखने से फासले हो जाते हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें

**तीसरा चंद्रघंटा**



मां दुर्गा का तीसरा रूप चंद्रघण्टा है। ये भगवान शिव का अर्द्धचंद्र इनके मस्तक पर घण्टे के रूप में सुशोभित है। इसी कारण इनका नाम चंद्रघण्टा है। ये अपने दसों हाथों में अस्त्र-शस्त्र धारण करती हैं और सिंह पर बैठी हुई असुरों के नाश के लिए सदैव उद्यत रहती हैं।

## क्विक न्यूज

### निलंबित आईएएस छवि रंजन ने की जमानत याचिका दायर

**रांची :** जमीन घोटाले मामले में आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन ने सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। इससे पहले उन्होंने बरियातू के सेना की जमीन से जुड़े दूसरे केस में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। ईडी रांची में जमीन से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन आरोपित है। फिलहाल छवि रंजन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में बंद है।

### डीसी-एसपी ने पांकी में किया फ्लैग मार्च

**मेदिनीनगर** : दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रियता दिखा रहा है। इसी क्रम में डीसी शशि रंजन एवं एसपी रीष्मा रमेशन ने जिले के पांकी में सोमवार को फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलजुल कर शांति से दुर्गापूजा मनाने की अपील की। बता दें कि पिछले महाशिवरात्रि के दिन तोरण द्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हुई थी। जमकर पत्थरबाजी के साथ साथ दुकानों, गाड़ियों में आग लगा दी गई थी। प्रशासन को यहां भड़के दंगे को लेकर कई दिनों इंटरनेट बंद करने पड़े थे, जबकि लंबे समय तक पांकी मुख्यालय और इससे सटे इलाके में धारा 144 लागू की गई थी।

### डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा को मिला वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाइन स्पेशलिस्ट अवार्ड-2023

**रांची :** रांची के सुप्रसिद्ध एक्यूपंक्चर एंड स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा को वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाइन स्पेशलिस्ट 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री ठाकुर रघुराज सिंह, फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा, अभिनेता अरबाज, मिस वेनेजुएला ने दिल्ली के हॉलीडे सभागार में प्रदान किया।डॉक्टर हाजरा स्पाइन एक्यूपंक्चर क्लीनिक ओल्ड एजी कॉलोनी के संचालक हैं। वे अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। साथ ही छात्र क्लब चिकित्सक मंच के वरीय संरक्षक भी हैं। डॉ. हाजरा सोमवार को रांची पहुंचे। उनका बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में स्वागत किया गया।

### सड़क दुर्घटना में 3 व्यक्ति की मौत, 6 घायल

**चरही (हजारीबाग) :** चरही थाना क्षेत्र के 14 माईल रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें तीन व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुर्घटना में छः लोग घायल हैं। मृतकों में दो महिला एवं एक पुरुष शामिल है। मृतक महिला का नाम फुलकी देवी उम्र लगभग 62 वर्ष बंधारी सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष तथा एक अन्य महिला के बारे जानकारी प्राप्त नही हो पाई। मृतक बंधारी सिंह निमाडीह का रहने वाला था जबकि अन्य लोग हरहद के बताए जा रहे थे। घायलों में एक महिला गंभीर रूप से घायल बताई जा रही थी जिसको इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया जबकि अन्य घायलों का इलाज चरही में करवाया गया।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

### 827 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र, जी गुरुजी एप्प किया लॉन्च

# जारी रहेगा नियुक्ति प्रक्रिया : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- सरकारी और निजी क्षेत्र में नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार देने का काम कर रही सरकार
- बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं
- जन भावनाओं को ध्यान में रखकर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही सरकार
- विकास को नया आयाम देने का हो रहा प्रयास
- हमारी सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय आज देश के लिए मिसाल बन गए
- राज्य की जनता को विकास की कड़ियों से जोड़ रहे हैं
- गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान, मजदूर, समेत हर वर्ग और तबके के लोगों को आगे बढ़ाने का मार्ग कर रहे प्रशस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। कई विभागों में नियुक्ति हो चुकी है तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इसी कड़ी मे आपके बीच नियुक्ति पत्र का वितरण हो रहा है। आपसे उम्मीद है कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रांची में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षित 827 शिक्षकों में से 24 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका**

**जन भावनाओं के अनुरूप काम कर रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन भावनाओं के अनुरूप पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। राज्य की जनता को विकास की कड़ियों से जोड़ा जा रहा है । गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान, मजदूर, समेत हर वर्ग और तबके के लोगों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।



**पहली बार नियुक्ति नियमावली के तहत हो रही नियुक्तियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन कभी नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी । इस वजह से पहले जो भी नियुक्तियां हुई, वह विवादों के घेरे में आती रही। मामला न्यायालयों में पहुंचा। इस वजह से नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही , साथ ही भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आई। हमारी सरकार ने पहली बार नियुक्ति नियमावली बनाकर विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ और इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं। यह इस बात का गवाह है कि जेपीएससी की परीक्षा में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गई और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ।

**हमारी सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जो आज देश के लिए मिसाल बन गए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं , जो देश के लिए मिसाल बन गए हैं। हम यहां के आदिवासी, दलितों, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को विदेश में पढ़ाई के लिए शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहे हैं। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों , विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन दे रहे हैं। ऐसे और भी कई निर्णय हैं , जो यहां के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

**सरकार जो कहती है वह करती है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है उसे निश्चित तौर पर पूरा करती है। मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है। लेकिन, इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है । यही वजह है कि हमारी सरकार से जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं भी काफी बढ़ रही है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियां के बीच राज्य को नई दिशा करने का काम कर रही है।

**पूर्वजों के सपनों को पूरा करने का प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमें अलग झारखंड राज्य मिला। लेकिन हमारे पूर्वजों ने राज्य के सर्वांगीण विकास का जो सपना देखा था, वह पिछले दो दशकों में पूरा नहीं हो सका। तमाम संसाधनों के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती रही । लोगों की उम्मीदें लगातार टूटती रहीं। लेकिन, हमारी सरकार पिछले 4 वर्षों से जिस तरह कार्य करती आ रही है, उससे विकास को एक नया आयाम मिल रहा है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी , मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा, एसपीडी निदेशक किरण पासी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्भ में पल रहे बच्चे को दुनिया में आने की मिली इजाजत

* सुप्रीम कोर्ट ने 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग करने वाली याचिका को किया खारिज



एजेंसी

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में एक महिला की तरफ से दायर 26 हफ्ते के गर्भ गिराने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग करने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दो बच्चों की मां को 26 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। क्योंकि भ्रूण स्वस्थ था और एम्स मेडिकल बोर्ड को बच्चे में कोई विसंगति नहीं मिली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि 24 सप्ताह से अधिक हो गई है,जो मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) की अनुमति की सीमा में नहीं आता है। इसलिए टर्मिनेशन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि भ्रूण 26 सप्ताह और 5 दिन का है और मां को तत्काल कोई खतरा नहीं है। इसमें कहा गया है कि भ्रूण में कोई विसंगति भी नहीं थी। पीठ ने कहा,गर्भावस्था की लंबाई 24 सप्ताह से अधिक हो गई है और यह लगभग 26 सप्ताह और 5 दिन की है। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति की अनुमति नहीं दी जा सकती है।वहीं, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने महिला के स्वास्थ्य जांच का आदेश दिया था। कोर्ट में पेश की गई एम्स की नई रिपोर्ट में बताया गया है कि गर्भ में पल रहा बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है, बच्चा किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त नहीं है।

**मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि 24 सप्ताह से अधिक हो गई है,जो मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) की अनुमति की सीमा में नहीं आता है। इसलिए टर्मिनेशन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि भ्रूण 26 सप्ताह और 5 दिन का है और मां को तत्काल कोई खतरा नहीं है।**

# पलामू : टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जिले की हरिहरगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी लोडेड कट्टा, एक 315 बोर की गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी और टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला है।छतरपुर थाने में एसडीपीओ अजय कुमार ने सोमवार को बताया कि इसी वर्ष मई-जून महीने में जेल से बाहर निकलने के बाद महेश्वर राम लगातार अपने क्षेत्र के सरकारी योजनाओं, इंट भट्ठे मालिक, क्रशर संचालक सहित अन्य से लेवी की मांग कर रहा था और दहशत फैलाए हुए था। इसकी सूचना मिलने पर टीम का गठन किया गया। तलाशी के क्रम में पुलिस मंगरदाहा ढोडा के पास पहुंची तो वहां पर सुनसान स्थान में एक मड़ई दिखाई दी। सर्तकता के साथ पुलिस पार्टी मड़ई की तरफ बड़ी तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मड़ई से निकलकर धान खेत की ओर भागने लगा। पुलिस बल की सहायता से दौड़ाकर उसे पकड़ लिया गया।पकड़ाए व्यक्ति से जब पूछताछ की गयी तो उसने अपनी पहचान टीएसपीएसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी के रूप में बताई। उसकी तलाशी ली गयी तो उसकी कमर के बाएं तरफ खोसा हुआ एक देशी लोडेड कट्टा एवं फुलपैंट के बाएं पैकेट से 315 बोर की एक जिंदा गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी तथा टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला।महेश्वर राम हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भॉवर गांव के टोला मंगरदाहा का निवासी है।


# धनबाद : अवैध खनन के दौरान धंसी चाल दो की मौत, दर्जनों के दबने की आशंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से बड़ा हादसा हो गया। घटना ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की है, जहां अवैध कोयला उत्खनन के दौरान चाल धंसने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दस से बारह लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बताया जाता है कि हादसा निरसा के ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापासारा आउटसोर्सिंग के बंद खदान में हुआ है। यहां पर सोमवार तड़के कुछ मजदूर अवैध खनन कर रहे थे। इसी दौरान खदान के पास स्थित गर्म खाद नाम के तालाब का सारा पानी आउटसोर्सिंग में समा गया। जिस कारण यह घटना घटी।घटना में जिन दो लोगों को मौत हुई है, उनकी पहचान एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के सियारकनाली निवासी यमुना राजवंशी (37) और केशरकूलर निवासी तापस दास (24) के रूप में हुई है। घटना के बाद आउटसोर्सिंग परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। गोपनीय रूप से प्रबंधन सूत्र के लोग आना-जाना कर रहे हैं। घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कोलियरी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी तत्काल इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि, घटनास्थल के समीप ईसीएल प्रबंधन की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर भराई का काम शुरू करवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन से जुड़े कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर रात एक दर्जन से अधिक लोग अवैध खनन करने के लिए कापासारा ओसीपी के मुहाने में प्रवेश कर गए। हाल के करीब चार माह से कोलियरी का उत्पादन तकनीकी एवं न्यायिक कारणों से बाधित है।

इधर ओसीपी प्रबंधन द्वारा जहां बेंच कटिंग कर उत्पादन किया गया था, जिसे 200-300 से अधिक कोयला तस्करों द्वारा खोलकर रख दिया गया है। इसी अवैध खदान में कोयला उत्पादन के दौरान यह घटना घटी है।



**घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कोलियरी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी तत्काल इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।**

# मां दुर्गा से प्रार्थना करूंगा कि बंगाल से अत्याचार खत्म हो : अमित शाह

एजेंसी

**कोलकाता** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अपने पश्चिम बंगाल दौरे के तहत कोलकाता में दुर्गा पूजा का उद्घाटन किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा. गृह मंत्री शाह ने कहा,मां दुर्गा से प्रार्थना करूंगा कि बंगाल से भ्रष्टाचार, अत्याचार खत्म हो.उन्होंने कहा कि वह बंगाल आते रहेंगे और राज्य में बदलाव के लिए लड़ते रहेंगे. अपने संबोधन के दौरान गृह मंत्री ने कहा, मैं कोई राजनीतिक बात करने नहीं आया हूं. मैं पश्चिम बंगाल में आऊंगा भी, राजनीति की बात भी करूंगा और यहां परिवर्तन करने के लिए पूरा जोर भी लगाऊंगा.उन्होंने कहा,जो राम मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है, जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन होने से पहले ही उत्तर कलकत्ता के पंडाल में राम मंदिर का उद्घाटन यहां पर कलकत्ता वालों ने कर दिया है.इसलिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूं और आज पंडाल में जाकर मां के सामने समग्र बंगाल की जनता के लिए, देश की जनता के लिए सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना भी करूंगा और बंगाल में से भ्रष्टाचार, अन्याय,अत्याचार जल्दी समाप्त हो, ऐसी शक्ति हम सबको मां दें, ऐसी प्रार्थना करूंगा.गृह मंत्री शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा,सबसे पहले समस्त पश्चिम बंगाल की जनता को मैं नवरात्रि की द्वितीय तिथि पर दुर्गा पूजा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देना चाहता हूं.मैं यही काम करने के लिए सुबह गुजरात से निकला और छत्तीसगढ़ होते हुए बंगाल आया हूं केवल और केवल मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने और जिन्होंने हमारे शास्त्रों की मानें तो ब्रह्मांड में हमेशा सद् शक्ति की रक्षा के लिए अनेक युद्ध करके रक्तबीज से लेकर शुंभ-निशुंभ तक अनेक आसुरी तत्वों का विनाश करने का काम किया है.



### इस्राइल-हमास संघर्ष में 4000 की मौत

**येरूशलम (एजेंसी):** इस्राइल पर हमास की ओर से हमला शुरू किए अब 10 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। इस हमले की वजह से इस्राइल में अब तक 1500 लोगों की जान जा चुकी है। दूसरी तरफ इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में मौतों का आंकड़ा अब 2500 के करीब पहुंच चुका है। यह स्थिति तब है, जब इस्राइल की ओर से गाजा पर सिर्फ हवाई हमले किए गए हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में
कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम
Dr. Ramesh Kumar MD, DNB Medical Oncology
Dr. Shibaji Basu MS, MCh Onco.Surgery
Dr.Biplab Mishra MBBS, DNB Radiation Oncology
Dr Vivek Dokania MS (ENT), Fellowship In Head & Neck Onco. Surgery.
दिन : सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 4 बजे तक
9297970030
Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

### पलामू के कलाकारों को उभारने की जरूरत : अरुणा शंकर

## पुलिन मित्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म सितमगर के प्रिमियर शो के मौके पर जुटे कई दिग्गज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के दिग्गज फिल्म निर्माता श्री पुलिन मित्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म सितमगर का प्रिमियर शो टाऊन हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम महापौर श्रीमती अरूणा शंकर, गढ़वा के दया शंकर गुप्ता, रांची से आए चित्रपट भारती के राकेश रमण, सरबरी मित्रा, मीडिया प्रभारी ( भूमिका फिल्मस) शर्मिला वर्मा, रिनू शर्मा , हमीद जी और डॉक्टर सुशील पांडे ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व महापौर ने कहा कि पलामू की धरती कलाकारों से भरी पड़ी है, उन्हें पहचानने और उभारने की जरूरत है। और यह काम पुलिन मित्रा जी बखूबी कर रहे हैं। राकेश रमण ने कहा कि पलामू की धरती पर इतनी खूबसूरती से फिल्मांकन हो सकता है यह आश्चर्यजनक है और हमारी उम्मीद से काफी ऊपर है। पुलिन मित्रा ने आगे भी पलामू वासियों से यह वादा किया है कि वे फिल्म निर्माण की दिशा में सदैव सक्रिय रहेंगे और पलामू के कलाकारों को प्लेटफार्म देंगे। ताकि इनकी प्रतिभा दूर दूर तक के लोगों के पास जाए और बाहर के फिल्मकार भी यहां के कलाकारों को अपनी फिल्मों में ऑफर दें। सीमित संसाधनों में बनी इतनी अच्छी फिल्म देखकर दर्शक वर्ग भी काफी खुश और संतुष्ट दिखा। इस मौके पर इस फिल्म के लगभग तमाम कलाकार मौजूद थे। मुख्य अभिनेता कमलरंजीत, बलराम झा, अब्दुल हमीद, उमाशंकर मिश्रा, प्रसिद्ध राम, अनिल चौधरी, सुधीर मिश्रा, प्रकाश ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, गौतम घोष, प्रियंका, रिनू शर्मा, शर्मिला वर्मा, प्रदीप सिन्हा,आदि वहां मौजूद थे। मुंबई के कलाकार युगांत पांडे, अभिनेत्री रागिनी चौरसिया, और दिल्ली के विलेन मनोज पंडित इस कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण नहीं आ सके । मेकअप मैन तारक चौधरी और प्रोडक्शन मैनेजर सरबरी मित्रा भी इस खास मौके पर मौजूद थीं। दर्शकों में अविनाश देव, हरिवंश प्रभात, रमेश जी, मनीष मिश्रा, विनोद पांडे, सैकत चटर्जी, राम श्याम, सूरज मिश्रा, धीरज मिश्रा, अमिताभ मिश्रा, पवन सिन्हा, विवेक वर्मा, स्वर्णलता खास आदि तौर पर उपस्थित थे। लगभग सभी लोगों ने पूरी फिल्म देखी और अपनी राय दी।

## नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरा माटी मेरा देश के तहत हुए कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा के द्वारा प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता, शिक्षक दिलीप गुप्ता और अनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र केतार प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक रंजना सिंह ने कहा की आजादी के अमृत महोत्सव को हमलोगों ने धूमधाम से मनाया है। अमृत महोत्सव के अंतिम कार्यक्रम के रूप में हमारे देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर, वीरांगनाओं के बलिदान को सम्मान देने के लिए मेरी माटी, मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई हैं। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता ने कहा की गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है। उन्होंने कहा की प्रखंड के प्रत्येक गांव से मिट्टी संग्रह कर प्रखंड स्तर पर संग्रह कर दिल्ली भेजा गया, जो हम-सब के लिए गर्व की बात है। मौके पर प्रखंड स्वयंसेवक दिलीप पासवान, प्रियरंजना कुमारी, बबिता कुमारी, शिक्षक सोनू सिंह, गौतम पाल, राहुल कुमार, प्रतिमा कच्छप, जिकेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पिपरा में श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा का हुआ शुभारंभ



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरा गांव में 15 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर तक चलनेवाले श्रीमद्भागवत सासाहिक कथा का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक आचार्य श्री ईश्वरी दयाल जी महाराज ने कहा कि जन्म - जन्मांतर एवं युग -युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब ऐसा अनुष्ठान होता है। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों युगों से मानव जाति तक पहुंचाता रहा है। भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के अमृतपान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। मौके पर मुख्य आयोजनकर्ता सेवानिवृत्त कर्मचारी जगनारायण पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, शिवनारायण पाण्डेय, भीष्म देव नारायण सिंह, अरविंद पाण्डेय, राघव पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, पारसनाथ सिंह, रामपूजन पासवान, विनोद पासवान, संजय ठाकुर, अनुज सिंह, मदन ठाकुर, ब्रजमोहन पाण्डेय, रामकेवल राम, परीखा पासवान, दीपक कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने कथा का श्रवण किया।

## कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर पथ निर्माण में हुई अनियमितत पर कार्रवाई करने की मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर सब्जी बाजार में बने पथ में हुई अनियमितता के कारण पथ टूटने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि सब्जी बाजार में कुछ माह पहले सड़क का निर्माण हुआ है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किये जाने के कारण सड़क जहां तहां टूटने लगा है.लगभग 52 लाख की लागत से बना सड़क 52 दिन भी ठीक नही रहा। इस सड़क पर गाड़ियों का आवागमन होते रहता है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण गाड़ी पलटने की सम्भावना बनी रहती है। मांग करने वालों में रवि प्रकाश उर्फ बबलू, मंटू जायसवाल, राजकुमार, मनीष कुमार, विनोद कुमार, आनंद कुमार, नीरज गुप्ता, मनोज सोनी, विनोद प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, शमशेर सिद्दीकी, करमचंद मेहता, धीरज कुमार गुप्ता, ललन साव, अहमद खान, राजन कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य के नाम शामिल है।

## नवाह्न पारायण पाठ का 53 वां अधिवेशन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** दुर्गा पूजा को लेकर चैनपुर बाजार प्रांगण में आयोजित श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ का 53 वां अधिवेशन की शुरुआत रविवार की संध्या उद्घाटन के साथ कर दी गई है।यज्ञ परिसर में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता की प्रतिमा स्थापित कर राजदरबार लगाया गया है। लोगों ने सर्वप्रथम भगवान के पूजा पाठ के बाद मानस पाठ का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपस्थित स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे, इंदर सिंह नामधारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, ज्योति पांडेय, लवली गुप्ता, आशीष भारद्वाज, ट्विंकल गुप्ता, डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ प्रवचन का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जिस प्रकार श्री रामचंद्र भगवान समाज को जोड़ने का काम किए हैं। उसी प्रकार हम लोगों को उनके चरित्र का अनुकरण करते हुए समाज के साथ मिलजुल कर कार्य करना चाहिए। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि राम चरित मानस पाठ का मुख्य उद्देश्य है कि श्री राम चरित का अनुकरण कर अपने जीवन में उतारना। जिस प्रकार वे अपने माता पिता की आज्ञा का अनुकरण अनुपालन किए उसी प्रकार हम लोगों को भी अनुकरण करने की जरूरत है। थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे ने कहा कि यज्ञ से शांति सुख समृद्धि का आगमन के साथ साथ वातावरण भी शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि पवित्रता के साथ इस यज्ञ को सफल बनाएं।डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने कहा कि राम चरित मानस के पूर्व में जो चरित है वह प्रभु राम का चरित है, इसे सही तरीके से अनुकरण करने की जरूरत है। मौके पर बीडीओ गिरिवर मिंज, प्रमुख गायत्री देवी, रूपेश कुमार, अजय पांडे, आनंद कुमार, वेद प्रकाश आर्य, उमेश गुप्ता, अविनाश कुमार, राजन गुप्ता, दिनेश कमलापुरी शामिल थे।

## केतार प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में वन समिति का गठन हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ के निर्देश पर 16 अक्टूबर सोमवार को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम स्तर पर वन समिति के गठन के लिए मुकुंदपुर पंचायत के मुकुन्दपुर, सिंहपुर, ताली, बक्सीपुर, और बेलाबार गांव में आमसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा नोडल पदाधिकारी रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, कनीय अभियंता आनंद कुमार, अंचल सहायक रिजवान अंसारी, मुखिया मूंगा साह की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर ताली गांव में वन समिति के लिए सुदीप कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, राम केवल गुप्ता को सचिव, कंचन देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सिंहपुर गांव में अशोक राम को अध्यक्ष, शिववरण साह को सचिव, रिंकी देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि बेलाबार गांव में जमीला बीबी को अध्यक्ष, शमीम अंसारी को सचिव,अवधेश सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। क्सीपुर गांव में शांतुन साह को अध्यक्ष,मीना देवी को सचिव, सुरेश साह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि मुकुन्दपुर गांव में सुदामा सिंह को अध्यक्ष, विष्णुदेव सिंह को सचिव और अंगद कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष ग्राम सभा द्वारा सर्व समिति से सफलतापूर्वक बनाया गया है। ज्ञात हो की प्रखंड क्षेत्र के 27 गांव में 16 अक्टूबर के दिन ही वन समिति का गठन किया जाना था जिसमें लगभग सभी जगह ग्राम सभा का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है खबर लिखे जाने तक कुछ जगहों का संपूर्ण रिपोर्ट लंबित है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को किया है जब्त



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी कर रविवार की रात्रि में बारोडीह गांव के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर धुरकी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लेकर बंशीधर नगर जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में रखा गया है। उन्हें बताया कि अंचलाधिकारी के द्वारा खनन विभाग को उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सगमा और बंशीधर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो के नदियों से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन कर बंशीधर नगर के बाजारों में ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। सरकार को प्रतिदिन हजारों रुपए का राजस्व का नुकसान बालू माफियाओं के द्वारा पहुंचाया जा रहा है। हालांकि पुलिस कि इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## दिवंगत सहायक अध्यापक के श्राद्धकर्म में शिक्षक परिवार हुए शामिल, किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** पिपरा प्रखंड के विश्रामपुर पिठौरा संकुल अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिठारी के सहायक अध्यापक स्वर्गीय अशोक कुमार पाठक जी के श्राद्ध कार्यक्रम में सहायक अध्यापक के प्रखंड अध्यक्ष सिद्धि कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षक परिवार उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष सिद्धि कुमार सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष उदय राम के सफल सहयोग के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश कुमार, एकाउंटेंट रंजन भारती सहित 17 सरकारी शिक्षक व सहायक अध्यापकों ने दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को 66300 रूपये नकद आर्थिक सहयोग किया। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में दलपतपुर के सहायक अध्यापक विनय कुमार सिंह एवं विश्रामपुर पिठौरा संकुल के सरकारी शिक्षक सुनील कुमार उपाध्याय, राहुल कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, संकुल अध्यक्ष अरुण तिवारी, नवल किशोर यादव, रामकरेश पासवान, रामभजन राम, अर्जुन पाल, संतोष कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार पाठक, पंकज कुमार सिंह, बृज बिहारी तिवारी, कामेश्वर मेहता, सुधीर तिवारी, उदल शर्मा, प्रवीण कुमार तिवारी, प्रभात कुमार रौशन, सिद्धि कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष उदय राम के साथ सरैया पंचायत के समाजसेवी विकास तिवारी आदि का नाम शामिल है।

## कृष्ण लीला का दृश्य देखकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ में शारदीय नवरात्र के पहले दिन डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रामगढ़ प्रखंड के ग्राम माधवखाड़ में वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा श्री कृष्ण लीला का आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया इस इस मौके पर पूजा कमेटी के सदस्यों ने विधायक को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चौरसिया ने कहा कि भक्ति से ही शक्ति मिलती है उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र पर मां भगवती की कृपा हमेशा बरसती रहे उनकी कामना करता हूं साथ ही इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए हर संभव सहयोग को तत्पर हैं उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र हिंदुओं का पावन पवित्र पर्व है इसमें काफी शुद्धता के साथ भक्त मां देवी की अर्धना करते हैं मां के अर्धना से गांव घर व समाज में सुख शांति व समृद्धि आती है इसके साथ ही समाज में फैले विध्यर्ष भी समाप्त होता है ,मौके रामगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम ने कहा कि इस तरह हमारे माधवखाड़ के नवयुवक संघ के द्वारा जो हर साल की भाती वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम जो होता है इससे समाज में एक जुटता का परिचय दिखाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर माधवखाड़ के नवयुवक संघ के अध्यक्ष, दीपक यादव, कोषाध्यक्ष, विनोद यादव, उपाध्यक्ष, दीनानाथ यादव, नागेंद्र यादव, रामजीवन यादव, ज्ञानगंज चौरसिया, अमलेश चौरसिया, दिनेश यादव, पंकज जयसवाल सहित सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत गाड़ी को पुलिस ने किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के खेंद्रा गांव निवासी अज़ीम अंसारी पिता रजाक मियां को सोमवार की शाम में डाल्टेनगंज से जपला की ओर जा रही एक कार ने इसी गांव के ढलान में अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास के लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी लठेया पीकेट प्रभारी वरुण कुमार को दी गई उन्होंने बिना कोई देरी किए हुए गाड़ी का पीछा कर उसे धर दबोचा। आपको बताते चले की डाल्टनगंज तरफ से छतरपुर को होते हुए वैगन आर गाड़ी जिसकी रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 01 DY 2942 है हुसैनाबाद की तरफ जा रही थी इसी दौरान यह घटना घटी। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने छतरपुर हुसैनाबाद मुख्य पथ को जाम कर दिया। मौके पर छतरपुर पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा दोषियों पर कार्रवाई एवं मृतक के आश्रितों को सरकारी लाभ पहुंचने के दिशा में मदद की आश्वासन के साथ लोगों को समझा बूझकर जाम को हटाया तथा आवागमन चालू किया गया।

## लाखो की लागत से लगाया गया जल मीनार नगर प्रशासन को दिखा रहा है लाखों, ठेंगा



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाखो रुपये की लागत से बना जल मीनार ग्रामीणों के लिए हाथी दांत बन चुका है। नगर प्रशासन व पदाधिकारियो को ठेगा दिखा रहा है। सरकार लोगो की मूल भुत सुविधाएं कपड़ा पानी और मकान उपलब्ध कराने को तत्पर है। लेकिन भ्रष्टचार में लिप्त पदाधिकारियो व संवेदकों के मिलीभगत से सरकारी योजनाए दम तोड़ती जा रही है।मामला नगर पंचायत क्षेत्र श्री बंशीधर नगर के वार्ड 6 के मुख्य पथ भवनाथपुर पर स्थित ब्लॉक मोड़ पर लगाया गया जल मीनार का है। लगभग छः महीने पहले छः लाख नवासी हजार रुपये की लागत से वार्ड 6 के ब्लॉक मोड़ पर ग्रामीणों को शुद्ध पानी की आपूर्ति के लिए जल मीनार नगर पंचायत की तरफ से लगवाया गया था। लेकिन जल मीनार गरीब ग्रामीणों के लिए लोहे का ढांचा मात्र बन कर रह गया है। ग्रामीण जुगेश उरांव,अनिल चंद्रवंसी, उदय उरांव, बलराम उरांव, बबलू, अरुण उरांव, महेंद्र ठाकुर, सिराजुदीन अंसारी, छोटू उरांव, विजय उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार लगने के मात्र एक से डेढ़ महीने ही चला उसके बाद से बंद हो गया।फिर इसकी सुधि लेने वाला कोई नही है।जब कि जल मीनार लगवाने वाली संस्था की जल मीनार लगवाने के बाद पांच वर्ष तक मेंटेनेंस की जिम्मेवारी होती है।इधर नगर प्रशासन द्वारा बनवाने की बात तो किया जाता है, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी जल मीनार पुनः चल नही पाया।जब कि संवेदक जलमीनार को बनवाने से सीधे-सीधे मना कर देता है। इस संबंध में नगर प्रबंधक रवि कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस बाबत मेरे पास कोई शिकायत नही आया है। आपके द्वारा सूचना मिला है तो उस जल मीनार को जल्द - जल्द से बनवा दिया जाएगा।

## दुकानदारों ने अपने निजी खर्च से सड़क में बने गड्ढे को भरवाया



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संबदाता):** बी मोड़ से विश्रामपुर मुख्य मार्ग पर डोभानुमा गड्ढे को दो दुकानदार मिलकर अपने सहयोग से भरवा दिया है। बी मोड़ से विश्रामपुर मुख्य मार्ग में माल बी मोड़ के निकट सड़क में डोभा का आकार बड़ा और गहरा हो गया था। गड्ढे में पानी और कीचड़ भर जाने के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। दुकानदार मयंक पाण्डेय ने बताया की गड्ढा बड़ा था और गाड़ी चलाने वालों को परेशानी होती थी गड्ढा में पानी भर जाने पर गड्ढा पत्ता भी नई चलता था जिसके चलते बाइक सवार गिर भी जाते थे, आज हम सभी मिलकर गड्ढे को भरवाने का फैसला किया जिसमे नित्यानंद तिवारी, नागेंद्र कुमार, लवकुश गुप्ता ने साथ दिया।

## केतार थाना प्रभारी के प्रयास से वर्षो से खड़ा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटाया गया



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के प्रयास से केतार भगवान घाटी के पास वर्षो से पडा दुर्घटना घटित ट्रक वाहन रोड के किनारे खड़ा था। जिस से आवागमन करने वाले वाहन एवं राहगीरों को घटना घटने की संभावना हमेशा बना रहता था। जिसे केतार थाना पुलिस बल द्वारा हाइड्रा मशीन लगा कर भगवान घाटी से हटाया गया और दूर सुरक्षार्थ रखा गया। इस कार्य को लेकर उक्त थाना प्रभारी सहित केतार पुलिस बल को सराहनीय कार्य बताया जा रहा है।


## दबंगो की दबंगई से परेशान है ग्रामीण, जेसीबी लगवाकर ग्रामीणों का रास्ता खुदवा कर करा दिया बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला को जोड़ने वाला सरकारी बांध पर बना पथ उसी गावँ के दबंग ओमपिताम्बर गुप्ता ने जेसीबी से खुदवा कर रविवार को बंद कर दिया है।जब इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली तो सांडो के सभी ग्रामीण बच्चो समेत खुदे हुए रास्ते को पुनः भरने के लिए पहुच गए।बड़ी संख्या में ग्रामीणों को आते देख उक्त दबंग भाग खड़ा हुआ।जब कि ग्रामीणों ने बताया कि सांडो से निकला यह बांध कोल्हुआ ग्राम के बूढ़ा-बूढ़ी तक जा कर मुख्य पथ में जुड़ जाता है।ग्रामीणों ने बताया कि ओम पीताम्बर गुप्ता अपनी दबंगई दिखाते हुए आये दिन रास्ते को कटवाना, कांटा घोरवा देना कार्य करता रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि ओम पीताम्बर गुप्ता दुष्ट प्रबृत्ति का है। उसका मुख्य कार्य ही किसी न किसी से लड़ाई झगडा ही करता रहता है।उसके ऊपर हत्या का प्रयास जैसा मुकदमा भी चला है। वह किसी पर भी हमले कि ताक में रहता है। हमेशा गावँ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में अंचल पदाधिकारी व नगर उंटारी थाना में आवेदन देकर इस मामले में न्यायोचित करवाई करने का अनुरोध किया है।ग्रामीणों ने थाना को दिए गए आवेदन में साफ तौर पर लिखा है कि दबंग ओम पीताम्बर गुप्ता विरोध करने पर सभी को जान से मारने की धमकी देता है। आवेदन मौके पर लल्लू राम, शंकर राम, राजेन्द्र राम, श्रीराम पासवान, भरदुल राम, बसंत राम, कामेश्वर राम, धीरेन्द्र गुप्ता, दशरथ राम, मनीष पासवान, संतोष पासवान, धर्मेन्द्र पासवान, दिलीप कुमार, नीतीश कुमार, मनोज कुमार, देव् कुमार, विशेश्वर कुमार, शत्रुघन कुमार, मीणा देवी, जावित्री देवी, प्रभा देवी, रानी देवी, घमसनिया देवी, गीता देवी, गुड्डी देवी, नेहा देवी, संजू देवी, नगीना पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ श्रवण राम का किया गया विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके क्रिया कलापो को सराहते हुए भीनी-भीनी आंखों से सभी ने विदाई दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि बीडीओ साहब अपने कर्मियों के साथ बड़ा लगाव था। बड़े से बड़े मामले को चुटकियो में निपटा देते थे।इनके रहते सभी लोग निश्चिंत हो कर कार्य करते थे। सभी ने कहा कि हमे खुशी है कि सर प्रमोशन हो कर जा रहे है। हम सभी की शुभकानाएं सर के साथ है। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रवण राम भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यहां के कर्मियों ने मेरा बहुत साथ दिया है। आपके सहयोग से ही अच्छे ढंग कार्य कर पाए। मुझे कभी किसी भी प्रकार का कोई परेशानी नही हुआ। मेरे कर्मी मेरे छोटे भाई-बहन की तरह थे। मेरे बुरे समय मे भी यहां के लोगो ने मेरा काफी सहयोग किया। मेरे जीवन के कार्यकाल में नगर उंटारी प्रखंड में मेरा कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है। समारोह में जिप सदस्य बाला रानी, बीस सूत्री शैलेश चौबे, बीपीओ राजदीप कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अशोक कुमार, प्रधान लिपिक अनिल सिंह, पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, नंद कुमार मेहता, प्रशांत कुमार, प्रखंड कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड कोर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, मुखिया रेखा देवी, उषा देवी, जन सेवक विकास जैसवाल, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, विक्रम कुमार, साधना कुमारी मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान, वीरेंद्र प्रसाद, भगवान राम, सुरेश भंडारी, राज कुमार राम, सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

### संक्षिप्त खबरें

## देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता में डीएवी हेहल के छात्रों ने अपना सिक्का जमाया

**रांची** । वाईबीएन स्कूल, सेक्टर-ढ्ढ्ढ,धुर्वा,राँची में भारत को जानो (भारत विकास परिषद) द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इस आयोजन में राज्य के सात चुने हुए विद्यालयों के प्रतिभगियों ने भाग लिया।जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, राँची के विद्यार्थियों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने आज सभी प्रतिभागियों को प्रार्थना सभा में प्रमाण-पत्र,मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने अपनी गायन प्रतिभा से विद्यालय का नाम रौशन किया।डीएवी परिवार एवं मेरी ओर से सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने अन्य विजेता प्रतिभागियों को भी बधाई संदेश सम्प्रेषित किया साथ ही विद्यालय के संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की ओर उन्हें भी बधाई दी।

## झारखंड फूड फेस्टिवल ने स्टॉल लगाया

**रांची** । पुराने विधानसभा स्थित मैदान में झारखंड फूड फेस्टिवल में समेकित बाल विकास परियोजना रांची ने अपना स्टॉल लगाया । इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान एवं सब्जियों को प्रदर्शित करते हुए पोषण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली लाभ से संबंधित पोस्टर लगा कर जन जागरूकता लाने हेतु स्टॉल में आने वाले लोगो को बताया गया। इसमे मुख्य रूप से रांची सीडीपीओ आराधना सिंह, पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी दास, सेविका शाहीन इकबाल,खुशबू,परवीन,मारिया बाड़ा, सरिता कुजूर सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।



# तीन ट्रक गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 11 अक्टूबर 2023 को डीजीपी अजय सिंह ने राज्य के सभी एसएसपी, एसपी को सख्त निर्देश देते हुए कहा था कि पर्व त्यौहार को लेकर विधि व्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएं और प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं की तस्करी पर रोक लगाए। सभी डीएसपी, थानेदार को अलर्ट करें। इसी के बाद 14 -15 अक्टूबर को देर रात नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह चौक के पास प्रतिबंधित पशुओं का चमड़ा लदा ट्रक जेएच19ए1327 को जब्त कर लिया। वहीं चालक मो कलाम इमली चौक के रहने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली से कोलकाता जा रहा था। पुलिस अब मालिक की खोजबीन में जुट गई है। वहीं 16 अक्टूबर को कांके थाना क्षेत्र के हुसीर गांव में प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने पकड़। पुलिस ने बताया कि तीन ट्रक में 53 गोवंशीय पशु जिसमें चार काड़ा भी था सभी जब्त कर लिया और ग्रामीणों के बीच बांटने की तैयारियां हो रही है। इसमें दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना था कि बड़े पैमाने पर गोवंशीय पशुओं का व्यापार फल फूल रहा है। ये सब लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली, गुदरी जाता है। पशु तस्करों का सांठगांठ पुलिस से रहती है तभी ये लोग सीनाजोरी करके दबंगई के साथ काम कर रहे हैं।ये लोग भी बच जाते यदि हम स्थानीय लोग नहीं पकड़ते और पुलिस को नहीं बुलाते तो। थाना प्रभारी ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ी गई है इससे जो भी जुड़े हैं सभी पर एफआईआर दर्ज होगी। इन वाहनों से मवेशी ले जाया जा रहा था जेएच01सीजेड 9201,डीवाई 1928,बीए0757 इस पर एफआईआर दर्ज हो गया है।

# भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त सेवा निवृत आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने सभी को पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है, इसलिए देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने के लिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों की योग्यता और कार्यक्षमता का पार्टी को लाभ मिलेगा। इनके सेवा के क्षेत्र बदले हैं, लेकिन जिम्मेदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, आदिवासी, दलित सभी का बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। आज स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, हवाई रेल कनेक्टिविटी, सड़क हाईवे के क्षेत्र में गुणात्मक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री एवं झारखंड में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लें। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक केवल गरीबी हटाव का नारा दिया, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गांव-गरीब की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। देश में गरीबी रेखा से लोग ऊपर आ रहे हैं। प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी का अधिवक्ता होता है जो समाज में पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों की समाज में वकालत करता है।

## गोंदा थाना प्रभारी ने चलाया बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गोंदा थाना राँची परिसर में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रवि ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शपथ सभी पुलिस कर्मी को दिलवाया गया। सभी से कहा कि अपने क्षेत्रों में बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे।

इस कार्यक्रम को सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन राँची के सहयोग से किया गया।इसमें पुलिस कर्मी,मीडिया और एनजीओ के लोग शामिल हुए।

## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव जैसे चल रहे उत्सवों में रंग जोड़ते हुए, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सदस्यों के लिए एक नवरात्रि डांडिया का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन के स्वागत और समिति के वरिष्ठ सदस्यों, समिति के सदस्यों और सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। बाद में सदस्यों ने देवी दुर्गा की पारंपरिक पूजा और प्रार्थना में भाग लिया।इस अवसर पर जैन ने सभी सदस्यों को आगामी पूजा उत्सवों के लिए शुभकामनाएं और समृद्धि की शुभकामनाएं दीं, जिसके बाद डांडिया नाइट नृत्य कार्यक्रम हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले कुछ नहीं कर सकता, समूह प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने महिला क्लब की गतिविधियों को मजबूत करने और समाज के लाभ के लिए नए विचारों, सुझावों और नई पहलों के साथ आगे आने के लिए सदस्यों से सलाह मांगी। सदस्यों को उनके पारंपरिक रंगीन परिधान में देखा गया, उन्होंने उत्सव के मूड का आनंद लिया और समूह डांडिया नृत्य खेला। कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए तोरण बनाओ प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं खेलों का आयोजन किया गया। संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, पूर्णिमा श्रीखंडे, मनसा वर्मा, दीपा एवं परमेश्वरी एवं सदस्य भी उपस्थित थे।




## सर सैयद अहमद खान ने शिक्षा के महत्व को बताया : सरफे आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के जाने-माने समाजसेवी और चिंतक सरफे आलम शिक्षाविद् सर सैयद अहमद खान की जयंती पर अपने विचारों को रखते हुए कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने में दो व्यक्तियों का योगदान अहम रहा है, जिसे भूलाया नहीं जा सकता है। सर सैयद अहमद खान और देश के स्वतंत्रता सेनानी सह प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद । सर सैयद अहमद खान जिन्होंने देखा कि मुस्लिम समाज शिक्षा के क्षेत्र में अन्य समाज से काफी पीछे हैं , तो इन्होंने मुसलमान के बीच धार्मिक, शिक्षा के साथ पश्चिमी शिक्षा अर्थात आधुनिक शिक्षा के माध्यम से मुसलमानों को आधुनिक समाज में ला खड़ा किया। सर सैयद 19वीं सदी के प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने आधुनिक भारतीय इतिहास को एक आकार दिया और आजीवन लोकतांत्रिक आदर्श और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर रहे । 17 अक्टूबर 1817 को उनका जन्म हुआ था और इनके जन्मदिवस के अवसर पर ही पूरा देश सर सैयद डे के रूप में मनाती है। सर सैयद अहमद खान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना करें, मुसलमान को आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से शिक्षित किया। शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें सर की उपाधि से सुशोभित किया गया। आज 17 अक्टूबर को हम उनके जन्म दिवस पर खिराज ए अकीदत पेश करते हैं।

## महिलाओं को रोजगार से जोड़ना फाउंडेशन का उद्देश्य : मुनारिक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दिव्यांग चौक टैगोर हिल रोड मोराबादी रांची में बेस्ट वे हेल्प फाऊंडेशन का उद्घाटन फाउंडेशन के निर्देशक मुनारिक साहू, सुनील साहू, सादिक दुर्रानी, राजेंद्र प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के मौके पर फाउंडेशन के निदेशक और दर्जनों संस्था के संरक्षक मुनारिक साहू ने कहा कि भारत अपने इतिहास और संस्कृति की वजह से पूरे विश्व में एक विशेष स्थान रखता है। हमारा यह देश सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य शक्ति आदि में विश्व के बेहतरीन देशों में शामिल है।कोई समाज कितना मजबूत हो सकता है, इसका अंदाजा इस बात से इसलिए लगाया जा सकता है क्योंकि स्त्रियाँ किसी भी समाज की आधी आबादी हैं। बिना इन्हें साथ लिए कोई भी समाज अपनी संपूर्णता में बेहतर नहीं कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर कार्य करना है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना, उनके द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट सामान को उचित मूल्य पर बाजार में बेचना, और महिला को लाभान्वित करना है। मुनरिक साहू ने कहा कि माइक्रो फाइनेंस से हम 5 हजार से लेकर 50 हजार तक फंड व्यवस्था करा कर महिलाओं को देंगे। और वह भी कम से कम इंटरेस्ट पर होगा। वहीं फाउंडेशन के निदेशक सुनील साहू ने कहा के हम लोग गांव के महिलाओं को सशक्त बनाएंगे। प्रोजेक्ट निदेशक राजेंद्र प्रसाद महतो ने कहा के फाउंडेशन के काम को बढ़ाना है। मौके पर बेस्ट वे हेल्प फाउंडेशन के निदेशक मुनारिक साहू, सुनील साहू ,सादिक दुर्रानी ,संदीप साहू ,संजीव मिश्रा ,चंदा परवीन ,राजेंद्र प्रसाद महतो, दीपक कुमार झा, आर.पी अग्रवाल अशरफ खान, अलीमुद्दीन खान, प्रयाग प्रसाद, जगदीश साव, प्रकाश सोनी, मुन्नी मुंडा, रीता पासवान, रघु वेदिया, शिवचरण वेदिया, सुरेश मंडा, रमेश ठाकुर, आनंद रोशन, नागेश्वर तुरी आदि उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधीश ने बैंक ऑफ इंडिया हाई कोर्ट शाखा का का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया झारखंड उच्च न्यायालय शाखा के नए परिसर का उद्घाटन न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र, माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय के कर-कमलों द्वारा तथा संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, राँची अंचल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पारस हस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर और शार्प साईट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कैंप के माध्यम से वैयक्तित ऋण (पर्सनल लोन), वाहन ऋण, आवास ऋण, कारोबार संबंधी ऋण के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड, जीवन बीमा और स्वस्थ्य बीमा के बारे में भी जानकारी दी गई। नए शाखा परिसर के उद्घाटन समारोह में न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायमूर्ति डॉ. एस एन पाठक, न्यायमूर्ति राजेश शंकर, न्यायमूर्ति अनुभा रावत, न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी और न्यायमूर्ति प्रदीप श्रीवास्तव, बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक (व) सुनीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक रवि नंदन, लीना तिर्की, झारखंड हाई कोर्ट शाखा के मुख्य प्रबंधक लाल त्रिलोचन नाथ सहदेव, श्यामली शाखा के मुख्य प्रबंधक बृज मोहन सन्यासी, संसाधन संग्रहण विभाग प्रमुख अजय कुमार पांडेय, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी अरुण जॉन प्राबल, संतोषी एमी केरकेट्टा, आंचलिक विपणन टीम समेत बैंक व उच्च न्यायलय के स्टाफ और ग्राहक उपस्थित थे।



## टीबीजेड दी ओरिजिनल अपने ग्राहकों के लिए 50 प्रतिशत छूट लेकर आयी है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इस नवरात्र में एसी मार्केट चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित टीबीजेड दी ओरिजिनल की ओर से संवाददाता सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें कई बेहतरीन ऑफर ग्राहकों के लिए लाए गए हैं।

जिसमें सोने के आभूषणों की बनवाई पर फ्लैट पचास प्रतिशत की छूट दी जा रही है और हीरे के आभूषणों पर कोई बनवाई नहीं ली जा रही है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए, स्टोर प्रबंधक ने बताया की इस वर्ष खास नवरात्र और धनतेरस को देखते हुए विशेष सोने के एंटीक, टेंपल और कई खास आभूषण लाए गए हैं, जो रांची वासियों को काफी पसंद आयेंगे। इस मौके पर फेंचाइजी ऑनर संजय राजगढ़िया, संचित राजगढ़िया, स्टोर मैनेजर निधि शरण और मार्केटिंग मैनेजर रवि सिन्हा उपस्थित थे।

## अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी, 5 गिरफ्तार

**रांची** : उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को रांची जिले के चार थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने कोतवाली थाना के गाड़ीखाना, चुटिया थाना के सिरमटोली, नामकुम थाना के सामलोंग और एयरपोर्ट थाना के हेथु में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 1200 किलो जावा महुआ, 197 लीटर अवैध महुआ शराब और एक स्कूटी बरामद की गई है। टीम ने अवैध रूप में शराब बेचने के मामले में भरत महतो, उमेश कुमार, बसंत तिर्की, जॉनसन लकड़ा और जार्ज नामक लोगों को गिरफ्तार किया है।

## शुभ संस्कार क्रिएटिव डांस अकादमी ने विद्यार्थियों को दिया नृत्य संगीत का निःशुल्क प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुभ संस्कार क्रिएटिव डांस अकादमी विद्यार्थियों को नृत्य संगीत का प्रशिक्षण देने के साथ साथ उनमें भारतीय सांस्कृतिक जीवन मूल्यों को प्रति गौरव बोध भरने का प्रयास कर रहा है। झारखंड की साधनहीन बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देते हुए उन्हें राष्ट्रीय कला मंच पर स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। संस्कृत, हिंदी, भोजपुरी, नागपुरी भाषाओं की कालजयी कृत्यों को कथक नृत्य के माध्यम से देश विदेश में प्रस्तुत करने वाले हमारे कार्यक्रमों को अपार सफलता मिली है। अकादमी का वार्षिकोत्सव तेजस्विता 2023 मयूरी प्रेक्षागृह (सीएमपीडीआई) में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन राम थे। कार्यक्रम में रांची के अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे जिनमे मनोज कौशिक आइजी झारखण्ड पुलिस, डीन लाल डीआईजी झारखंड पुलिस उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छोटे बच्चों के गणेश वंदना की प्रस्तुति से हुई। जिसी बाद निदेशक सी शालीना ने अपने विद्यार्थियों के साथ महिषासुर मर्दिनी की प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा। इसके बाद बच्चों ने नृत्य की उत्पत्ति की प्रस्तुति दी।

इसमें सुमोना, जिनिशा, क्रिस्टीना, प्रज्ञा, मत्स्या, शांभवी, राधिका, प्रत्युषा,संतोषी ने कथक नृत्य के सृजन को दर्शाया। छात्रों ने भिन्न भिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य की प्रस्तुति दी और वसुधैव कुटुंबकम् की मनमोहक प्रस्तुति से सभी अतिथियों को मनोरंजित किया।



## युवा दस्ता के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे डीसी, डीआईजी व एसएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रेस क्लब राँची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी राँची अनूप बिरथरे , उपायुक्त राँची राहुल कुमार सिन्हा , एसएसपी राँची चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राँची राज कुमार मेहता एवं वशिष्ठ अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे । सभी अतिथियों का भव्य स्वागत मुन्ना बड़ाईक,राकेश सिंह,सुमित साहू, शाहिल कुमार ने चुनढ़ी ओढाकर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन पीयूष आनंद ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन मदन साहू ने दिया। प्रशिक्षण शिविर में दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी छेत्रिय प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में होने वाले कठिनाइयों की जानकारी बैठक में सभी लोगो के समक्ष रखी जिसमे मुख्य रूप से यातायात एवं बिजली व्यवस्था के कारण होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया ।

प्रशिक्षण शिविर में डीआईजी राँची ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेंगे एवं प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे। उपायुक्त राँची ने कहा कि पिछले वर्ष भी युवा दस्ता ने पूजा महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और हम आशा करते है कि इस वर्ष युवा दस्ता का सहयोग मिलेगा और हमलोग मिलकर मोहतस्सव को सफल बनाएंगे। बैठक में एसएसपी राँची ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पुलिस प्रशासन के आँख और कान का काम करेंगे। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों से कहा कि सारे सदस्य पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।मौके पर शशांक राजउपेंद्र रजक,लंकेश सिंह,राहुल सिन्हा चंकी,मुकेश कंचन,मनीष साहू,राजेश राम,अमित केसरी टिंकू महतो,सोनू भारद्वाज,ओम प्रकाश शर्माअभिनव पासवान सागर कुमार,सोनू पटवा,ज्योति शंकर साहू एवं मनीष केसरी ने अपने विचार रखे। मौके पर सैकड़ो सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।




## दो करोड़ रंगदारी मांगने के मामले में युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कालोनी के रहने वाले एक व्यवसायी ने नामकुम थाना में मामला दर्ज कराया है । जिसमें उन्होंने लिखा है कि उसके साथ दो करोड रुपए के रंगदारी घर में घुसकर हथियार के बल पर मांगने गई है ।यह घटना बीते 8 अक्टूबर की बताई जा रही है । उसने इलाही नगर पुंदाग के रहने वाले छोटन वव रज्जू सहित



13 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है । वही इस संबंध में थाना से पूछताछ में पता चला है कि इस मामले की छानबीन हो रही है। मामला पूरा संदेहास्पद लग रहा है। इसके बावजूद भी पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। जिसमें रिजवान नामक एक युवक को मौलाना आजाद कालोनी से हिरासत में भी लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस का यह भी कहना है कि व्यवसायी के बारे में यह भी बातें सामने आ रही है कि वे पहले भी विवादित रहा है इसलिए भी पुलिस सूझबूझ के साथ आगे बढ़ रही है।

## भाजपा टाटीसिल्वे मंडल की बूथ सशक्तिकरण बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुथ सशक्तिकरण हेतु भा ज पा टाटीसिल्वे मंडल कि आवश्यक बैठक काली मंदिर आदर्श नगर टाटीसिलवे एवम आरा टगरा टोली मे मीडिया प्रभारी प्रशांत जी के आवास पर बैठक मे लोक सभा एवम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक - एक बूथ कि मजबूती एवम केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को जन -जन तक पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा कि गई। इस बैठक मे मुख्य रूप से मंडल प्रभारी सह प्रवासी मनोज चौधरी ,राजेंद्र महतो मंडल अध्यक्ष, सत्यजीत सिह युवा मोर्चा अध्यक्ष, अमित कुमार मिश्र महामंत्री, अशोक पासवान बुथ अध्यक्ष, के.सी सिह बुथ अध्यक्ष, सुभाष श्रीवास्तव बुथ अध्यक्ष, सुनिता देवी बुथ अध्यक्ष, रामबृक्ष प्रसाद बुथ अध्यक्ष, सरयुग प्रसाद बुथ अध्यक्ष, गिरिधिर मिश्र सयोजक, बिणा शर्मा, रोलर सिह,राजकुमार सिंह, कैलाश सिह, राणा दिनकर सिंह, राजीव कुमार,प्रमोद सिंह,संजु कश्यप ,सोनु कश्यप,प्रशांत किशोर एवम अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 27 अक्टूबर को होने वाली संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है।मरांडी सिल्ली पतराहातु मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के भाजपा के वरीय नेता डॉ राजा राम महतो ने रविवार को सिंगपुर ,काटाडीह, पतराहातू बंता आदि क्षेत्र में जनसंकर्प अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अधिक से अधिक लोगों को मरांडी की सभा में लाने की अपील की। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने सिंगपुर चौक स्थित स्व विष्णु चरण महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हर शुभकाम में हमारे आदर्श रहे स्वर्गीय विष्णु चरण महतो हमेशा याद करते हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा में ढोल नगाड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर पूर्ण मंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया जाएगा।

## इटकी प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस सामुदायिक भवन का किया गया शिलान्यास

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर मे छ्स्स्चकर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत रूप से शीलापट से पर्दा हटाकर किया. सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य छ्स्स्चकर मद द्वारा लगभग 24 लाख के लागत से किया जाएगा. प्रखंड में भवन के निर्माण हो जाने से महिला समुह संघ को काफ़ी लाभ मिलेगा। भवन न होने की वजह से महिलाओ को सामूहिक बैठक करने मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. विधायक ने कार्यक्रम मे आए ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओ की भी जानकारी लिया और उनका जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया और उसका अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा।मौक़े पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, प्रमुख किरण उरांव, जिप सदस्य रीना देवी, उपप्रमुख परवेज़ राजा ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मंडल अध्यक्ष अबु माज, मुखिया रीता देवी, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि राजन किसपोट्टा, बलराम गोप, अहमद अंसारी, अबरार इमाम, मंजर अंसारी, ताहिर अंसारी सहित दर्जनों महिला उपस्थित थे ।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पिपरवार में निकाला गया स्वच्छता मार्च

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत एंव फिट इंडिया मिशन के तहत मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पिपरवार मे स्वच्छता मार्च निकाला गया।पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय के नेतृत्व मे यह स्वच्छता मार्च बचरा चार नम्बर खेल मैदान से प्रारंभ हुआ जो बंसत विहार,चार नम्बर चौक,पटेल चौक, सब्जी मंडी,डीएवी स्कूल सहित अन्य जगहो का भ्रमण किया।इस दौरान स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत सहित कई प्रकार के नारे लगाया गया।वही स्वच्छता मार्च के तहत क्षेत्र के सभी लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस संबंध मे जीएम सीबी सहाय ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए स्वच्छता काफी जरूरी है।स्वच्छता से कई बिमारी और संक्रमण को दुर किया जा सकता है।वर्तमान मे कोयलांचल क्षेत्र के लोग स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक हुआ है।उन्होंने कहा कि देश भर मे स्वच्छता अभियान के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,ऐसे मे स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## पिपरवार के सीएचपी कोल वाशरी में चोरी के आठ आयरण रोलर के साथ दो चोर गिरफ्तार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वासरी के समीप बीती रात सीआईएसएफ की क्युआरटी टीम ने चोरी के आठ आयरन रोलर के साथ दो चोर को पकड़कर पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोल वाशरी मे डयुटी पर तैनात जवानो ने संदिग्ध अवस्था में दोनों चोर को देखा और इसकी सूचना सीआईएसएफ की क्युआरटी टीम को दिया।सूचना पाकर निरीक्षक अतहर इमाम सुरक्षा जवानो के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त दोनो चोर को हिरासत में ले लिया।इस दौरान दोनों चोर के पास से चोरी की आठ आयरन रोलर को जप्त कर लिया गया। जिसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने दोनों चोर को पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया।गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान प्रयाग कुमार महतो पिता तुलाई महतो ग्राम बिलारी थाना पिपरवार और महेंद्र कुमार महतो पिता नागु महतो ग्राम बन्हे थाना पिपरवार जिला चतरा के रूप में की गई है। इधर पिपरवार पुलिस के द्वारा दोनों के खिलाफ थाना में कांड संख्या 50/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।साथ ही पूछताछ के बाद पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मधुमक्खी पालन विषय पर छः दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसान भवन, रनिया में ग्रामीण युवाओं को कौशल क्षमता विकास हेतु आत्मा खूंटी द्वारा मधुमक्खी पालन विषय पर छः दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इसमें रनिया प्रखंड के विभिन्न ग्रामों के कुल 40 किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण से युवाओं में कौशल विकास के तहत कृषि आधारित रोजगार के चयन में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन के तरीके के साथ-साथ मधु से जुड़े उत्पादों के व्यवसायिक प्रयोग के बारे में बताया जा रहा है। मधुमक्खी पालन से जुड़े रोजगार जैसे शहद उत्पादन, राज अवलेह उत्पादन, मोम, पराग, मधु-नींबू शर्बत, मधु का टॉफी, जैम आदि बनाकर आर्थिक स्थिति से मजबूत होने में किस तरह मदद मिलेगी इसके बारे में विशेषज्ञ जानकारी दे रहे हैं। साथ ही शहद के सेवन से होने वाले फायदे के बारे में बताया गई। प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत इन सभी 40 किसानों को PMKSY 2.0(जलछाजन योजना) से कालोनी सहित 5-5 बॉक्स उपलब्ध कराई जाएगी।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में डीसीसी की बैठक आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीसीसी की बैठक आयोजित की गई।इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला अंतर्गत पी0एम0ई0जी0पी0, एसएचजी समूहों को ऋण प्रदान करना, पीएम किसान लाभुकों को केसीसी से आच्छादित करना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आरसेटी के कार्य, सिडी रेशियों एवं अन्य विभिन्न कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। सभी बैंकों के विभिन्न आयामों/योजनाओं पर क्रमवार विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा ङ्क निर्देश दिया। बैंकों को लंबित आवेदन को गुणवत्ता के आधार पर निष्पादन करने का कहा। विभिन्न योजनाओं के तहत जिन ऋणों को स्वीकृत किया गया है उनके लाभुकों को ऋण की राशि उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में जिला के विकास से संबंधित सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं नाबार्ड पीएलपी, किसान क्रेडिट कार्ड, जमा साख, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ,आर सेटी के कार्य, जैसी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई।

# प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने लिया बीडीओ चान्हो का प्रभार

## चान्हो प्रखंड में विदाई सह स्वागत समारोह का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** सोमवार को चान्हो प्रखंड सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सुलेमान मुण्डरी को विदाई दी गई, जबकि श्री अशोक कुमार का नए बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सुलेमान मुण्डरी ने सभा को संबोधित करते हुए चान्हो प्रखण्ड में अपने सेवा के लगभग दस माह का कार्यकाल की यादें साझा करते हुए कहा कि जीवन का यह दस माह मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। प्रखण्ड अंतर्गत जनप्रतिनिधि हो, समाजसेवी, आम ग्रामीण सभी से मुझे सम्मान और प्रेम मिला है। जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। मेरे कार्यकाल मे हमारा प्रखंड हमेशा उचाईयों पर रहा है जिसका श्रेय मैं अपने कर्मियो को देता हूं। हमारे फील्ड स्टाफ और ऑफिस स्टाफ ने जिस तरह से अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने बेहतरीन सहयोग के लिए सारे लोगों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अशोक कुमार ने कहा की मुझे आप सभी पर विश्वास और भरोसा है की आप सबों का सहयोग मुझे भी पूर्व की भांति मिलता रहेगा तो विकास का कार्य करने में कोई कठिनाई नहीं होगी । श्री मुंडरी जी के किए हुए कार्यों को मैं और आगे बढ़ाऊंगा। सभी मुखिया, जनप्रतिनिधि भी प्रखण्ड के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी के सहयोग से हम आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर अंचलाधिकारी श्री संजीव कुमार, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) गुंजन कुमार, प्रभारी पचांयती राज पदाधिकारी रंजीत सिंह, पशुपालन पदाधिकारी चुमनु तिर्की, प्रभारी कृषि पदाधिकारी उपेंद्र सिंह, सहायक अभियंता रोहित कुमार, 15वें वित के समवन्यक इश्तियाक अनवर, कनीय अभियंता राजिव नंदन प्रसाद, विवेक कुमार, अजय कुमार, प्रधान सहायक जितेंद्र कुमार सिंह, मुखिया महादेव उराँव, शिव उराँव, जनसेवक बिनेदिक्त बाड़ा, बिठुवा उराँव, बुधवा उराँव, चरवा उरांव, पंचायत सचिव कलीम अंसारी, नंदलाल महतो हरी हजाम, सुखनंद नायक, ग्राम रोजगार सेवक प्रवीन शंकर शर्मा, अरशद हुसैन, मुकेश कुमार रवानी, धर्मेंद्र उराँव, मो युसूफ, सकलु उराँव ओम प्रकाश सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया और जनप्रतिनिधि सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मी मौजूद थे।

## सभी के विकास के लिये समर्पित है सरकार : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के नेहालु टीकरा टोली में स्वांसी पांड समाज की बैठक पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की की उपस्थिति में किया गया। बैठक में 1932 के सर्वे खातियान में स्वांसी जाति अनुसूचित जाति में है लेकिन खातियान में जाति कौम पांड़ दर्ज है। इसमें सरकार से अपेक्षित सुधार की माँग की गयी। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार सभी के विकास के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सरकार की विकास योजनाओं का लाभ उठाते हुए आपसी सहयोग से आगे बढ़ना चाहिये। उन्होने आगे कहा कि अपने उन्नयन, विकास और बेहतर शिक्षा के प्रति सभी को पूरी तरह से समर्पित और जागरूक बनकर काम करना चाहिये। यदि सोच बेहतर हो आधारभूत ढांचे की संतोषजनक स्थिति हो तो केवल परिवार या गाँव नहीं बल्कि पूरे समाज का उत्थान होता है और तब व्यक्ति ही पूरे समाज की शक्ति एवं सामर्थ्य का आधार बनता है।

बैठक में खूंटी, सिमडेगा, तोरपा, बुंडू, तमाड़, लापुंग, बेड़ो, दोलैचा, जहाना, दिघिया, साहेदा, नेहालु, भासनंदा, रेड़वा, गराई गांव के स्वांसी समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य आशा किरण पान्ना, बिरेंद्र उरांव, इरफान, विश्वकर्मा स्वांसी, बलिनकी, बलिराम, बुधदेव के सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सही वजन व रसीद के साथ राशन वितरण की मांग को लेकर जेबीकेएसएस का प्रतिनिधि मंडल अनगड़ा बीएसओ से मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** राज्य भर में राशन कटौती नय चलतौव व राशन के साथ रसीद की मांग को लेकर लगातार राज्य की जनता आंदोलनरत है। जिसपर विभाग के आला अधिकारी, सांसद- विधायक सहित तमाम जन प्रतिनिधि खामोश हैं वैसे में टाईगर जयराम के नेतृत्व वाली झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के सदस्य जनहित में लोगों के साथ मिलकर समस्या के समुल नाश को लेकर संघर्षरत हैं। इसी को लेकर सोमवार को जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सुमित कुमार महतो, फलिन्द्र करमाली एवं राम मोहन महली ने प्रखंड गोदान जाकर



डोर टू स्टेप डिलीवरी से पहले सही वजन के साथ वितरक के गोदाम तक चावल- गेहूँ का माप लिया जाता है या नहीं उसकी जांच की। जांच में पाया गया कि वजन करते समय चावल - गेंहू के वजन मे बोरा का भी वजन शामिल रहता है। पूछताछ में बताया गया कि खाली बोरा का वजन आधा केजी तक होता है। डीलर तक पहुंचाने में एक बोरा से लगभग 200 ग्राम सामाग्री वाहन या फिर लोडिंग-अनलोडिंग में गिर जाता है। जांच उपरांत प्रतिनिधिमंडल अनगड़ा बी एस ओ से मुलाकात कर, सभी दुकानदार को सही वजन व रसीद के साथ राशन वितरण कराने की मांग की। इस पर बी एस ओ संतोष कुमार ने कहा कि जल्द ही सभी डीलर के साथ बैठक कर निर्देश दिया जायेगा जिसमें जेबीकेएसएस के सदस्य भी शामिल होगें।

## खिजरी विधानसभा समन्वय समिति की एकदिवसीय बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा समन्वय समिति की एकदिवसीय बैठक खिजरी विधायक राजेश कच्छप के लुपुगंटोली नामकुम स्थित आवास पर हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई गई । मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, समन्वय समिति के प्रभारी अनादि ब्रह्म, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने को लेकर टिप्स दिए। बैठक में खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस, जेएमएम , राजद, माले एवं अन्य गठबंधन पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को गठबंधन के उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दर्ज करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी, रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस मेरी तिर्की, सुन्दरी तिर्की,



राजद के पदाधिकारी मुस्ताफा अंसारी, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, मंटू लाला, विधायक प्रतिनिधि सतीश पांडा, प्रेमनाथ मुण्डा, राजेंद्र मुण्डा, रंजीत बड़ाईक, प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार, विजय टोप्पो, एतवा उरांव, रंजन यादव, प्रखण्ड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता देवी, अनिता देवी, माधो कच्छप, जफर इमाम, रमेश उरांव, सुरेश साहू, अर्चना मिश्रा, दुतिनाथ महतो, जितेन्द्र महतो, सफीउल्हा अंसारी, मुमताज अंसारी, महादेव मुण्डा, सरस्वती देवी, सुनील उरांव, कल्याण लिण्डा एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों की अनुभवात्मक यात्रा

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र 'कुशलपल्ली रिजॉर्ट' अयोध्या हिल्स, पुरुलिया गए। यह एक समृद्ध अनुभवात्मक यात्रा थी। छात्रों के लिए छऊ नृत्य का आयोजन पारंपरिक लोक-संगीत और नृत्य के इतिहास और उसकी संस्कृति से परिचित कराने के लिए किया गया। इसके बाद उन्होंने पूल पार्टी और एकता की भावना से भरपूर क्रियाकलाप में भाग लिया । रात्रि में डीजे नाइट का आनंद लेने के साथ दिन का समापन हुआ। छात्रों के लिए एकता, टीम भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन सीखने का यह एक अनोखा अनुभव था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन हो। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्रा के अनुभव हमें आनंद के साथ शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से छात्र स्वतंत्रता और अनुशासन का महत्व भी सीखेंगे।

## दुर्गा पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**पिपरवार :** दुर्गापूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार में दुर्गापूजा का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने,सड़कों में स्ट्रीट लाइट लगाने,जर्जर सड़क की मरम्मत कराने,नियमित पानी का छिड़काव कराने,पूजा पंडालो मे सीसीटीवी कैमरा लगाने,अग्निशामक यंत्र रखने सहित अन्य कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।बचरा दुर्गापूजा पंडाल मे महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती और पंडाल सहित मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया।वही सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर संबंधित पूजा समिति को निर्देशित किया गया।


कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।
सदर अस्पताल परिसर, रॉची, email id – csofficeranchi@yahoo.com
**Tender No. : 3957 Date 14.10.2023**

पुर्न अति अल्पकालीन निविदा

निविदा संख्या 3683 दिनांक 3.10.2023 द्वारा जिला अस्पताल,रॉची में Physiotherapy unit के मशीन उपकरण आदि के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 13.10.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता था परन्तु दो निविदा प्राप्त होने के कारण पुनः मशीन उपकरण एवं सामग्रियों के लिए अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 25.10.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक हाथो–हाथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। निविदा संख्या 3683 दिनांक 3.10.2023 द्वारा जो निविदाताओं द्वारा निविदा समर्पित किया गया है उन्हें पुनः निवदि समर्पित करने की आवश्यकता नही है। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंघित नियम/शर्त आदि website www.sadarhospital.com पर दिनांक 17.10.2023 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र www.sadarhospital.com पर ही देखा जा सकता है।

**PR 308200 Health Edu and Family Welfare (23-24)D**

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR 309248 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू
प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री अमित कान्त बेसरा, सहायक अभियंता (असैनिक), आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल, मेदिनीनगर (पलामू) स्थायी पता ग्राम–पाकर बाहार, पोस्ट–किनकेल, थाना–करसई, जिला–सिमडेगा, झारखण्ड, पिन नं0–835223 को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक–17.05.2023 को आपको कार्यालय में खोज की गई परन्तु आप स्वेच्छापूर्वक कार्यालय से अनुपस्थित पाये गये जिसके कारण आपसे इस कार्यालय के पत्रांक–99 दिनांक–19.05.2023 के द्वारा स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित रहने से संबंधित कारण पृच्छा की गई थी, परन्तु आपके द्वारा इस कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिये जाने के कारण पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–131 दिनांक– 09.06.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई, उसके पश्चात् भी आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिये जाने के कारण पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–141 दिनांक–26.06.2023, पत्रांक–156 दिनांक–11.07.2023, पत्रांक–170 दिनांक–01.08.2023, पत्रांक–192 दिनांक–01.09.2023 के द्वारा आपके गृहपते पर निबंधित डाक के द्वारा पत्र भेजकर स्पष्टीकरण की मांग की गई है, परन्तु आज तक आपके द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर योगदान नहीं करने तथा पृच्छित स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिये जाने के कारण इस संबंध की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को भी अग्रेतर कार्रवाई हेतु दिया जा चुका है। आपसे सम्पर्क स्थापित करने का हर संभव कोशिश किया गया परन्तु आपसे सम्पर्क नहीं हुआ तथा मोबाईल स्वीच ऑफ बता रहा है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम रूप से चेतावनी दिया जाता है कि आप अविलम्ब कार्यालय में उपस्थित होकर अपना योगदान करना सुनिश्चित करें तथा पृच्छित स्पष्टीकरण का जवाब भी दें। और अधिक विलम्ब के लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे तथा आपके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

कार्यपालक अभियंता
आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 309294 District(23-24)D



कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत छत्तरपुर।

पताः– बारा मोड, छत्तरपुर, जिला पलामू झारखण्ड–822113,Email Id- np.chhattarpur 2018@gmail.com

–: आम सूचनाः–

स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियेगिता– 2023

एतद द्वारा सूचित किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण– 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडलो के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्वालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उतरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांकः–21 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम / समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा। मानदंड निम्ननवत हैः–

| क्र0 सं0 | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | पूजा पंडाल/ प्रतिमा निर्माण सामग्री मे प्रकृति संरक्षण की झलक। | 10 |
| 2. | पूजा पंडालो में कागज पता जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग। | 10 |
| 3. | पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल सरबत पीने के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास का उपयोग। | 10 |
| 4. | पूजा पंडालों में प्रवेष व निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिष्चित करना। | 10 |
| 5. | पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, ID Card के साथ होने चाहिए। | 10 |
| 6. | पूजा पंडाल/परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से किए गए व्यवस्था /उपाय। | 10 |
| 7. | पूजा पंडाल/परिसर के आस–पास के दुकानदारो एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाना। | 10 |
| 8. | नषा मुक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्षन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार– प्रसार। | 10 |
| 9. | विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होडिंग के लिए LEDScreen या स्टैंडी का प्रयोग। | 10 |
| 10. | पूजा पंडालके आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुको द्वारा उनका प्रयोग। | 10 |
| 11. | पूजा पंडालसे निकलने वाले कचड़े का पृथक्करण। | 10 |
| 12. | पूजा पंडालसे निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचड़े का निस्तारण के लिए निकाय को सौपना। | 10 |
| 13. | पूजा पंडालसे निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेबल कचडे का निस्तारण के लिए निकाय को सैंपना। | 10 |
| 14. | थूकने का स्थान की व्यवस्था और नारगरिको द्वारा इसका उपयोग। | 10 |
| 15. | निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन स्थन में पूजा समिति के तत्वधान में प्रतिमा का विसर्जन । | 10 |
| 16. | पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किए गए इनोवेटिव वर्क। | 10 |
| | कुल अंक– | 160 |

दुर्गा पूजा त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, तथा उपरोक्त मापदडों के आधार पर रैकिंग करते हुए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पंडालो को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय कार्य अवधि मेंछत्तरपुर, नगर पंचायत कार्यालय के SBM कोषांग में संपर्क कर सकतें है।

प्रशासक,
नगर पंचायत छत्तरपुर।

PR 309191 District(23-24)D

## एमवे का न्यूट्रीलाइट डेली प्लस लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमवे इंडिया ने एक नए मल्टी विटामिन और मल्टी मिनरल हेल्थ सप्लीमेंट प्लसलाइफ के तहत न्यूट्रीलाइट डेली प्लस को लॉन्च किया। यह क्रांतिकारी फॉर्मूलेशन 24 आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर है तथा प्लांट कंसंट्रेट्स की मात्रा इसमें दुगनी है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस एमवे पोर्टफोलियो का पहला उत्पाद है, जिसमें डुअल लेयर डुअल रिलीज फॉर्मूलेशन का नया आविष्कार समाहित है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस में गोटूकोला नामक एक प्रमुख घटक भी शामिल है, जो तनाव को कम करने वाले अपने विशिष्ट गुणों के लिए जाना जाता है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस 30 टैबलेट्स और 120 टैबलेट्स के पैक में उपलब्ध है, जिनकी कीमत क्रमशः 849 रुपए और 2796 रुपए है। इस संबंध में एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा कि हमें न्यूट्रीलाइट डेली प्लस पेश करते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है, जो एक क्रांतिकारी नया मल्टीविटामिन और मल्टीमिनरल हेल्थ सप्लीमेंट है, जिसमें प्लांट कंसंट्रेट्स' और गोटुकोला की खूबियां हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करने और तनाव प्रबंधन के लिए पारंपरिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग का लंबा इतिहास रखने वाला एक प्रमुख घटक है।

## टोयोटा द्वारा ग्रेट 4गुना4 अभियान का एक और रोमांचक फ्लैग-ऑफ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने



टोयोटा द्वारा ग्रेट 4गुना4 एक्सपीडिशन के पूर्वी जोनल फ्लैग-ऑफ की घोषणा की, जो पूरे भारत में साहसिक ऑफ-रोड यात्राओं की श्रृंखला में चौथा रोमांचक ड्राइव लेकर आया है। यह मनोरम कार्यक्रम 13 से 15 अक्टूबर, 2023 तक अजोध्या हिल टॉप, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल के सुरम्य परिदृश्य में ऑफ-रोडिंग उत्साही लोगों को एकजुट करते हुए एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है। इस अभियान का पहला अभियान मई 2023 में शुरू हुआ, जिसमें सफल ड्राइव आयोजित की गई। भारत के दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र। इनमें से प्रत्येक ड्राइव में 4गुना4 पंखे, देश के कई शानदार परिदृश्यों में विशेष रूप से क्यूरेटेड 4-व्हील ड्राइव अनुभव की पेशकश की गई।

## ओल्ड पुरुलिया रोड में पानी घर का हुआ शिलान्यास



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 3 जकीरनगर में समाजसेवी गुड्डू गुप्ता के करकमलों द्वारा आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए पानी घर का शिलान्यास किया गया। मौके पर उपास्थित गुड्डू गुप्ता ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा जमशेदपुर के विभिन्न इलाकों में किए गए सामाजिक कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सैयद आसिफ अख्तर,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी ,मानगो निगम निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,शाहिद परवेज,अफताब आलम,फिरोज आलम,हाजी फिरोज असलम,झारखंड हज्ज कमिटी के मेंबर शेख बदरुद्दीन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सिदगोड़ा फुड प्लाजा दुर्गा पुजा कमिटी की अनोखी पहल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सार्वजनिक दुर्गा पुजा (फुड



प्लाजा ) सिदगोड़ा में आज दूसरे दिन माँ के बह्मचारणी रुप का पुजन किया गया एवं पिछले 24 धंटे से चल रहे रामायण के अखण्ड पाठ का समापन हुआ। रामायण के अखण्ड पाठ के समापन के अवसर पर अतिथि के तौर पर वरिष्ठ वकील प्रकाश झा एवं सहयोग कर्ता संजय कुमार झा उपस्थित थे। दोनो सम्मानित अतिथि का स्वागत एवं सम्मान मिथिला परंपरानुसार पाग एवं शाल देकर किया गया। कमिटि के उप महासचिव दिलीप कुमार झा ने संजय को एवं श्री प्रकाश झा को श्री सुदिष्ट कुमार मिश्र ने किया। दोनो अतिथियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में आर्यन झा, अभिषेक मिश्रा, सुगनु, रवि रंजन, संजीव कुमार झा, चन्दभाल झा, प्रमोद कुमार मिश्र, पुरण झा, शिव मिश्र के अलावा अध्यक्ष माननीय मोहन ठाकुर एवं महासचिव धर्मेश उपस्थित थे।

## यूनियन बाईक में हार्ले डेविड्सन की नई मोटरसाईकिल लॉच

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसएनपी एरिया साकची



शताब्दी टावर स्थित यूनियन बाईक के शो-रूम में हार्ले डेविडसन मोटरसाईकिल की लाँचिंग यूनियन बाईक के सीईओ के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए हीरो जोनल कार्यालय के प्रतिनिधि एवं यूनियन बाईक के प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से कहा गया कि झारखण्ड में पहला शो-रूम में प्रीमियम मोटरसाईकिल की शौकीनों का इंतजार इस बाईक के लाँचिंग के साथ खत्म हुआ। हीरो मोटोकॉर्प, हार्ले डेविडसन और एक्स 440 द्वारा आयोजित उद्घाटन के अवसर पर कई ग्राहकों को इस बाईक की डिलिवरी की गई। हार्ले डेविडसन के 3 वेरिएंट जिसमें डेनिम, विविड और एस है जिसकी शुरूआती कीमत 2,39,500 रूपये से लेकर 2,79,500 रूपये तक है। उक्त सभी मॉडल इस त्यौहार के सीजन में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी।

## न्युवोको ने की स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह) ने छोटा गोविंदपुर (जमशेदपुर) में असंगठित राजमिस्त्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए न्युवो मेसन-एक मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत की है। न्युवोको ने ये कार्यक्रम अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के हिस्से के रूप में शुरू किया है। न्युवो मेसन एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो श्रमिकों के चिनाई कौशल में सुधार करने, उन्हें सशक्त बनाने और उनके लिए कमाई के नए अवसर खोलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कार्यक्रम में टाइल चिनाई (फर्श और दीवारें) पर लगभग चार सौ घंटे का प्रशिक्षण (थ्योरिटिकल और प्रेक्टिकल उपयोग) शामिल है। इस प्रोग्राम के लिए न्युवोको के जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के आसपास के गांवों से 25 प्रतिभागियों के बैच का चयन किया गया है और उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उमा सूर्यम बोला, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, मैन्युफैक्चरिंग, न्युवोको ने जसमिका बास्की, जिला विकास प्रबंधक, पूर्वी सिंहभूम, नाबार्ड के साथ किया।

## दुर्गा पूजा समिति की बैठक पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को दुर्गा पूजा मंदिर प्रांगण में कल्याण चंद्र सिंह राज परिवार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम मनाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष दुर्गा पूजा में दो प्रोग्राम होंगे जिसमें एक प्रोग्राम नवमी को रात में 10:00 से कालाचंद फाका चंद का प्रोग्राम होगा, वही दूसरा प्रोग्राम दसवीं के दिन 2:00 से भोला महतो का प्रोग्राम होगा। सभी प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए गांव वालों ने वॉलिंटियर का सहयोग का अपील किया गया। मौके पर कल्याण चंद्र सिंह राज परिवार, सदानंद कुमार, रवि सिंह मुंडा, शिवनाथ गोरी, करण कालिंदी, पवन गोप, सद्दाम कलंदी बबलू, दिलीप आदि थे।

# केंद्रीय शांति समिति के नाम शहर में लगे सारे होर्डिंग हटाने की मांग

### सुधीर कुमार पप्पू ने केंद्रीय शांति समिति में मुट्ठी भर लोगों की मनमानी खत्म करने की अपील जिला प्रशासन से की






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी थाना क्षेत्र शांति समिति के सचिव और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने केंद्रीय शांति समिति में मुट्ठी भर लोगों की मनमानी खत्म करने की अपील ज़िला प्रशासन से की है। उन्होंने उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पदाधिकारी से आग्रह किया है कि दुर्गा पूजा के इस पवित्र अवसर पर केंद्रीय शांति समिति के नाम से लगे सारे होर्डिंग शहर से हटाया जाए। उनके अनुसार कुछ लोगों का कॉकस है। जिनकी कार्यशैली के कारण जिला प्रशासन के पदाधिकारी बदनाम हो रहे हैं। कॉकस शहर के प्रभावशाली एवं उद्यमी लोगों के सामने खुद को इस तरह से प्रस्तुत करता है जैसे प्रशासनिक पदाधिकारी उसके सहायक के तौर पर काम करते हैं। यही कॉकस छठ पूजा हो या रामनवमी पूजा हो, अथवा किसी तरह का सांस्कृतिक या धार्मिक समारोह मे खुद की मार्केटिंग प्रशासन एवं शहर में करता है। ऐसे ही लोग फिर शहर में अपनी फोटो के साथ होर्डिंग लगाते हैं। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार इस लोकतांत्रिक देश में संविधान का राज है और संविधान में हर संस्था में चुनाव की व्यवस्था है। इसके साथ ही समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देना और दिखना चाहिए। इसके साथ ही अधिवक्ता ने सवाल उठाया कि केंद्रीय शांति समिति के पदधारियों का चुनाव कब और कहां हुआ है। उनके अनुसार जिला के थाना के सभी शांति समितियां में लगभग 500 से ज्यादा सदस्य हैं और चुनाव के द्वारा केंद्रीय शांति समिति के पदधारियों का चयन किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक देश के संविधान का पालन हर हाल में हर स्तर पर किया जाना जरूरी है।

# बागबेड़ा के दुकानदारों की समस्या को ले धर्मेंद्र सोनकर ने द.पू रेलवे के इंजीनियर को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** युवाओं के आदर्श डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के द्वारा बागबेड़ा वॉयरलैस मैदान स्थित फुटकर दुकानदारों की समस्या को लेकर द.पू रेलवे के इंजीनियर रंजीत कुमार से मुलाकात दुकानदारों की समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। धर्मेंद्र सोनकर ने आग्रह किया कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान करने की कृपा करें। इस दौरान मुख्य रूप से राकेश साहू, एडवोकेट संजय कुमार, अभिजीत सिंह, विपिन ठाकुर, मनीष चंद्रवंशी, सविता राय, सीमा मोहंती, बब्लू झा, अजितेश उज्जैन, शशि भूषण प्रसाद एवं अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

# बाल-विवाह रोकना सभी की जिम्मेदारी : गीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** बाल विवाह गाँव व समाज के लिए एक ऐसा अतिशाप है जिसको मिटाना जरूरी है. उक्त बाते सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय में जेएसएलपीएस की ओर से बाल विवाह उन्मूलन कार्यशाला में कही. उन्होनें कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए सरकार की ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी कहीं-कहीं चोरी छुपके बाल विवाह किया जा रहा है, जिसका जिम्मेदार माता-पिता है. जो कम उम्र में बच्ची का विवाह कर देते है. जिसका परिणाम आने वाले समय में मां और बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो जाता है। माता-पिता बच्चों को उनका विवाह कम उम्र में ना कर उन्हें शिक्षा देने की आवश्यकता है। श्रीमती कोड़ा ने कहा कि आज गांव और समाज में महिलाएं दीदी महिला समूह में जुड़कर अपने आप को मजबूत कर रही है. जो काफी खुशी की



बात है. वही इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार प्रसाद ने उपस्थित महिला समूह के दीदीओ से कहा कि कम उम्र में शादी एवं दहेज का लेन देन सामाजिक एवं कानूनन अपराध है. कार्यशाला में उपस्थित महिलाएँ दीदीओ को बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ दिलाई गई. इस मौके पर टीआरटीसी के निर्देशक फादर रंजीत किडो, डायरेक्टर विजय मिंज, बीपीएम राउतु बोदरा, जीसीआरपी सुन्मती सुंडी, सीएलपीएम मरीना हेब्रम, पीटीसी बेबीरानी हेस्सा, जनेश्वर नाथ रेणु, बिनिता सिंकु, आदि थे।

# अदालत ने हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चाईबासा न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सोमवार को धारा 302/34 भादवि के तहत अभियुक्त बुधराम हेम्ब्रम एवं मिनिबाती हेम्ब्रम को आजीवन कारावास तथा 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है। मालूम हो कि जराईकेला थाना में 18 मई 2021 धारा- 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बुधराम हेम्ब्रम एवं मिनिबाती हेम्ब्रम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दोनों गिन्डुंग गांव थाना- जराईकेला निवासी हैं। सावित्री हेम्ब्रम एवं मनोज हेम्ब्रम ने प्रेम विवाह किया था। यह इनके घर वालों को पसंद नहीं था। इसी बात को लेकर आपस में सावित्री हेम्ब्रम का अपनी सास मिनिबाती हेम्ब्रम एवं चाचा ससुर बुधराम हेम्ब्रम के साथ





विवाद होता रहता था। मनोज हेम्ब्रम चालक का काम करने चिड़िया माइन्स गया था। घर में सावित्री हेम्ब्रम को अकेले पाकर अभियुक्तों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी।अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने बुधराम हेम्ब्रम एवं मिनिबाती हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया।

# घाघीडीह जेल से बाहर निकले भाजपा नेता अभय सिंह

### गुंजन यादव ने मिलकर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सोमवार शाम घाघीडीह जेल से रिहा हुए। वे पिछले छह महीने से जेल में बंद थे। उनके रिहाई के मौके पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। गुंजन यादव ने केंद्रीय कारा घाघीडीह के समक्ष अभय सिंह से मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर गुंजन यादव ने कहा कि रिहा होने पर अभय सिंह का हार्दिक स्वागत है। कदमा उपद्रव मामले को लेकर राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने जिस प्रकार से अभय सिंह को आनन-फानन में जेल भेजकर महीनों प्रताड़ित करने की साजिश की उसका जवाब उच्च न्यायालय ने दिया है। यह समय उनके परिवार और भाजपा परिवार के लिए कठिन था, अब जेल से रिहा होने पर सभी कार्यकर्ता खुश हैं। कहा कि अभय सिंह के जेल से बाहर आने के बाद वे संगठन, सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में दोगुनी ऊर्जा के साथ सक्रिय होकर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सविता महतो, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, जिला, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, सांसद (रांची एवं सिंहभूम) के प्रतिनिधि,सभी प्रमुख एवं सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन



एवं कार्यप्रगति पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर निश्चित समयावधी में समाधान सुनिश्चित करने तथा विद्युत सेवा से वंचित गाँव एवं टोला में विद्युत संयोजन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण एवं आर.इ.ओ विभाग अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा कर भूमि अधिग्रहण के लंबित मुआवजा भुगतान निष्पादन करने तथा सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान रखने एवं निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायतों पर जाँचोपरान्त करवाई करने के निर्देश दिए। एलडीएम, डीपीएम, जेएसएलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी एवं सम्बन्धित पदाधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित कर महिला लाभुकों को एसएचजी ग्रुप, कृषि उपकरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिए गए। हर घर नल जल योजनाओं को निश्चित अवधि में पूर्ण करने, सिविल सर्जन को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड से जोड़ने तथा परियोजना निदेशक आए. टी. डी. ए को सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ तालमेल स्थापित कर अधिक से अधिक लाभुकों को वन पट्टा का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# पटमदा डाक बंगला में हुई सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति की अहम बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक पटमदा स्थित डाक बंगला में जिला परिषद सह कार्यकारी अध्यक्ष खगेन चंद्र महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंडों से लाइसेंसी और गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि, पटमदा थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिंह एवं कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन सिंह शामिल हुए । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेन्ट्रल दुर्गा पूजा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां

**बैठक का उद्देश्य इस क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा कमिटीयों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करवाते हुए उनका समाधान करवाना है। साथ ही पूजा कमिटी के आयोजकों को भी प्रशासन द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करना है**

ने कहा कि बैठक का उद्देश्य इस क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा कमिटीयों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करवाते हुए उनका समाधान करवाना है। साथ ही पूजा कमिटी के आयोजकों को भी प्रशासन द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करना है। इस बैठक में पूजा कमितियों को सेंट्रल कमेटी से संबद्धता का प्रमाण पत्र भी अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में संयुक्त सचिव श्याम शर्मा, महासचिव ललन यादव वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, गणेश भुइयां शक्तिपादो दास, शिबू नमता, सुपोल टुडू, अंकुर महतो, जवाहर लाल सिंह समेत पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पटमदा के नहचीबेड़ा व खेजुरडीह में दो पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत के नहचीबेड़ा नाला एवं प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत कुमीर पंचायत के खेजुरडीह नाला में पुल निर्माण योजना का शिलान्यास सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। मौके पर पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, सांसद की अनुपस्थिति में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, ग्राम प्रधान



सुभाष सिंह, मृत्युंजय महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मिलन दास, नीलकमल महतो, साधुचरण सिंह, ईशान चंद्र गोप, विष्णुपद गोराई, रफीक अंसारी व महेंद्र महतो ने नारियल फोड़कर काम का शुभारंभ किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस संबंध में विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि दोनों ही योजना काफी महत्वपूर्ण है इसके बनने से ग्रामीणों को काफी फायदा होने वाली है। प्रत्येक योजना की लागत 2 करोड़ 80 लाख रुपए है।

# वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना के इंडिया प्रेसिडेंट बने अंशु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** योग का प्रचार प्रसार करते हुए देश विदेश में कई विख्यात अवार्ड अपने नाम करनेवाले अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु अंशु सरकार (सरकार योग एकेडमी के संस्थापक) ने पुनः एक बार अपने नाम व मेहनत की सार्थकता सिद्ध कर दी है. गत दिनों अंशु को %वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगसना स्पोर्ट्स इंडिया भारत के प्रेसिडेंट के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया. यह मनोनयन गत दिनों उत्तराखंड में हुई बोर्ड की बैठक में हुआ. इस अवसर पर



संगठन के अन्य कई पदाधिकारियों का भी मनोनयन हुआ. ज्ञात हो कि वर्ष 1968 में स्थापित इस संगठन का मुख्यालय ऑस्ट्रेलिया के मेलबॉर्न में है. वर्तमान में इसकी शाखाएं पूरे विश्व के 139 देशों में है. उक्त बैठक में अन्य पदाधिकारियों में जनरल सेक्रेटरी-ऋतु रावत (उत्तराखंड), टेक्निकल डायरेक्टर-एम राजेश अचारी ( कर्नाटक), वाईस प्रेसिडेंट-अंकित चपराना (उत्तराखंड) व सचिन कुमार खरी (उत्तर प्रदेश) तथा ऑर्गेनाइसिंग सेक्रेटरी- डॉ लोकनाथ नाथ (पश्चिम बंगाल) आदि का भी मनोनयन हुआ. मनोनयन के बाद शहर लौटे अंशु सरकार ने बताया कि अब उनपर और अधिक ज़िम्मेवारी आ गयी है, जिसपर न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया के अन्य देशों की भी नज़र है. उनकी प्राथमिकता योगा को स्पोर्ट्स के रूप में और अधिक प्रचार प्रसार करते हुए जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों जोड़ते हुए आगे बढ़ाना होगा. श्री सरकार को यह दायित्व मिलने पर सोशल मीडिया व निजी तौर पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है. वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यू एफ एफ) के वर्ल्ड प्रेसिडेंट ग्रीम लांसफील्ड, डब्ल्यू एफ एफ योगा के वर्ल्ड प्रेसिडेंट शिवम भदुरिया सहित कई योगा प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# अजीत-धनंजय महतो शहीद दिवस पर कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** शहीद अजीत-धनंजय महतो स्मारक समिति की ओर से सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 21 अक्टूबर शहीद दिवस को लेकर क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता की उपस्थिति में चर्चा करते हुए जयराम महतो के उद्देश्य को सफल करने को लेकर बैठक किया गया। कार्यक्रम में झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्य मोतीलाल महतो के आगमन के साथ-साथ तमाम झारखंडी जेबीकेएसएस के सदस्य एवं सिंगर की उपस्थिति में जो कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में उपस्थित बादल महतो, परमेश्वर महतो, पंचानन महतो, सुधीर महतो, जितेन्द्र महतो, संजय महतो, अशोक महतो, उकिल महतो, ब्रजदुलाल महतो, सिदाम महतो, फाल्गुनी महतो, सुभाष महतो, संन्तोष महतो, सुधीर महतो आदि काफी संख्या में उपस्थित थे।

# निदेशक पर्यटन अंजलि यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** निदेशक पर्यटन अंजलि यादव की अध्यक्षता में पर्यटक सूचना केंद्र नेतरहाट में नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई।बैठक में संयुक्त सचिव पर्यटन विभाग मोईनुद्दीन खान ने नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार के संरचना, कार्य, अधिकार एवं कर्तव्य के बारे जानकारी दिया। उन्होंने कहा की इस प्राधिकार का उद्देश्य नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का विकास, संरक्षण, साफ -सफाई एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।बैठक में प्राधिकार के वित्तीय प्रबंधन, बजट, लेखा, अंकेक्षण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में नेतरहाट के पर्यटनों स्थलों की साफ-सफाई एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई के कार्य के लिए 20 सफाई कर्मी एवं 2 गाड़ियों की व्यवस्था की गयी है। कचरा जमा करने के लिए भूमि चिन्हित कर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है।सभी पर्यटन स्थलों में डस्टबिन रखा जाएगा। नेतरहाट में प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगा जाएगा। नेतरहाट में दोना -पत्तल, थैला इत्यादि के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके पश्चात निदेशक पर्यटन ने नेतरहाट महोत्सव के आयोजन के मद्देनज़र कोयल व्यू पॉइंट एवं लेक व्यू पॉइंट का निरीक्षण किया। बैठक में, उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी कुमार आशीष, वन प्रमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविन्द कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग, अंचल अधिकारी महुआडांड़ संतोष बैठा, नोडल पदाधिकारी पर्यटन लातेहार संतोष भगत उपस्थित थे।

## अज्ञात अपराधियों ने मिक्सर मशीन को किया आग के हवाले आंशिक क्षति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जोरी :** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के होसील गांव के टंकु उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के समीप लगे मिक्सर मशीन को अपराध कर्मियों के द्वारा जलाने का प्रयास किया। हालांकि मिक्सर मशीन आंशिक रूप से क्षति हुई है। इस संबंध में मिक्सर मशीन के चालक बोधगया निवासी सुंदर दास के द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध वशिष्ठ नगर थाना में कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन के अनुसार बताया कि सभी स्टाफ खाना खाकर एक रूम में सो गए थें। इसी दौरान टायर फटने की आवाज हुई। परंतु निकलना चाहा तो घर के बाहर कुंडी लगा हुआ था । हो हल्ला करने के बाद आसपास के लोग जूटे जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक अपराध कर्मी भाग चुके थें। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि शरारती तत्वों का हाथ है। जांच की जा रही है। उक्त मिक्सर मशीन टंकु गांव में राजा आहार से बंधी पहाड़ी तक पीसीसी पथ निर्माण में लगा हुआ था। हालांकि कार्य पूर्ण हो गया था।

## दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क से सटे पंचायत अंतर्गत ग्राम पोखरी खुर्द में रविवार देर शाम दुर्गा पूजा त्योहार के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और पर्दा पर स्थानीय ग्रामीण जनता को रामायण दिखाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया प्रत्यासी रहे कांति देवी ने फिता काट कर कार्यक्रम का शुरूआत की साथ ही पोखरी खुर्द में बन रहे दुर्गा पूजा की प्रतिमा में कांति देवी पति श्रवण सिंह ने अपने निजी खर्च से 14500 चौदह हज़ार पांच सौहार्द सौ रुपए पूजा समिति के लोगों को दुर्गा पूजा में सहयोग करने का काम किया। इस दौरान पुजा कमिटी के जेनरल अध्यक्ष श्रवण सिंह, अध्यक्ष पुजा समिति विनोद यादव, सचिव बाबूलाल सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह उर्फ छोटू, ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह, दुधेशवर सिंह, कुमेशवर सिंह, वार्ड सदस्य नगीया देवी, गिरेन्द्र सिंह, भोला यादव, अशोक राम, रघुनंदन राम समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता और पुजा कमिटी के लोगों ने उपस्थित थे।

## महीनों से नहीं मिला पंचायत का प्रभार फिर भी रोजगार सेवक बिंदास

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत खुरा पंचायत के रोजगार सेवक सतेन्द्र पासवान जो लगभग तीन महीने से पंचायत में कार्यरत हैं। सोमवार को उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल के द्वारा मनरेगा योजनाओं की जांच के दौरान योजना का दस्तावेज की मांग रोजगार सेवक से की गई।इस संबंध में रोजगार सेवक ने बताया कि हमें अबतक पंचायत का प्रभार नहीं दिया गया है। हमने बीपीओ को मौखिक चार पांच मरतबा बोला है। वहीं इस संबंध में बीपीओ त्रिवेणी राम ने बताया कि हमें कोई भी लिखित सूचना नहीं दी गई है।

## जनता दरबार का किया गया आयोजन

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले के उपायुक्त और बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर सोमवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमें बेतला पंचायत सचिवालय सभागार में मुखिया मंजू देवी की मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत सचिव देवलाल राम, रोजगार सेवक मनोज कुमार चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।इस दौरान मुखिया मंजू देवी ने पंचायत के विभिन्न अलग-अलग जगहों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्यायों से रुबरु होते हुए संबंधित आवेदन प्राप्त कर जल्द निष्पादन करने का भरोसा दिलाया काम का निपटारा करने का काम किया।

## महीनों से नहीं मिला पंचायत का प्रभार फिर भी रोजगार सेवक बिंदास

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत खुरा पंचायत के रोजगार सेवक सतेन्द्र पासवान जो लगभग तीन महीने से पंचायत में कार्यरत हैं। सोमवार को उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल के द्वारा मनरेगा योजनाओं की जांच के दौरान योजना का दस्तावेज की मांग रोजगार सेवक से की गई।इस संबंध में रोजगार सेवक ने बताया कि हमें अबतक पंचायत का प्रभार नहीं दिया गया है। हमने बीपीओ को मौखिक चार पांच मरतबा बोला है। वहीं इस संबंध में बीपीओ त्रिवेणी राम ने बताया कि हमें कोई भी लिखित सूचना नहीं दी गई है।

# रोजगार मेला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा रोजगार आपके द्वार के तहत जिला खेल स्टेडियम परिषर, लातेहार में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ जिले के बाहर से भी नियोजको ने विभिन्न प्रकार के रिक्तयों के साथ भाग लिया। उक्त मेला का विधिवत् शुभारम्भ जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आये हुए सभी युवक/युवतियाँ अपने इच्छा एवं योग्यता के अनुसार रोजगार पा सकतें है तथा उन्होने नियोजको को ज्यादा से ज्यादा रिक्तियों पर नियोजन देने हेतू आग्रह किया। श्री कुमार के द्वारा नियोजकों के साथ-साथ अभ्यर्थियों को भी रोजगार मेला का लाभ एवं उदेश्य के साथ जिला नियोजनालय के द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क लाइब्रेरी एवं कैरियर, गाईडेन्स पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्होने नियोजकों को झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मिदवार का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर भी प्रकाश डाला एवं नियोजको को इनके प्रावधानों की अनुपालन करने हेतू निर्देशित किया। इस रोजगार मेले में12 नियोजकों ने भाग लिया। नियोजक एवं नियोजक प्रतिनिधि के द्वारा भी अपने संस्थान के बारे में आवेदकों को बताया गया। रोजगार मेला में लगभग 345 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमें 126 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# मनिका थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मनिका :** थाना परिसर में दिन सोमवार को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने किया वहीं मंच संचालन मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने किया मनिका थना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों को दुर्गा पूजा को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए जैसे दुर्गा पूजा पंडाल में पानी और बालू रखना जरूरी है ताकि पंडाल में आग लगे तो इस पर काबू पाया जा सके दूसरा हर दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है ताकि असामाजिक तत्व के लोगों पर लगाम लगाया जा सके तीसरा दुर्गा पूजा पंडाल के अगल बगल लाइट की पूरी व्यवस्था रखनी है तीसरा दुर्गा पूजा पंडाल के सभी सदस्य बैच लगाकर रहेंगे चौथा उन्होंने काहे की अब असामाजिक तत्व के लोग एवं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर साइबर सेल एक्टिव है वैसे लोगों के ऊपर कडी से कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि डीजे पर भड़काऊ गाना बजाना बिल्कुल प्रतिबंध है ऐसा करते पाए जाने वाले कमेटी एवं डीजे मलिक के ऊपर कडी से कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी मौके पर मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी प्रखंड विश्व सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान समाजसेवी दीपू कुमार राय महावीर प्रसाद बहादुर उरांव मथुरा उरांव सुमित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त हो को लेकर जेएसएलपीएस के महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सलगा एवं कटघरा में बाल विवाह मुक्त हो को लेकर सोमवार को गांव में कैंडल मार्च निकाला गया। जहां महिलाओं ने कइ नारे लगाए। हम सब का हो यह सपना बाल विवाह मुक्त हो भारत अपना ,देश को बचाना है पहले पढ़ाई करो फिर विदाई करो, बाल विवाह एक अभियान है बच्चों को कैद करना बंद करो, बाल विवाह से मुक्त करो हम सब का हो यह सपना बाल विवाह मुक्त भारत बने अपना ज्ञान का दीपक जलाना है बाल विवाह मिटाना है जन-जन का नारा है बाल विवाह बंद कराना है। एवं महिलाओं ने गांव का भ्रमण किया यह कार्यक्रम आईपीआर सुनीता देवी के निगरानी में किया गया जहां सम्मिलित महिला किरण देवी मनोरमा देवी प्रतिमा देवी बेबी कुमारी तूना देवी पूनम कुमारी नीतू कुमारी नीतू देवी एवं दर्जनों महिला बाल विवाह मुक्त कैंडल मार्च में सम्मिलित थी।

# दूर्गा पूजा को लेकर सीओ ने चौकीदारों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पा ने चौकीदारों के साथ बैठक की।बैठक में मौजूद चौकीदारों को अंचलाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में पूरी तरह मुश्तैत रहें और विधि व्यवस्था को बनाए रखें। साथ ही उन्होंने आगे उनसे कहा कि किसी भी तरह की सूचना अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी को सूचित करते हुए थाना को भी सूचित करें।अपने क्षेत्र में चौकसी करते हुए पूजा पंडालों पर विशेष निगरानी रखेंगे। सभी चौकीदारों के द्वारा भी अपनी समस्याओं से अंचल अधिकारी को अवगत कराया गया जिसमें अंचल अधिकारी द्वारा बताया गया कि नियमित बैठकों के बाद त्वरित गति से सभी समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। **पूजा पंडालों का सीओ ने किया निरीक्षण :** वहीं दूसरी ओर अंचलाधिकारी ने सोमवार को जिला मुख्यालय के सभी पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण कर जमीनी स्थित को जाना। शहर के सभी 7 पंडालों का निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूजा पंडालों के भौतिक निरीक्षण एवं सभी सुरक्षा मानकों को देखा और विसर्जन के रूट चार्ट, विधि व्यवस्था, सीसीटीवी तथा अन्य के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए।

# बरवाडीह में कागजों में सिमटी मनरेगा योजना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड में महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजनाएं फलती-फूलती कागजों में ही देखे जा रहे हैं। जहां प्रखंड के प्रत्येक पंचायतों में महज 20 से 30 प्रतिशत ही काम देखने को मिलता है साथ ही अधिकतर योजनाएं पुरानी योजनाओं को दिखाकर राशि का वारा-न्यारा किया जा रहा है। जहां सोमवार को उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने पंचायत खुरा में मनरेगा योजनाओं की जांच की ।इस दौरान उन्होंने पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह व रोजगार सेवक सतेन्द्र पासवान के साथ योजना स्थल पर पहुंचे। जहां देखा गया कि किसी भी योजना स्थल पर शिलापट्ट नहीं है और न ही मजदूर मिले।इस संबंध में जयसवाल ने कहा कि मनरेगा योजना सिर्फ कागजों में सिमट गया है, धरातल पर कुछ भी नहीं दिखाई देता। उन्होंने कहा कि जो लाभुक भूमिहीन हैं उनके भी योजना भूमि पर हो रहा है। वहीं रोजगार सेवक ने बताया कि विभिन्न योजनाओं में 50 मजदूर कार्यरत हैं पर एक भी मजदूर योजना स्थल पर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हम सभी एम आर को शुन्य कर दे रहे हैं। वहीं रोजगार सेवक से पुछने पर कि किन किन योजनाओं में कौन कौन से मजदूर कार्यरत हैं,तो उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता हम रिपोर्ट नहीं खोल पाते हैं। मौके पर जयसवाल ने बताया कि मनरेगा योजनाओं की जांच व मनरेगा योजनाओं में अनियमितता, कर्मियों की लापरवाही को लेकर जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन को पत्रचार किया जाएगा और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चियों के भोजन में महा घोटाला




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के गोवा स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में इन दिनों बच्चियों के खाने पर पहरा लगा हुआ है। जबकि उक्त आवासीय विद्यालय में लगभग 420 छात्राएं नामांकित है। जहां मीनू के अनुशार एक दिन अण्डा, एक दिन मिट, एक दिन पनीर बच्चियों को पौष्टिक आहार के रूप में दिया जाना है। जबकि मिट की बात करें तो 420 छात्राएं के बीच में महज 5 से 8 किलो चिकन मिट पकाया जाता है। वहीं पनीर की बात करें तो 420 छात्राएं के बीच में महज कभी कभार महीने में एक बार 3 या 4 किलो ग्राम पनीर पकाया जाता है। साथ हीं हॉर्लिक्स की बात करें तो महज कभी कभार चमच से बच्चियों को हॉर्लिक्स दिया जाता है । वैसे में पौष्टिक आहार का महज खाना पूर्ति की जाती है बाकी वार्डेन और आपूर्ति कर्ता दोनों मिल कर छात्राएं का आहार का राशि में बंदरबांट कर ली जाती है। जबकि यह मामला एक नहीं खाने और व्यवस्था को लेकर हमेशा कस्तूरबा विद्यालय सुर्खियों में रहा है। तीन दिन पूर्व लापरवाही के कारण एक बच्ची रहस्यमयी तरीके से गायब हो गयी जो 24 घण्टे के बाद मिली।मामले को लेकर कई बार शिकायत के आलोक में जांच पड़ताल की गयी है परन्तु केवल खाना पूर्ति कर ली जाती है। बता दें कि बच्चियों का आवश्यक व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं है जिसे लेकर छात्राएं अन्यंत्र जगहों पर जैसे तैसे वैसे बेकार वस्तु फेंकने पर मजबूर रहती है।

## बकचौमा आंगनबाड़ी सेविका के चुनाव में लगा डाड़ी पोषक क्षेत्र के चयन का आरोप



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बकचौमा आंगनबाड़ी सेविका के पद पर हो रहे चयन में ग्रामीणों ने धांधली तथा सरकारी अहर्ता वगैर पूरा किए चुनाव करने का आरोप सीडीपीओ रीना साहू पर लगाया है। ग्रामीणों ने कहा है कि सरकारी अहर्ता के आधार पर चयन किए गए राधा कुमारी डाड़ी पोषक क्षेत्र की रहने वाली है साथ हीं उनका आधार प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र डाड़ी पोषक क्षेत्र डाड़ी का है। मामले को लेकर वार्ड 6 के वार्ड सदस्य मुनेश्वर पासवान ने बताया कि राधा कुमारी पति लल्लू महतो डाड़ी पोषक क्षेत्र में सर्वे किया गया है। हाँ उनका शादी बकचौमा पोषक क्षेत्र में हुई है लेकिन शादी के पूर्व तथा शादी बाद भी वह डाड़ी पोषक क्षेत्र में यानी मायके डाड़ी में रह कर पढाई करती आ रही है। वैसे में बकचौमा पोषक क्षेत्र में उनका चयन करना सरासर गलत व अवैध है। बता दें कि सेविका चयन में कुल 15 अभ्यर्थीयों ने अपना दावेदारी प्रस्तुत कागजात के साथ की थी। जिसमें राधा कुमारी बीसी टू ,34 प्रतिशत ,शुष्मिता देवी बीसी टू, अफसाना प्रवीण अल्पसंख्यक,ज्योति कुमारी बीसी टू, प्रियंका कुमारी बीसी टू 29 प्रतिशत,सावित्री कुमारी बीसी टू 25 प्रतिशत, रेखा कुमारी बीसी टू 18 प्रतिशत, प्रतियोगिता कुमारी एसी, मेनिका कुमारी बीसी टू 27 प्रतिशत, सबाना खातून अल्पसंख्यक, लक्ष्मी कुमारी बीसी टू, रूबी कुमारी बीसी वन,रेखा कुमारी बीसी टू 18 प्रतिशत, रेनू कुमारी बीसी वन,वसंती कुमारी बीसी टू है । सरकारी अहर्ता के अनुशार बकचौमा आंगनबाड़ी में सेविका द्वारा सर्वे के अनुशार बीसी टू को चयन किया जाना है। अहर्ता पूरा करने वाली अभ्यर्थी प्रियंका कुमारी ने कही है की चयन किए गए राधा कुमारी का पोषक क्षेत्र डाड़ी में पड़ता है जबकि डाड़ी सेविका द्वारा पूर्व में सर्वे किया जा चुका है। साथ हीं उसका आधार कार्ड, जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र , वोटर आईडी डाड़ी का प्रस्तुत किया गया है उसके बावजूद भी उसे बकचौमा आगनबाड़ी केंद्र के लिए मैरेज सर्टिफिकेट के आधार पर किया गया है। जो बिलकुल अहर्ता के खिलाफ है। लाभ्यर्थियों के हो हल्ला के बाद सीडीपीओ रीना साहू ने चयनित राधा कुमारी को 15 दिन के अंदर सभी तरह के प्रमाण पत्र बकचौमा पोषक क्षेत्र का बना कर कार्यालय में देने का निर्देश तक दे दी है। जबकि यह भी सरकारी रूल कानून के खिलाफ है। यदि ऐसा किया जाना था तो सभी को बाद में सर्टिफिकेट माँगा जाना चाहिए था। परंतु ऐसा नहीं किया गया। प्रियंका कुमारी ने आरोप लगाए है कि बकचौमा आंगनबाड़ी के लिए 29 प्रतिशत मेरा अंक है जो सभी अभ्यर्थियों से मेरा ज्यादा अंक प्राप्त है जो मुझे चयन होना चाहिए था। परंतु ऐसा नहीं कर दुशरे पोषक क्षेत्र की अभ्यर्थी को किया गया है।यदि यह चयन को अविलंब रदद् करते हुए मुझे चयन नहीं किया गया तो मैं उपायुक्त चतरा को न्याय की गुहार लगाते हुए आमरण अनशन पर बैठ जाऊंगी। जिसका जिम्मेवार सीडीपीओ रीना साहू होगी।

# तेतरियाखांड कोलियरी में ड्राइवर को पीटकर किया घायल, ड्राइवर यूनियन ने किया बैरियर जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ट्रकों के प्रवेश को लेकर एक बार फिर रंगदारी देखने को मिली। रविवार की देर शाम करीब 8:00 बजे एक ट्रक ड्राइवर के साथ कुछ लोगों ने लोहे के रड से जमकर मारपीट की जिससे ड्राइवर सर फट गया। वही ड्राइवर के पॉकेट में रखा पैसा भी लूट लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 19 ए 8434 (मालिक दिलीप यादव) का ड्राइवर अनिल कुमार यादव ट्रक लेकर कोलियरी में जा रहा था इसी दौरान पिंडारकोम गांव के कुछ लोगो द्वारा ट्रक को बैरियर के पास रोक दिया ।और उसके साथ मारपीट किया ।घटना के बाद खून से लथपथ ड्राइवर अनिल कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ड्राइवर को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया ।वही घटना के बाद पीड़ित ड्राइवर ने मारपीट करने वालो के खिलाफ बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि बाली यादव,उमेश यादव दोनो पिता सेरठ यादव,कैला यादव पिता स्व0रवानी यादव,अरविंद यादव पिता बिनेश्वर यादव सभी ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी ने उसके साथ मारपीट किया है। पीड़ित ड्राइवर ने आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई। वही ड्राइवर के साथ मारपीट की हुई घटना के बाद तेतरियाखांड कोलियरी में ड्राइवर यूनियन संघ बैरियर में तिरपाल बिछाकर धरने पर बैठ गए और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। ड्राइवर यूनियन संघ ने सीसीएल प्रबंधन हाय-हाय सहित कई नारे लगाए। इस दौरान ड्राइवर यूनियन संघ ने रविवार रात्रि करीब 8:30 बजे से सोमवार अहले सुबह तक बैरियर जाम रखा जिससे कोलियरी में कई ट्रक फाइनल कांटा करने के बाद भी बाहर नहीं निकल पाए। बता दे कि सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में बीते कई महीनों से ट्रकों के प्रवेश को लेकर विस्थापितो के नाम पर रंगदारी की जाती है ।और मनमाने तरीके से ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है ।कहने को यह कोलियरी सीसीएल द्वारा संचालित है लेकिन बैरियर से लेकर कांटा एवं लोडिंग पॉइंट तक रंगदारों ने कब्जा जमा रखा है। जबकि वहाँ एक पुलिस पिकेट भी स्थापित है।

# बाल विवाह मुक्त झारखण्ड बनाने को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रमों का किया गया आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क के कार्यकर्ताओं सहित 50 वॉलंटियर द्वारा सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के अलग-अलग गाँव व विद्यालयों में बाल विवाह के खिलाफ सघन जागरूकता अभियान व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से छात्रों, शिक्षकों पंचायती राज प्रतिनिधियों महिलाओं, युवक-युवतियों, स्थानीय समाजसेवी संस्थाएं, समाज सेवी कार्यकर्ता आदि ने बढ़चढ़ कर गांव के लोगों को बाल विवाह न करने के लिए प्रयोत्सहित किया गया।साथ ही इस सामाजिक बुराई के खिलाफ शपथ भी लिया गया। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण5(एनएचएफएस-2019-21के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में 20 से 24 आयुवर्ग के बीच की 23.3 प्रतिशत युवतियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया। यह चिंता का विषय है। इस परिपेक्ष्य में यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश के 300 से भी ज्यादा जिलों में चलाया जा रहा है। भारत से 2030 तक बाल विवाह के समग्र खात्मे के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश के 160 गैर सरकारी संगठन जुड़े हुए हैं। बाल विवाह के खिलाफ लोगों ने काफी उत्साह दिखाते हुए गांव गांव में लोग सूरज ढलने के बाद हजारों की संख्या में अपने हाथों में मशाल या दीया लेकर मार्च भी किया? ।और लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि नए भारत में बाल विवाह की कोई जगह नहीं है। इस मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, स्वयम सेवी संस्थाएं, धार्मिक नेताओं, बुद्धिजीवियों सहित समाज के सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। इस मार्च का मकसद गांवों और कस्बों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करना? था। इस दौरान विवाह समारोहों में अपनी सेवाएं देने वालों जैसे कि शादियों में खाना बनाने वाले हलवाइयों, टेंट-कुर्सी लगाने वालों, फूल माला बेचने व सजावट करने वालों, पंडित और मौलवी जैसे पुरोहित वर्ग को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने सौंपी जेपी भाई पटेल को सचेतक की जिम्मेदारी

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू विधायक सह झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने सचेतक की जिम्मेदारी दी।मांडू विधायक जेपी भाई पटेल को सचेतक चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं खुशी का माहौल चरम पर है।मांडू विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने मांडू विधान सभा में इतिहास रचते हुए आजादी के बाद पहली बार मांडू में कमल खिलाने के काम किया है,जिसके इनाम स्वरूप आज शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें सचेतक जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेवारी सौंपी। जेपी भाई पटेल अपने पिता टेकलाल महतो के निधन के पश्चात 2011 में सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाले जयप्रकाश भाई पटेल ने उसी साल विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर मांडू विधानसभा की सीट पर जोरदार जीत हासिल की थी। उसके बाद साल 2013 में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बने थे।2014 के विधानसभा चुनाव में दोबारा जेएमएम के टिकट पर जयप्रकाश भाई पटेल जीतने में सफल हुए हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय पार्टी के अंदर हुई खटपट के बाद जेपी पटेल भाजपा का दामन थामने का निर्णय लिया और अक्टूबर 2019 में भाजपा के हो गए।2019 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर मांडू सीट से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे जयप्रकाश भाई पटेल विधानसभा में जोरदार ढंग से सरकार के विरुद्ध आवाज उठाते रहे जिस वजह से पिछले वर्ष उन्हें निष्कासन भी झेलना पड़ा।विधायक जयप्रकाश भाई पटेल अपने क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर काफी संक्रिय रहते है।अपने पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो जी के सपनो को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। बातचीत में जेपी भाई पटेल ने कहा कि में भाजपा का कार्यकर्ता हूँ।पार्टी मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है,उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने का भरसक प्रयास करूँगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल, गुरु प्रसाद साव, महादेव महतो,राजेश सोनी,अंजू देवी,गायत्री देवी,सीमा देवी,हिरामन महतो,संतोष कुमार महतो,महेंद्र कुमार महतो,दिनेश कुमार मंडल,हरि यादव,कन्हाई यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर बधाई दी।

### बरही विधायक ने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री गंभीर रोग सहायता मद से 50 हजार रुपये का सौंपा चेक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधायक के अनुसंशा पर दिल्ली अखिल भारतीय अनुसंधान संस्थान में इलाजरत विकलांग 4 वर्षीय बालक प्रिंस कुमार पिता प्रदीप यादव करजाइयों कोल्हुआकला निवासी सुनने और बोलने की रोग से ग्रसित है। अखिल भारतीय अनुसंधान संस्थान ने 4 लाख रुपये का अनुमानित खर्च का ब्यौरा पीड़ित परिवार को दिया था। इस संदर्भ में निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सहायतार्थ मुख्यमंत्री गंभीर रोग सहायता राशि से सहयोग करने को लेकर अनुसंशा किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री गंभीर रोग सहायता राशि अस्पताल में चले जाने से युवक का इलाज चल रहा है और इधर पीड़ित परिवार को भाग दौड़ करने के लिए 50 हजार रुपये का चेक विधायक श्री अकेला ने परिवार को सोमवार को कोल्हुआकला जाकर सुपुर्द किया। जिससे परिवार के लोगों ने विधायक सहित मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि अब उनके बेटे का इलाज अच्छे तरीके से हो जाएगा। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया मंगलदेव यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पंचायत अध्यक्ष सकलदेव पासवान, सचिव गोविंद कुमार, दिनेश राम, प्रभु यादव, सुरेंद्र पंडित, प्रदीप यादव, बालेश्वर यादव, नारायण पंडित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### टोकी सूद में रेल ओवर रेल ब्रिज बनाने का टेंडर जारी हुआ : महेंद्र कुमार महतो

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टोकीसूद में रेल ओवर रेल ब्रिज बनाने का टेंडर जारी हुआ है।आगे महेंद्र कुमार महतो ने कहा माननीय सांसद जयंत सिन्हा के पहल एवं मार्गदर्शन में रेल मंत्रालय भारत सरकार ने पतरातू रेलवे स्टेशन से टोकिसूद रेलखंड पर पूर्व मध्य रेलवे निर्माण महेंद्रू घाट पटना द्वारा 86 करोड़ रुपया की लागत से रेल ओवर रेल ब्रिज का निर्माण के लिए रेलवे द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया। यह ब्रिज झारखंड का पहला रेल ओवर रेल ब्रिज होगा इस ब्रिज से ट्रेन या मालगाड़ी किसी भी दिशा में बिना किसी रेलवे ट्रैक को बाधित किए किसी भी दिशा में परिवर्तन किया जा सकता है अभी एक दूसरे ट्रैक में रेल या ट्रेन को परिवर्तन करने के लिए एक ट्रैक को बाधित करना पड़ता है जिसे ट्रेन या मालगाड़ी को रोकना पड़ता है साथ ही समय भी बाधित होता है। इस ब्रिज बनने से बिना बाधित किए हुए कोई भी ट्रेन या मालगाड़ी को एक दूसरे ट्रैक पर परिवर्तन किया जा सकता है।ज्ञात हो कि पतरातू रेलवे स्टेशन से टोकीसूद रेलवे स्टेशन तक एशिया का सबसे बड़ा रेलवे साइडिंग बनाने का प्रस्ताव सीसीएल द्वारा दिया गया है। इसके अलावा अन्य बड़ी-बड़ी कंपनियों का रेलवे साइडिंग खोलने जा रहा है जहां प्रत्येक दिन देश के कौने-कौने एवं अन्य क्षेत्रों में सैकड़ो पावर प्लांट में सैकड़ो बैगन कोयला आपूर्ति किया जाएगा अभी टोकिसूद कोल ब्लॉक वन को एनएमडीसी भारत सरकार को आवंटित किया गया है और टोकिसूद कोल ब्लॉक 2 को भारत सरकार ने ऑक्शन किया है इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलेगा पूर्व भाजपा झारखंड सरकार ने पतरातू को औद्योगिक विकास का केंद्र बिंदु मानकर पतरातू को विकास करने में लगी थीं लेकिन राज्य में सरकार परिवर्तन होते ही सारी योजनाएं ठप पड़ गया है।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस की ट्रॉफी 19 को पहुंचेगी हजारीबाग

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस का आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती रांची में 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक किया जा रहा है जिसमें देश तथा विदेश से अनेकों खिलाड़ी रांची पहुंचेंगे। कार्यक्रम से पूर्व ट्रॉफी टूर का आयोजन किया गया ट्रॉफी टूर का शुभारंभ 13 अक्टूबर को रांची से किया गया जिसके बाद विभिन्न जिले का भ्रमण कराया जा रहा है 19 अक्टूबर को हजारीबाग की पावन धरती पर आगमन होगा जिसकी तैयारी को लेकर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, समेत तमाम पदाधिकारी और खेल प्रेमी अति उत्साह में नजर आ रहे है।

जिसको लेकर सोमवार को ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचीव कुलेश्वर गोप, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, मन्सूर आलम, जिला ओलम्पीक सचीव चन्देश्वर दास, साथ में कुन्दन कुजूर, रवि कुमार, संदीप खलखो जितनन्दन महतो, मोनिका कुमारी,पल्लवी कच्छप सहित कई लोगों ने उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रांची में आयोजित चैंपियनशिप की विस्तार से जानकारी दी गई जिसके बाद उन्हें बताया गया की 19 तारीख को हजारीबाग में ट्रॉफी का स्वागत किया जाएगा। आप सभी ट्रॉफी के स्वागत में अवश्य उपस्थित होकर झारखंड में पहली बार आयोजित इस चैंपियनशिप की सभागी बनी। सोमवार को हजारीबाग हॉकी एसोसिएशन संघ का हुआ विस्तार। हजारीबाग हॉकी एसोसिएशन संघ का विस्तार किया गया जिसमें झारखण्ड हॉकी के महासचिव विजय शंकर सिंह की उपस्थिति में गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सचिव कोलेश्वर गोप, कोषाध्यक्ष कुन्दन कुमार,उपाध्यक्ष मंसूर आलम मुकेश शर्मा को हजारीबाग हॉकी एसोसिएशन का पदाधिकारी बनाया गया है। मौके पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों के लिए गर्व का बात है। यह चैंपियनशिप में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। 19 तारीख को हजारीबाग में ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही कहा की सोमवार को हजारीबाग हॉकी एसोसिएशन संघ का गठन किया गया है, पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और अनंत शुभकामनाएं।

## खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति कार्यालय का किया गया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह कोयला खनन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लंगातू में खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति कार्यालय का समिति के सारे सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगो ने अपना विचार देते हुए कहा कि एक कार्यालय की बहुत आवश्यकता थी। इस समिति में विलेज मॉबलाइजर की महीने में एक तारिख और पंद्रह तारीख को बैठक की जाएगी जिसमे समिति के सदस्यों के समस्याओं को दूर किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि हमलोगों को राजनीतिक पार्टी से हटकर इस समिति को चलाना हे तभी यह समिति आगे विकसित हो सकता है। क्षेत्र के विस्थापित समस्याओं को भी इस समिति के माध्यम से दूर करने का प्रयास करेंगे। आपसी मनमोटव से नही मनमिलाव से रहना होगा और हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा तभी आपसी तालमेल बना रहेगा। मौके पर मुख्यरूप से गोबिंद महतो, प्रमोद महतो, गुड्डू राम, प्रेम यादव, अर्जुन महतो, मनोज विश्वकर्मा, राकेश मिश्रा, सोनू कुमार, रामचंद्र साव, बरकत अली, प्रकाश महतो, मेराज मिया, उमेश साव, सफीउल्लाह अंसारी, सुनील कुमार,आलोक राम, विनोद कुमार, रंजन कुमार, बरकत अली, साबिर अंसारी,खेमानी साव सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी चट्टी-बरियातू में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दांत का जांच, निःशुल्क नेत्र का जांच एवं निशुल्क रक्त का जांच हुआ। जिसमें कुल 118 कर्मियों एवं अन्य जरूरतमंदों का शिविर में निशुल्क दांत एवं नेत्र का जांच के साथ दवाई बांटा गया एवं चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंदों ने निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

शिविर का नेतृत्व जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली ने किया तथा विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं जरूरतमंदों को शिविर में स्केलिंग और निष्कर्षण जैसी प्रक्रिया की सेवाएं दी।

## झामुमो नेता गौरव पटेल ने नवादा में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के तिरंगा मोड पानी टंकी के समीप एक सौ केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर मांडू विधान सभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ने सोमवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां के ग्रामीण लगभग पंद्रह दिनों से अंधकार में थे। बिजली नहीं रहने के अभाव में लोग काफी परेशानी झेल रहे थे। नया विद्युत ट्रांसफार्मर का स्विच ऑन होते ही बिजली आने से ग्रामीण खुशी से झूम उठे। उद्घाटन के मौके पर विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति,पंचायत सचिव शोएब अख्तर,मुजफ्फर अंसारी, मनुवर आलम, मास्टर उत अल्लाह, साकिर अंसारी, इसी बुल्लाह, फिदा हुसैन, लाइफ मियां, नासिर अंसारी, जाविद अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## बाल विवाह से आजादी अभियान, उपायुक्त ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बाल विवाह से आजादी अभियान को लेकर समाहरणालय परिसर से बाल विवाह से आजादी अभियान जागरुकता रथ को उपायुक्त नैन्सी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरुकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घुम-घूम कर बाल विवाह से होने वाली बुराइयों के बारे में प्रचार-प्रसार करेगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

उपायुक्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाल विवाह एक अत्यन्त गंभीर मुद्दा है जिस पर रोक लगाने हेतु जमीनी स्तर पर जन-मानस को जागरुक करते हुए जिले में बाल विवाह के विरुद्ध सकरात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है। सरकार के निदेशानुसार जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि बाल विवाह से आजादी अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करे तथा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाएं। जिले में बाल विवाह से संबंधित घटना की सूचना जिला / प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को देने की अपील लोगों से किया।

## सांसद व विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** सोमवार को हज़ारीबाग जिला के चुरचू प्रखण्ड चरही पंचायत के ग्राम-सरवाहा टोला तेतरिया में कालीकरण पक्का पथ से छोटन महतो के घर तक पी.सी.सी.पथ-का जल संसाधन विभाग से डी.एम.एफ.टी.मद से निर्माण कार्य का शिलान्यास। हजारीबाग लोक सभा के सांसद माननीय जयंत सिन्हा एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक माननीय जय प्रकाश भाई पटेल के कर कमलों द्वारा किया गया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,चरही पंचायत मुखिया संजली मुर्मू, बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो,चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, सांसद प्रतिनिधि संजय कुमारसाव ,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,पंचायत समिति सदस्य आशा राय, रोहित महतो,घनश्याम महतो,पंचायत समिति सदस्य निरंजन महतो,भूषण कुमार,मंटू सिंह, राजेश कुमार, कुमार, भुसन कुमार, सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बने अजीत राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के अजीत राम को वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो टीएसएस के प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार,पूर्व पंसस वन बिहारी कुमार, ने संयुक्त रूप से बरसोत चौक पर माला पहनकर स्वागत किया। एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष से लोगों ने आशा और उम्मीद कि वह पहले से बेहतर कार्य करेंगे।और जंगलों की अवैध कटाई से बचाएंगे जो आगे चलकर पर्यावरण को शुद्ध करने में मददगार साबित होगी। मौके पर वार्ड सदस्य सुधीर कुमार,प्रभाकर पाठक, दीपक पाठक, राकेश रजक, राजकुमार राम, मनोज केसरी, भोला महतो,अशोक चंद्रवंशी, रामेश्वर ठाकुर,प्रेमचंद कुमार, अश्वनी सिन्हा,गोपाल राम, एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे ।

## बेहतर कार्य कर रही है हेमंत सरकार : संजय सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के सांढ पंचायत महावीर मंदिर प्रांगण में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया है । जिसकी अध्यक्षता बालेश्वर राम एवं संचालन रविंद्र ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य संयोजक संजय सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां उपस्थित हुए। संजय सिंह के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारीओ को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा और सदस्यता रसीद देकर सम्मानित किया।

वहीं संजय सिंह ने कहा हेमंत सरकार अच्छा कार्य कर रही है। नशा से दूर रहने के लेकर नशा मुक्ति अभियान सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। दिन प्रतिदिन शिक्षा पर पूरे प्रदेश में हर एक दिन कुछ ना कुछ कार्य कर रही है। मौके पर पंचायत कमिटी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष बालेश्वर राम, उपाध्यक्ष अरुण मिस्त्री, रविंद्र ठाकुर, पूनम देवी, सचिव अक्षय कुमार महतो, संयुक्त सचिव संतोष राम, रोहित महतो, पुनीता देवी,संगठन सचिव मोहन महतो, कोषाध्यक्ष गुलाब भुईयां, कार्यकारिणी सदस्य पर्वतीय देवी, दिलेश्वर प्रसाद, कामेश्वर महतो, ललित राम, रूपलाल महतो, आशीष कुमार राम, सोनू राम, छत्रपति महतो, राकेश महतो, प्रहलाद कुमार ,देवेंद्र कुमार ,त्रिवेणी महतो, रंजू देवी, शांति देवी, पिंकी देवी, विकास कुमार, निलेश कुमार दांगी, नवनीत कुमार दांगी, राजेश कुमार, बहादुर राम एवं अर्जुन राम को बनाया गया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत कांडतरी में महिलाओं ने निकाला जागरूकता अभियान

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत में नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सह जिला उपाध्यक्ष मुखिया संघ पारसनाथ प्रसाद, संचालन जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी एवं उप प्रमुख वचन देव कुमार ने किया। दर्जनों महिलाओं ने तख्तियां लेकर नारा लगाया, नशा से रहे कोशो दुर, शिक्षा हर घर में हो जरूर, हम महिलाओं ने ठाना है कांडतरी पंचायत को नशा मुक्त बनाना है। मौके पर मुखिया सह जिला उपाध्यक्ष मुखिया संघ पारसनाथ प्रसाद ने कहा कि पंचायत को नशा मुक्त बनाना है जिसके लिए हर घर के महिलाओं को जागरूक होना होगा तभी संभव हो सकेगा। वही जीप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि नशा से दूर रहे। बच्चों को शिक्षा दें तभी आपके घर परिवार का विकास होगा। नक्शा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में सखी मंडल का विशेष योगदान रहा।

## जनता दरबार में पहुंचे सैकड़ों फरियादी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवास में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजित पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,जयंत तुरी,अंजन प्रसाद,संजय सिंह,नईम अंसारी, योगेंद्र खरवार,रमेश बेदिया,अजय पासवान,शेम्स खान, हरिदास साव,रामशरण गिरी,बारिक अंसारी, चैता करमाली,बब्लू अंसारी,रवि साव, चंदन साव,तिलेश्वर साव, अजय यादव एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## अग्रसेन जयंती हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नानी बाई रो मायरो कार्यक्रम में श्वेता चौधरी एवं सोनाली बंसल संयोजिका के रूप में भूमिका अदा की। कहा जाता है किसी भी चीज को संवारने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान की आवश्यकता होती है और किसी चीज को दर्शाने के लिए एक मंच तथा समाज की आवश्यकता होती है। हम बात कर रहे हैं मारवाड़ी अग्रवाल समाज जिसके द्वारा बीते 8 अक्टूबर से लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही थी 15 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का विभिन्न चौक चौराहा पर समाज तथा सामाजिक सेवा करने वाले लोगों के द्वारा स्वागत किया गया शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद अग्रसेन भवन के सभागार में नानी बाई रो मायरो का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के साथ किया गया जिसके बाद समाज के अध्यक्ष, जयंती संयोजक, महिला मंडल की अध्यक्ष, युवा मंच के अध्यक्ष सहित अन्य पाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि का फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र उड़कर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका के रूप में श्वेता चौधरी एवं सोनाली बंसल ने अपनी अहम भूमिका निभाई, नृत्य प्रस्तुत करने वालों में

हिमांशी, पीहू, अनिस्का, कोमल, अश्विका, आन्वि, अन्या, अनिका सुलोचना, बिपाशा, राकेश चौधरी, छवि, चिनमय, अर्णव, आदित्य, मानवी चौसहरी आरव फोगला,आरुषि शामिल है। इनके द्वारा कार्यक्रम की बेहतर प्रस्तुति दी गई। नानी बाई रो मायरो राजस्थान की प्रचलित एक लोककथा है। जिसको नाटक के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया गया।

## विधायक ने किया धोती साड़ी का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** नवरात्र पूजा के दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना अंतर्गत बरही प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में जाकर कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। नवरात्र पूजा में अंग-वस्त्र पाकर कार्डधारकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस दौरान निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सोना सोबरन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। यह वर्ष में दो बार इस योजना का लाभ लोग ले रहे है। कार्डधारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार ने इस तरह की योजना शुरू की है और गरीबों तक पहुंचाने का काम किया है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता किसी पर्व त्योहार पर बच्चों के लिए नए-नए कपड़ों की चिंता करते हैं, उसी प्रकार सरकार भी आपके राशन, पेंशन के साथ-साथ आपके वस्त्र की भी चिंता की है जो सरकार का एक भावनात्मक प्रयास है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि सरकार को गरीबों की चिंता है। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर आप ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद ले सकते हैं। विधायक ने सोना सोबरन योजनांतर्गत किरण महिला मंडल, रामलखन यादव, बैजंती महिला मंडल, मालती महिला मंडल, सरस्वती महिला मंडल, भगवती महिला मंडल, बद्री प्रसाद यादव, दिलावर हुसैन, अर्जुन रविदास, डोमन पांडेय, सौंदर्य महिला मंडल, मसोमात सावित्री देवी, लालधारी यादव, चंद्रमुखी महिला मंडल, मुकेश कुमार राणा, जहूर अंसारी, मनुलाल प्रसाद, किशोरी प्रसाद, ओम महिला मंडल, महादेव प्रसाद, चमेली महिला मंडल रानीचुंवा, अमित महिला मंडल में धोती साड़ी का वितरण किया।


प्रभात मंत्र प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## द ईस्टर्न आर्क के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारतीय नौसेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव द ईस्टर्न आर्क में अपनी भागीदारी की घोषणा की। फ्लीट ड्राइव की शुरुआत हो गई है जो अगले 12 दिनों में, 17 शहरों को कवर करते हुए और भारत के पूर्वी तट पर दो रेडियल मार्गों और समूहों के साथ लगभग 6000 किलोमीटर की कुल दूरी तय करेगी।इस महत्वपूर्ण ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए विशाखापत्तनम में नौसेना के डॉकयार्ड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, प्रमुख फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, पूर्वी नौसेना कमान के साथ टीकेएम के प्रतिनिधि, अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग की गरिमामयी उपस्थिति थी। भारतीय नौसेना के अच्छे उद्देश्य का समर्थन करने के लिये टीकेएम ने चार हाईलक्स और तीन फॉर्च्यूनर मॉडल सहित सात वाहनों के बेड़े के साथ आवश्यक सहायता प्रदान की है। इसका उपयोग विभिन्न दूरदराज के स्थानों में चुनौतीपूर्ण इलाकों और ऊबड़-खाबड़ ऑफ-रोड मार्गों को पार करने के लिए किया जाएगा। यह ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव टोयोटा वाहनों के साथ भारत के पूर्वी क्षेत्र के विविध और जीवंत परिदृश्यों के माध्यम से अपनी उल्लेखनीय यात्रा पर निकली है, जो अपने बेजोड़ प्रदर्शन, बहुमुखी प्रतिभा और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है। ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव, जिसका नाम द ईस्टर्न आर्क ठीक ही दिया गया है, खास महत्व रखती है क्योंकि यह भारतीय नौसेना के आउटरीच कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ तालमेल में है, जिसका उद्देश्य नागरिक आबादी से जुड़ना है।

## टोयोटा द्वारा ग्रेट 4X4 अभियान का एक और रोमांचक फ्लैग-ऑफ - चौथा जोनल ड्राइव भारत के पूर्वी क्षेत्र में शुरू हुआ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा द्वारा ग्रेट 4×4 एक्सपीडिशन के पूर्वी जोनल फ्लैग-ऑफ की घोषणा की, जो पूरे भारत में साहसिक ऑफ-रोड यात्राओं की श्रृंखला में चौथा रोमांचक ड्राइव लेकर आया है। यह मनोरम कार्यक्रम 13 से 15 अक्टूबर, 2023 तक अजोध्या हिल टॉप, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल के सुरम्य परिदृश्य में ऑफ-रोडिंग उत्साही लोगों को एकजुट करते हुए एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है। इस अभियान का पहला अभियान मई 2023 में शुरू हुआ, जिसमें सफल ड्राइव आयोजित की गई। भारत के दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र। इनमें से प्रत्येक ड्राइव में 4×4 पंखे, देश के कई शानदार परिदृश्यों में विशेष रूप से क्यूरेटेड 4-व्हील ड्राइव अनुभव की पेशकश की गई। इसके अलावा, टोयोटा द्वारा ग्रेट 4×4 अभियान के अपने पहले क्षेत्रीय अभियानों की जीत का विस्तार करते हुए, यह पहल 4×4 एसयूवी समुदाय को अद्भुत अनुभव प्रदान करने, रोमांच के लिए उनके जुनून को प्रज्वलित करने और लोकाचार को बढ़ावा देने में कंपनी के समर्पण की पुष्टि के रूप में खड़ी है। सामूहिक खुशहाली लाना और सभी के लिए गतिशीलता प्रदान करना।

## प्लेटिनम लव बैण्ड्स के नए सीजन के कलेक्शन के साथ मनाएं 'अपने कमिटमेन्ट के खास पल' का जश्न

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सेलिब्रेशन का सीज़न आ चुका है, हम खुशियों के साथ त्योहारों के जश्न को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। बहुत से कपल्स के लिए ये दिन और भी खास होते हैं, जिनकी शादी या सालगिरह इन्हीं दिनों में आती है, या वे लोग जो अपने अनूठे रिश्ते को और भी खास बनाना चाहते हैं। ये वो पल हैं जब कपल्स एक दूसरे के लिए कमिटमेन्ट करते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनका प्यार सबसे खास और कीमती है। वे जानते हैं कि उन्हें अपने साथी से अच्छे, बुरे हर पल में उतना ही प्यार मिलने वाला है, वे जानते हैं कि उनके जैसा प्यार कहीं ओर नहीं! प्लेटिनम लव बैण्ड 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बनाए जाते हैं, जो प्यार का प्रतीक हैं। ये उस प्यार का अहसास कराते हैं जो आधुनिक मूल्यों के साथ एक दूसरे के सम्मान करने, एक दूसरे की जीत पर खुशी जताने और एक साथ मिलकर ज़िम्मेदारियों को बांटने, पारम्परिक भूमिकाओं एवं लिंग से जुड़ी सभी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रेरित करता है। इसी खास प्यार का जश्न मनाने के लिए प्लेटिनम लव बैण्ड अपना नया कलेक्शन लेकर आए हैं। इस शानदार कलेक्शन को आकर्षक रीपीटिंग पैटर्न, विशेष टेक्सचर, भव्य लाईनों के साथ बड़ी ही खूबसूरती से डिज़ाइन किया गया है।प्लेटिनम लव बैण्ड्स को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि वे एक रिश्ते के खास पलों को परिभाषित करते हैं वे प्यार की अभिव्यक्ति का परफेक्ट माध्यम हैं, ऐसे में ये अपने पार्टनर को देने के लिए बेहतरीन तोहफा है।

## हिन्दुओ के धार्मिक भावनाओ के साथ खेलना पड़ सकता है महंगा : सिसोदिया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया ने प्रेस ब्यान जारी कर छावनी परिषद सब्जी मंडी में अवस्थित सूरज हॉल रामलीला के लिए नहीं मिलने पर कड़े शब्दों में निंदा किया और कहा रामगढ़ छावनी परिषद सब्जी मंडी में अवस्थित सूरज हॉल सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न करने हेतु धार्मिक आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है । सूरज हॉल में आजादी के बाद से ही रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किए जाने की वर्षों पुरानी परंपरा रहा है । परंतु कतिपय कारणों से सूरज हॉल में कुछ लंबे कालखण्ड से रामलीला का आयोजन नहीं किया जा रहा है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है । सबसे बड़ी बात है कि कई वर्षों से सूरज हॉल की देखभाल रामगढ़ कैंट दशहरा समिति छावनी परिषद मैदान फूटबाल मैदान से जुड़ा रहा है यह बात रामगढ़ की जनता जानती है । विगत कुछ वर्षों से कुछ दबंग लोग गैर कानूनी तरीके से कब्जा कर सूरज हॉल को कमाई करने का माध्यम बना चुका है साल भर की कमाई लाखों रुपए वसूली कर व्यावसायिक अड्डा बना दिया गया है।

## कंप्यूटर दुकान का बदमाशों ने तोड़ा ताला

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना रामगढ़ क्षेत्र के सिरका एसबीआई के बगल कंप्यूटर दुकान का अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़ा। लेकिन ट्रैक्टर स्टैंड सब्जी दुकान के समीप शो रहे एक व्यक्ति के द्वारा हो हल्ला करने के बाद आधा दर्जन चोरों का दल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए। इस संबंध में सोमवार को दुकान संचालक रणधीर कुमार ने बताया कि बीते 14 अक्टूबर की रात्रि करीब 11:30 से 12:30 के बीच अज्ञात 6 चोरों के दल ने लाल रंग के गमछे से अपने मुंह को बांधकर दुकान के दरवाजे पर लगे तीन से चार ताले तोड़ दिए थे। लेकिन अंतिम ताले को तोड़ने के दौरान स्टैंड के समीप दुकान में सो रहे व्यक्ति की नजर में आ गए। जिससे बदमाश भाग खड़े हुए। दुकान से चोरी की घटना नहीं घट पाई। बताया जाता है कि बीते 13 अक्टूबर की रात्रि शनिचरा बाजार शिव मंदिर के सामने मुस्कान ट्रेलर पिकू दुकान से भी चोरी की वारदात सामने आई हैं। यहां से दो हजार नगद व सामानों की भी चोरी हुई हैं। बढ़ती चोरी की घटना को देख दुकानदार अब अपनी दुकानों में सोने लगे हैं। जबकि कुछ रातोभर पहरा देने में भी समय बिता रहे हैं।

## द्वितीय वर्षगांठ सह सरना झंडागड़ी संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डुलमी प्रखंड के हरहद कंडेर (बोरवाटोला)सरना स्थल में द्वितीय वर्षगांठ सह सरना झंडागड़ी (केंद्रीय आदिवासी सरना प्रार्थना सभा जय सरना ट्रस्ट) के केंद्रीय अध्यक्ष धरम गुरु श्री कृष्णा उरांव व स्थानीय पाहन जगेश्वर मुंडा के देख रेख में पुजा संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि- जिला रामगढ़ से( समाजसेवी संजु मुंडा ) विशिष्ट अतिथि (अधिवक्ता किरण मुंडा )केंद्रीय सचिव सह सरना धरम अगुआ, पतरातु क्षेत्र से केंद्रीय सदस्य नरेश मुंडा,राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा गड़के जिला अध्यक्ष राजेश मुंडा, कोयलांचल क्षेत्र से समाजसेवी दीपक उरांव, सुनिता उरांव,मंजु देवी गेतलसूद रांची से मंजु देवी। सर्व प्रथम धरम गुरु ने आखरा से पुजा शुभारंभ किया उसके बाद सभी सरना धर्मावलंबी सिरासिता में डाड़ी से कलश में जल उठाकर सरना स्थल के लिए प्रस्थान किया और सरना स्थल में धरम गुरु ने विधिवत रूप से प्राकृतिक मां सरना का आराधना कर झंडागड़ी किया और गांव कि सुख समृद्धि का कामना किया।किरण मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज को हमेशा अपनी धर्म तथा वंशजो द्वारा मिली विरासत जल, जंगल, जमीन को बचाये रखना है, और शिक्षा ही एकमात्र ऐसा दिशा है जिससे कि आदिवासी समाज प्रत्येक क्षेत्र में विकासशील हो सकता है।इस अवसर पर आदिवासी समाज ने इस मंच से केंद्र सरकार नरेन्द्र मोदी व राज्य सरकार हेमन्त सोरेन के प्रति नाराजगी जताई कहा की आदिवासी समाज के प्रति तनिक भी आदिवासी समाज कि चिंता नहीं है। मौके पर अध्यक्ष हीरालाल मुंडा, शुनिल मुंडा, प्रेमलाल मुंडा,दीपक मुंडा, दुलमी प्रखंड के दर्जनों गांवों से आदिवासी भजनमंडली ने हिस्सा लिया ।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, मुआवजा राशी, स्वास्थ्य, बिजली, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



# उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम परियोजना निदेशक आत्मा श्री प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 13122 के विरुद्ध कुल 8913 किसानों को इस योजनान्तर्गत लाभान्वित किया गया है। वहीं लंबित आवेदनों का सत्यापन कर लाभ देने की तैयारी की जा रही है। पीएम किसान योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया गया कि कुल 53957 प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध अब तक 32469 लाभुकों को सत्यापन उपरांत लाभान्वित किया गया है एवं शेष बचे लाभुकों का ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार



सीडिंग में आ रही त्रुटियों का निराकरण करने के उपरांत जल्द ही योजना का लाभ दिया जाएगा।बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। जिसपर परियोजना निदेशक आत्मा ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक कुल 28563 किसानों को केसीसी से आच्छादित किया गया है एवं इस वित्तिय वर्ष में कुल 2385 किसानों को केसीसी से जोड़ा जा चुका है। जिसके उपरांत उपायुक्त ने योग्य लाभुकों को केसीसी का लाभ देने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर से घर-घर केसीसी अभियान चलने का निर्देश दिया जिसमें केसीसी, पीएम किसान, ऋण माफी योजना अंतर्गत आने वाली त्रुटियां का निराकरण कर लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही पशुपालकों को भी विशेष स्तर पर केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परियोजना निदेशक आत्मा को योजना तैयार कर किसानों को मडुवा की खेती के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने ससमय रवि वर्कशॉप एवं कृषि मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने ड्रिप इरिगेशन हेतु प्राप्त आवेदनों को जिला के वेब पोर्टल पर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया।उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अब तक किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक कृषकों को लाभ देने के उद्देश्य से योजना तैयार कर लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

## दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन 20 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल सिरका के सार्वजनिक मां दुर्गा पूजा पंडाल का आगामी 20 अक्टूबर को महाषष्ठी के दिन मुख्य रूप से उपस्थित रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा एक साथ उद्घाटन करेंगे। साथ ही माता जगदंबे से अपने और सबों के लिए शुभ आशीर्वाद मांगेंगे। इसके अलावे विशिष्ट अतिथि में अंजना पांडे, मैनेजर सिरका राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। 21 अक्टूबर को महासप्तमी की पूजा नवपत्रिका महास्नान के साथ, जबकि 22 को महाअष्टमी की पूजा सुबह 8:00 बजे, संधी पूजा शाम 4:54 से आरंभ होगी। 23 अक्टूबर को महानवमी की पूजा प्रातः 8:5 बजे से प्रारंभ होगी। 24 को महादशमी की पूजा सुबह 8:00 बजे से होगी। जबकि 25 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे पूजा, 8:45 पुष्पांजलि 8:45 बजे, सिंदूर खेला 9:30 बजे, दोपहर 3:00 बजे प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसकी जानकारी पूजा समिति के सचिव सत्येंद्र कुमार व अन्यो ने सोमवार को दिया।

# अयोग्य राशन कार्ड धारियों के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा सोमवार को अयोग्य राशन कार्ड धारीयों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।जांच अभियान के दौरान कार्ड धारी फुटकी देवी, गुड्डू पोद्दार, लखी देवी, वीना देवी, संगीता देवी, कौलेश्वरी देवी, सीमा देवी, हलधर महतो, बिना देवी, बकाउल्लाह एवं संध्या देवी राशन कार्ड अहर्ता के अनुरूप अयोग्य पाए गए। जिसके उपरांत सभी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए राशन लिए जाने की तिथि से भू-राजस्व के बकाए के सदृश्य बाजार दर पर 12त्न व्याज के साथ जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान उपरोक्त कुल 11 लोगों से कुल 1 लाख 15 हज़ार 663 रुपए की ब्याज राशि सहित 10 लाख 79 हज़ार 522 रुपए की राशि वसूल की जाएगी।उपायुक्त रामगढ़



चंदन कुमार ने प्रखंड/नगर निकाय, पंचायत/शहरी वार्ड एवं जन वितरण प्रणाली दुकान स्तर पर गठित सतर्कता समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो को दिया है। उक्त सतर्कता समितियां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के किसी उपबंध के उल्लंघन के संबंध में तथा किसी अनाचार या निधियों के दुर्विनियोग के संबंध में जिला शिकायत निवारण अधिकारी को लिखित में सूचित करेंगे।

## वन अधिकार समिति का किया पुनर्गठन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मंझला चुम्बा पंचयात सचिवालय में सोमवार को अबुवा वीर दिशूम वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर जिसकी अध्यक्षता मुखिया लक्ष्मी देवी तथा संचालन पंचयात समिति सदस्य महेंद्र दास ने किया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम मंझला चुम्बा तथा ग्राम छोटका चुम्बा में 15 -15 सदस्यों का समिति गठन किया गया। जिसमें ग्राम मंझला चुम्बा से अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दास सचिव पिंकी देवी तथा ग्राम छोटका चुम्बा से अध्यक्ष सुनील मुंडा सचिव पिंकी देवी को चुना गया। इस मौके पर वार्ड सदस्या लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य राजेन्द्र कुमार दास, जयलाल रविदास, बबलू साव, मनोज सिंह, भुनेश्वर भुइयां, रामसकल रविदास, मदन राम, अशोक राम, राजेन्द्र रवि, प्रेम राम, अमित राम, जोगेन्द्र रविदास, राजगीर साव, पपू साव, सहदेव साव, महमूद मिया, खातिर अंसारी, अजित मुंडा, दिपक मुंडा, राज कुमार मुंडा, जीतू मुंडा, आजाद रविदास, संतोष रविदास, पुनीत कुमार दास, सावित्री देबी, आशा देवी, रुबेदा खातुन, ललिता देवी, गूंजा दास, अनिता देवी, सुगवा देवी, गुलाबी देवी, जयंती देवी, सुषमा देवी आदि कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।




## आदिवासी झंडागड़ी कर शहीद जीतराम की तस्वीर हुई स्थापित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया के चित्र को लेकर घुटूवा शुक्रवार बाजार चौक में बीते 15 अक्टूबर को रामगढ़ नगर परिषद् 21नं0 वार्ड घुटूवा के वार्ड कमिश्नर (मुखिया) गीता देवी, पूर्व जिला पार्षद-सुरपति देवी, देवकीनंदन बेदिया,सरजू बेदिया,बिक्की बेदिया, संतोष बेदिया,आजाद बेदिया,श्रवण बेदिया अन्य दर्जनों लोगों की उपस्थिति में आदिवासी झंडा गाड़ कर शहीद जीतराम बेदिया की तस्वीर पर माल्यार्पण कर स्थापना की गई और मिठाई बांटी गई। मुखिया गीता देवी ने घोषणा की कि यहां 20म10 फुट का एक चबूतरा बनाया जाएगा और 1857 सिपाही विद्रोह काल में लड़ते लड़ते शहीद हो गए थे।उनकी स्मृति में स्वतंत्रता-संग्रामी शहीद जीतराम बेदिया का मूर्ति लगाया जाएगा।



## दुर्गा पूजा को लेकर एसडीयो ने की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के मद्देनजर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकरियों अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से उनके उनके क्षेत्र में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों, विसर्जन हेतु निर्धारित मार्गो, रावण दहन कार्यक्रम हेतु स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष व वॉलिंटियर्स का नंबर संलग्न करते हुए प्रतिवेदन जल्द से जल्द अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पूजा समितियों के साथ-साथ अन्य लोगों को दुर्गा पूजा पर्व के दौरान निर्धारित नियमों की जानकारी देने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल किसी भी हालत में न होने देने, निर्धारित तिथि को ही मूर्ति विसर्जित करने व निर्धारित मार्ग से ही विसर्जन हेतु जाने आदि के प्रति जानकारी देने का निर्देश दिया।जिला अंतर्गत सभी थानों में शांति समिति की बैठकों की जानकारी लेने के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने जिन थानों में अब तक शांति समिति की बैठक का आयोजन नहीं किया गया है वहां जल्द से जल्द बैठक आयोजित करने एवं शांति समिति के सदस्यों को पर्व के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया।



### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 15/2023–24 दिनांक 14.10.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा सदर | भक्सो | ऑगनबाडी केन्द्र भवन भक्सो का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 2 | | तिगरा | ऑगनबाडी केन्द्र भवन तिगरा का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 19.10.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 25.10.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 26.10.2023/01:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 27.10.2023/05:00 बजे अपराह्न |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 309286 Lohardaga(23-24)#D

### उपायुक्त - सह - जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

(जिला समाज कल्याण शाखा)

**आम सूचना**

तोरपा प्रखण्ड, जिला खूँटी के आंगनबाड़ी केन्द्र निचितपुर, पंचायत उड़िकेल की सहायिका सनातन स्नेह गुड़िया लगातार केन्द्र में अनुपस्थित है। पत्राचार भी किया गया किन्तु डाक वापस आ गया। 10 दिनों के अंदर जिला समाज कल्याण कार्यालय खूँटी में अपना मंतव्य प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
खूँटी

PR 309283 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(द्वितीय कॉल)**

निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 860 दिनांक– 14.10.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम एंव पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 26.10.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– दिनांक– 27.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– दिनांक– 27.10.2023 के अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल :–(i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण हॉस्टल, प्रथम तल्ला,धुर्वा, रॉंची। (ii) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रॉंची। (iii) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :–क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालय में क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि एवं समय अनुसार।।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मरचा–रनिया–सौदे पथ के विभिन्न पथांशों में साधारण मरम्मति / Breast wall एवं नाली निर्माण कार्य। | 49,99,800.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | तीन माह |

1) निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है।
2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट – बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के संमय देखा जा सकता है।
3) कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र, GSTIN से संबंधित प्रमाण पत्र की सुस्पष्ट छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
5) पथ प्रमण्डल, खूँटी अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR.NO.309254 Road(23-24):D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

Email id:sslohardaga@gmail.com

–:: अति अल्पकालिन निविदा सूचना ::–

संशोधित

**PR No-308622**

लोहरदगा जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत् वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा–निर्धन,विधवाओं,वृद्धों,दिव्यांगो ,भुमिहीनों,निःसहाय ,बंधुआ मजदूरों एवं भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु Gem Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग **15250** (पन्द्रह हजार दो सौ पचास) अदद है,यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

**Bid Item Details**

| क्र0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | Sticker/Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्बल(ऊनी) | 90"x60" | 02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम) | 3"x3" Dimension का (झारखण्ड सरकार एवं महिला बाल विकास,झारखण्ड,राँची) लोगो सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। | 15250 (Approx) |

**Salient Feratures of Bid Document**

| S/N | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | 4575000/-(पैंतालीस लाख पचहत्तर हजार रूपये) |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि (GeM Portal) पर | 13-10-2023 |
| 3 | EMD | Rs.91500/- (2% of bid amount),Only Demand Draft in favour of "Assistant Director,Social Security,Lohardaga "Payable" at Lohardaga) |
| 4 | Bank Gurantee (of successful bidder) | 5% of Bid amount Rs.2,28,750/-as FDR has to be submitted within two days of bid finalization in favour of Assistant Director,Social Security,Lohardaga |
| 5 | GeM Portal पर Online निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/स्थान | 20.10.2023 Gem Portal (https://gem.gov.in) |
| 6 | कम्बल का नमूना/कागजात जमा करने की अंतिम तिथि। | दिनांक–25.10.2023 समय–अपराहन् 2:00 बजे तक स्थान –जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,समाहरणालय,लोहरदगा। |
| 7 | निविदादाताओं का क्रय समिति के साथ बैठक की तिथि। | दिनांक–26.10.2023 समय–अपराहन् 03:00 बजे स्थान–जिला समाहरणालय सभाकक्ष,लोहरदगा। |

**Note:-** निविदादाता की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि निविदादाता द्वारा अधिकृत पत्र में साथ निविदा समिति की बैठक में उपस्थित होंगे। उपरोक्त निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी https://lohardaga.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.309274 Lohardaga(23-24):D ह0/–उपायुक्त, लोहरदगा।

## बाल विवाह मुक्ति को लेकर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित




**बोकारो( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरे देश में चल रहे ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर सहयोगिनी संस्था द्वारा बोकारो जिले मे आज 172 जगह जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में आज 73000 महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली , कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे। बड़े पैमाने पर हुए इन कार्यक्रमों में लोगों ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 5 (एनएचएफएस-2019-21 ) के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में 20 से 24 आयुवर्ग के बीच की 23.3 प्रतिशत युवतियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया था, जबकि में बोकारो जिले में 26.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह? 18 वर्ष की होने से पहले हो गया था। श्रीमती सागर ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश के 300 से भी ज्यादा जिलों में चलाया जा रहा है। भारत से 2030 तक बाल विवाह के समग्र खात्मे के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश के 160 गैर सरकारी संगठन जुड़े हुए हैं।

## धनबाद जिला फुटबॉल लीग : टाटा फीडर सेंटर ने अपना यंग बॉयज को 3-0 से हराया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भितीया स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग का मैच में टाटा फीडर सेंटर की टीम 3-0 से अपना यंग बॉयज टीम को पराजित कर दिया। टाटा फीडर सेंटर सुजल कुमार की गोल से मध्यांतर तक एक गोल से आगे था। मध्यांतर के बाद सुभाष बरुआ ने शानदार फ्री किक से टीम का दूसरा गोल किया। वासुदेव ने टीम की ओर से तीसरी गोल की। इस अवसर पर जिला संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका वीरेंद्र यादव, संजय हेंब्रम, सूदन लाल सोरेन, हेमलाल टुडू ने निभाया।

## वृद्धा आश्रम में श्रेया सिंह ने मनाया जन्मदिन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम और लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में लोगों को स्वादिष्ट भोजन करा के तथा उनके संग जन्मदिन का केक काटकर श्रेया सिंह ने अपना जन्मदिन मनाया। मौके पर आश्रम में उपस्थित श्रेया सिंह के पिता सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला धनबाद के सहायक महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा की आश्रम में आकर बहुत ही ऊर्जावान महसूस करता हूं और अपने बच्चों को सिख और संस्कार देता हूं की बुजुर्गो का सम्मान और सेवा करना मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। आश्रम के अश्यक्ष मो नौशाद गद्दी ने सभी अतिथि का स्वागत किया और कहा की मैंने अपना पूरा जीवन आश्रम के बुजुर्गों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। वहीं आश्रम में बुजुर्गों ने सबको अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। आश्रम में अजय कुमार सिंह के साथ उनकी पत्नी मंजू सिंह, सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला के भोला कुमार, सुरेश दास, संजीत सिंह, अमल राज शेखर, आकाश कुमार, आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी, आश्रम के सदस्य ओमकार मिश्रा, सदस्य अमरजीत पासवान, सीताराम चौधरी, केयर टेकर सुबल कुमार, शांति देवी आदि उपस्थित थी।

## गर्भवती महिलाओं का होगा नि:शुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी जांच

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोला कुसमा मंझिलाडीह, बलियापुर हीरक रोड स्थित गीतांजलि डायग्नोसिस सेंटर (जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) में मातृत्व एवं स्वास्थ कोषांग, स्वास्थ चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड के नोडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार गर्भावस्था के दौरान निःशुल्क चिकित्सा जांच के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ एग्रीमेंट के अनुसार 31 मार्च 2024 तक सदर अस्पताल धनबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंदुआडीह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया सह जोड़ापोखर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोपचांची और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा के अस्पतालों के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर निःशुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की जाएगी।




## विद्यालयों में शपथ तथा अलख जगाने उतरी पीड़ित महिलाएं

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरे देश में चल रहे ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह द्वारा बगोदर, अटका, तुकतुको, धरगुल्ली, कुदर, तिरला, हेसला,औरा, पोखरिया, दोंदलो आदि में 30 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल का परिचालन रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** अपरिहार्य तकनीकी कारणों से रक्सौल से दिनांक 17.10.2023 को खुलने वाली गाड़ी सं. 07052 रक्सौल-हैदराबाद स्पेषल का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया हैं ।

### दुर्गा पूजा : उपायुक्त ने जिला प्रशासन की टीम के साथ देर रात पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

# पंडालों में सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, बिजली, सीसीटीवी व फायर सिस्टम को लेकर दिए गए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जिला प्रशासन की टीम के साथ देर रात झरिया एवं सिंदरी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर पूजा कमेटियों के साथ बातचीत कर उसे दूर करने पर चर्चा की।

रविवार को उपायुक्त वरुण रंजन ने एडीएम लॉ एंड आर्डर, एसडीएम, डीएसपी यातायात, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल के पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक दंडाधिकारी के साथ शहर के कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और पूजा कमेटियों को जरूरी निर्देश दिया।



उपायुक्त ने बताया कि दुर्गा पूजा में जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पंडाल के उद्घाटन से लेकर विसर्जन तक जिला प्रशासन एवं पूजा कमेटियां आपस में सामंजस्य स्थापित कर दुर्गोत्सव संपन्न कराए इसको लेकर लगातार मोनिटरिंग की जा रही है। पंडालों में सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, बिजली, सीसीटीवी और फायर सिस्टम को लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं।

साथ ही उन्होंने बताया कि सुरक्षा के साथ ट्रैफिक और पार्किंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरत के हिसाब से हर जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पुलिस बल के साथ महिला सुरक्षा बलों की भी तैनाती की जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से शांति पूर्वक पूजा संपन्न कराने की अपील की है।

## ट्रांसफार्मर मरम्मती की मांग को लेकर प्रदर्शन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अंतर्गत कतरास कलाली फाटक स्थित खास गोविंदपुर श्रमिक कॉलोनी में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण मजदूर अंधेरे में जीने को विवश हैं। यहां पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। ट्रांसफार्मर मरम्मती की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के नगर अध्यक्ष विनय पासवान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे कतरास नगर अध्यक्ष राजद नेता विनय पासवान ने कहा की दुर्गा पूजा नजदीक है। मजदूर अंधेरे में रहने को विवश है। पिछले एक महीना से ट्रांसफार्मर खराब है लेकिन कोई अधिकारी इसका सूद नहीं लिया। शीघ्र ट्रांसफार्मर का मरम्मत नहीं कराया गया तो मजदूर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगें। प्रदर्शन में विनय पासवान, कन्हैया डोम, कारू भुंइया, विकास भुइयां, रामू भुइयां, भीमा भुइयां, राहुल तुरी, विकास भुइयां, लाली देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी आदि शामिल थे।

## भाकपा माले का लोकल कमिटी सम्मलेन संपन, आगामी लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** विधानसभा के देवरी प्रखंड अंतर्गत तेतरिया में सोमवार को भाकपा माले लोकल कमिटी का सम्मलेन किया गया। इस सम्मलेन का अध्यक्षता दिलचंद सिंह एवं संचालन दीपक साव ने किया। वही बतौर पर्यवेक्षक अजीत कुमार शर्मा और श्यामसुंदर दास मुख्य रूप से प्रखंड कमिटी सदस्य उपस्थित थे। । प्रखंड कमिटी सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अजीत कुमार शर्मा ने कहा कि किसान मजदूर बेरोजगारी तथा महंगाई का दंश आज देश झेल रहा हैं महिलाएं सुरक्षित नहीं है अच्छे दिन आये नहीं ना ही 15 लाख खाता में आया। इस लिए देश की अवाम केंद्र सरकार से मांग कर रही है कि देश को बूरे दिन वापस कर दीजिए हमें अच्छे दिन नहीं चाहिए और अब मुल्क का जान छोड़ दीजिए अब और यातना मत दीजिए भाजपा की केंद्र सरकार जुमलेवाज है । आह्वान किया कि 2024 में इडिया गठबंधन को जितना है और एन डी ए को भगाना है । सम्मेलन को श्याम सुंदर दास गोविंद साव, दीपक साव, दिनेश यादव इत्यादि ने संबोधित किया । ततपरान्त 19 सदस्यीय लोकल कमिटी का गठन किया गया और सर्व सम्मति से दीपक साव को सचिव तथा दिनेश यादव को सह सचिव चुना गया वही कैलाश सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया । सम्मेलन में प्रसादी यादव, लक्ष्मण सिंह, पप्पू तुरी, बैकुंठ यादव, जमुना सिंह, प्राखित सिंह, प्रमिला देवी, अनीता देवी, फुलवा देवी, द्रोपदी देवी, ललिता देवी, राजू भुला, तुलो यादव, अशोक ठाकुर, शंकर सिंह, मुकेश साव, चंदन तुरी, मुकेश तुरी, सातों सिंह, रामेश्वर यादव, कारू यादव, चेतन दास, भरत यादव, भुनेश्वर सिंह, रामदेव यादव, बच्चू यादव, कार्तिक कुमार, मंझो सिंह, कटन यादव, लच्छमी यादव सहित सैकड़ों लोग सामिल थे ।



## सब स्टेशन के स्वीच बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से लगभग बारह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामाडा जल संयंत्र जामाडोबा में सोमवार को सुबह में सबस्टेशन के स्वीच बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से लगभग बारह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके चलते दो फिल्टर प्लांट में जल भंडारण का कार्य पूरी तरह प्रभावित रही। जल भंडारण नहीं होने के कारण झरिया व आसपास के क्षेत्रों में आज आंशिक जलापूर्ति हुई है। शाम लगभग पांच बजे बिजली कर्मियों के अथक प्रयास से बिजली कि तकनीकी गड़बड़ियों को दुरुस्त कर दिया गया है। झामाडा कर्मियों ने रात से नियमित जलापूर्ति की संभावना जताते हुए कहा कि सोमवार की सुबह 5 बजे से देर शाम तक स्वीच में फॉल्ट हो जाने के कारण बिजली की आपूर्ति ठप रही। जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट जल संयंत्र केंद्र के सबस्टेशन के 11 केवी वैक्यूम सर्किट के 1 स्ब्क्ष् के स्वीच में खराबी आने से बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली की तकनीकी गड़बड़ी को ठीक करने को कर्मी देर शाम तक कार्य कर स्विच की मरम्मती कर दी गई है। जल भंडारण के बाद देर रात से झरिया, डिगवाडीह, पाथरडीह आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति किए जाने की संभावना है।

## नैनो इंटरप्राइजेज के लिए 15 महिला उद्यमियों को दिया ऋण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नैनो इंटरप्राइजेज के लिए सोमवार को ग्रामीण उद्यमिता विकास केंद्र गोविंदपुर के माध्यम से 15 महिला उद्यमियों को नैनो इंटरप्राइजेज के लिए 15 लाख रुपए ऋण दिया गया। साथ ही सभी उद्यमियों का उद्यम रजिस्ट्रेशन कराया गया। ऋण की राशि कम ब्याज दर पर मिलने से सभी महिला उद्यमी उत्साहित दिखी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के नवीन कुमार ने बताया कि महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने हेतु जेएसएलपीएस लगातार प्रयासरत है। इन उद्यमियों के व्यापार का डे बुक, मासिक पुस्तिका आदि का भी संधारण कराया जाता है।

रमेश कुमार मंडल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए जेएसएलपीएस दीदियों को ऋण की व्यवस्था करके दे रही है। जिससे एक सशक्त महिला उद्यमी का समाज में निर्माण हो सके। मौके पर महिला उद्यमी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित हुए।

## अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** आज समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग के पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के सभी बीआरपी (ब्लॉक रिसर्च पर्सन) और स्वास्थ्य विभाग के प्रखंड डाटा प्रबंधक एवं एमपीडब्ल्यू (मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर) का जिला स्तर पर अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के बारे में विस्तार से पुनः उन्मुखीकरण किया गया। साथ ही इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एनीमिया क्या है?, इसके लक्षण एवं संकेत क्या है?, अनीमिया के रोकथाम के उपाय क्या-क्या हैं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सप्लाई, रिपोर्ट चैनल को सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अनीमिया कार्यक्रम से संबंधित सप्लाई एवं प्रतिवेदन की स्थिति में सुधार हेतु रणनीति तय की गई एवं विभाग द्वारा सुधारात्मक कार्य हेतु सुझाव दिया गया। इसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह, डीपीएम एवं डीडीएम, गिरिडीह, राज्य समन्वयक, यूनिसेफ, स्वास्थ्य विभाग रांची, झारखंड, जिला समन्वयक यूनिसेफ, गिरिडीह,पिरामल फाउंडेशन के टीम उपस्थित हुए।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारियों व कर्मियों ने ली शपथ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर सोमवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा समाहरणालय सभागार में सभी अधिकारियों व कर्मियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शपथ दिलाया गया। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। इसके रोकथाम के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है।साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाय। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि कई पीढ़ियां का जीवन बर्बाद होता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कम उम्र में लड़का या लड़की की शादी करने से कई प्रकार के सामाजिक, शारीरिक नुकसान देखने को मिलता है, जहां एक ओर उनका बचपन छिन जाता है, वहीं कम उम्र में शादी करने वाले लड़के और लड़कियां न तो ठीक से शिक्षित होते हैं और न ही परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से योग्य होते हैं। इसके लिए समाज के तमाम बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षक, जनप्रतिनिधि सहित सभी लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। इसके अलावा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के मौके पर गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों में हम सबने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है, के नारे से जागरूकता रैली की शुरुआत की गई। साथ ही सभी लोगों ने बाल विवाह को जड़ से खत्म करने हेतु शपथ ग्रहण किया, वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न ही इसे बर्दाश्त करेंगे। इस जागरूकता रैली में बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों/बच्चों ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया।

## स्वच्छता दौड़ का आयोजन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 में भारत सरकार के स्वच्छ मिशन के तहत सोमवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के कोयला अधिकारी, सरस्वती शिशु मंदिर सिनीडीह के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों ने दौड़ लगाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। दौड़ कार्यक्रम में महाप्रबंधक सीसी साहब गणेश चंद्र साहा, अपर महाप्रबंधक यूके सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक प्रबंधक एके केसरी, राजीव रंजन त्रिवेदी, तरुण कुमार राठौर, जगदीश भईया, मजदूर नेता रणधीर ठाकुर, सुनील कुमार राय, सरोज कुमार, रोहित कुमार, लक्ष्मण महतो, गया राम महतो, शंकर चौहान, संदीप कुमार, प्रभास सिंह, ममता देवी, रेणुका कुमारी, संदया कुमारी आदि शामिल थे।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय परिसर में राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान में जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को शपथ दिलाकर एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान समाहरणालय परिसर में मौजूद सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं पत्रकारों ने भी शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान में भी हिस्सा लिया।

## टिकैत परिजनों के धरना का आज छठा दिन समर्थन में आये पंचायत समिति सदस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गांवा :** गांवा काली मण्डा के समक्ष अपने ही ज़मीन घर बचाने को लेकर टिकैत परिवार वालों धरना का आज छठा दिन है किंतु अंचलाधिकारी व वरीय पदाधिकारीयों के द्वारा अभी तक किसी प्रकार का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. हम सभी पंचायत समिति सदस्य अंचलाधिकारी से मांग करते है कि टिकैत परिवार वालों को इंसाफ मिले. गांवा अंचल में आये दिन लगातार फर्जी तरीके से पिछले दरवाजे से मोटी रकम लेकर फर्जीवाड़ा कागजात तैयार कर के आम, आवाम,किसान, मजदूर का हक़ अधिकार पदाधिकारीयों एवं भूमि माफियाओ के मिलीभगत से छीना जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण टिकैत के परिजन है. यदि 18 अक्टूबर तक किसी प्रकार का कोई ठोस निर्णय नहीं दिया गया तो गांवा अंचलकार्यकाल का चक्का जाम किया जायेगा जिसका जवाब देही स्थानीय प्रशासनिक वयवस्था होगी।



# उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं समेत, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आदि की समीक्षा हुई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में कम उपलब्धि वाले प्रखंडों को मानव दिवस सृजन की उपलब्धि बढ़ाने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में शेष लंबित लक्ष्य के लिए फर्स्ट एवं सेकेंड फेज की उपलब्धि बढ़ाने का निदेश दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में भंडरा और कुडू प्रखंड को स्वीकृत योजना की संख्या बढ़ाने व योजना पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में किस्को, कुडू, लोहरदगा एवं पेशरार के अंचल अधिकारियों को शेष लक्ष्य के लिए भूमि चिन्हित करने का निदेश दिया गया। पोषण वाटिका अंतर्गत किस्को प्रखंड में पूर्व से चिन्हित स्थलों को बदले जाने का निदेश दिया गया। पेशरार प्रखंड के चिन्हित साईट का जियो टैग करने का निदेश दिया गया। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना में चयनित योजनाओं की संख्या बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया।एरिया अफसर एप में प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ, लोहरदगा प्रखंड को फील्ड विजिट की संख्या बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही किस्को प्रखंड के सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर को प्रत्येक सप्ताह अपने फील्ड विजिट का प्रतिवेदन अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी से सत्यापित कराते हुए पत्र के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-22 में आवास पूर्णता, पहली किश्त और द्वितीय किश्त में अंतर, आवास पूरा करें अभियान की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में पीपीआईए फेलो, लोहरदगा को सभी प्रखंडों के लिए इस माह के बची हुई तिथियों और प्रत्येक माह के लिए प्रत्येक प्रखंड के पंचायत के अंतर्गत गांवों में स्वास्थ्य कैम्प का शेड्यूल तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा के सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को अगले 10 दिनों के अंदर प्रखंड के 3-3 गांवों में एक सर्वे करने निदेश दिया गया जिसमें उस गांव में हुए संस्थागत प्रसव की संख्या, घरों में हुए प्रसव की संख्या और बीसीजी टीकाकरण की स्थिति का विवरण शामिल हो। नगर परिषद के वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। कृषि विभाग अंतर्गत खरीफ फसल आच्छादन में रह गए अंतर की भरपाई के लिए रबी फसल में लक्ष्य बढ़ाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा बारिश आच्छादन की स्थिति,मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी के स्थिति की समीक्षा की गई।

## लोहरदगा लोकसभा सीट से झामुमो अपना प्रत्याशी के लिए करेगी दावेदारी : मोजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूरी टीम अभी से ही तैयारी में जुट गई है। इसी के तहत झामुमो जिला कार्यालय में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता भगत की अध्यक्षता में महिला मोर्चा के पदाधिकारी की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद उपस्थित हुए। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारी और सदस्यों को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की महिलाओं के विकास को लेकर काफी सराहनीय और अग्रणी भूमिका निभाने का काम कर दिखाया है। कहा आज महिलाएं निर्भीक होकर अपने हक अधिकार को लेकर जागरूक हुई है इसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व को जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे दम-खम के साथ चुनाव लड़ेगी और सभी सीटों पर अपना प्रत्याशी देने का कार्य करेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि झामुमो का राज्य में बढ़ते जनाधार से विपक्षी दलों के नेताओं का रातों की नींद गायब हो गया है, यही वजह है कि हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तरह-तरह के हथगंडा लगाकर फंसाने के साजिश में लगे हुए हैं, परंतु उनकी ओर से किया जा रहा नाकाम कोशिश को कभी भी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

## गांवो में शिक्षा, संस्कृति और माहौल को विकसित करने के लिए बच्चो को सदैव करे प्रेरित : अलीराजा अंसारी



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडु प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी रविवार की देर शाम जिंगी गांव पहुंचे और कई अभिभावकों से उनके घरों में जाकर मुलाकात की। जिंगी पंचायत मुख्यालय निवासी 80 वर्षीय राम स्वारथ साहू की तबियत खराब होने की सूचना शाम को मिलते ही वह उनसे मिलने पहुंचे और कुशलक्षेम जाना।विदित हो कि अलीरजा अंसारी विगत 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया +2 उच्च विद्यालय लोहरदगा में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियोजित हैं, इसलिए विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने बुजुर्ग व्यक्ति के उचित ईलाज के लिए तत्काल अ. प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र कैरो में पदस्थापित डॉ. राकेश कुमार से टेलीफोनिक वार्ता की।फिर विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के घर जाकर अभिभावकों से मिले और बच्चों की दैनिक चर्या की जानकारी ली।विशेषकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उन्होंने परीक्षा तक 24 घंटे का रूटीन बना कर सभी विषयों की संतुलित तैयारी करने का सुझाव दिया। बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखने की अपील करते हुए उन्होंने अभिभावकों से कहा कि कभी-कभी विद्यालय आकर शिक्षकों और प्रधानाध्यापक से मिला करें।बच्चों की आदतों,समस्याओं,रूचियों आदि की जानकारी शिक्षकों को रहेगी तो अधिक बेहतर तरीके से पढ़ाई हो सकेगी। साथ ही,गांव में पढ़ाई की संस्कृति और माहौल विकसित करने के लिए बच्चों को सदैव प्रेरित करते रहना होगा।रात्रि में प्रधानाध्यापक को अपने दरवाजे पर देखकर बच्चे और अभिभावक काफी खुश हुए। मौके पर सरफराज अंसारी, रीता कुमारी, मो. माहिर, शबनम खातून, धर्मनिया उरांव, मनोज साहू, बिनो उरांव, सुधीर उरांव, कमलेश साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# महारानी दुर्गावती खेल मैदान रुंघुडेरा में हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे रुंघुडेरा गांव में महारानी दुर्गावती खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल में करँगागुड़ी बनाम हेठमा के बीच टूर्नामेंट का आयोजन हुआ शानदार पारी खेलते हुए करूंगागुड़ी की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ,जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, बिरसा मांझी के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए की। वही विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। जहां पर एक जमाना था। कि नक्सलियों की तूती बोलती थी लेकिन अबखेल और खिलाड़ियों के माध्यम से इस क्षेत्र में कई खिलाड़ी बाहर निकाल कर देश-विदेश में जाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। झारखंड पार्टी हमेशा से प्रयास कर रही है की खिलाड़ियों को आगे बढ़े और इसीलिए सुदूरवर्ती क्षेत्र में आकर खिलाड़ियों को हौसला बढ़ा रही है ।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में खेल मैदान सहित खेल की कई बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा मौके पर कमलेश्वर माझी, मनोज प्रधान, रघुनाथ मांझी, अनुज बेसरा, खेल समिति के अध्यक्ष बालेश्वर माझी, सचिव आसमान माझी, कोषाध्यक्ष मुकेश माझी, संरक्षक नरेंद्र कुमार मांझी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आजादी के 75 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है रुंघूडेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले से करीब 40 किमी दूर केरसई प्रखंड स्थित है। वहाँ से करीब 25 किमी दूर रुंघुडेरा गाँव है जो केरसई प्रखंड अंतर्गत ही आता है। चारों ओर से जंगल- पहाड़ और पथरीली भूमियों से घिरा यह गाँव प्राकृतिक दृष्टिकोण को से तो संपन्न है लेकिन मूलभूत सुविधाओं को देख लगता है मानो यह गाँव भारत के नक्शा में आता ही नहीं। करीब 300 जनसंख्या वाले इस गाँव में पहुंचने के लिए अभी भी आपको पथरीली पगडंडियों और उबड़- खाबड़ वाले रास्ता से ही गुजरना पड़ेगा वह भी करीब 10 किमी। सरकारी जन महत्वाकांक्षी योजना कहें या नेताओं का भूलभुलैया वाला वाला भाषण दोनों यहाँ नगण्य रूप से ही पहुँच पाता है। अब तो गाँव वाले सरकारी योजनाओं को महत्व भी देना बंद कर दिये हैं और कहते हैं आश्वसन और भरोसा से तो अच्छा हमारा जंगल - पहाड़ है जो कभी झुट नहीं बोलता। सरकारी अफसर गाँव विजिट के लिए निकलते हैं तो गाँव पहुँच से 10 किमी दूर से ही मुँह मोड़ लेते हैं यह हम नहीं कह रहे गाँव वालों का कहना है। अगर किसी महिला का प्रसव कराना हो यह बीमारी का ईलाज, सब गाँव के दाई और वैध-विद्या पर ही निर्भर हैं। चाहे इसे अंधभक्ति कहें या अंधविश्वास लेकिन हकीकत यही है। शहर तक पहुँच का रास्ता खराब होने के कारण अस्पताल का ख्याल ही नहीं आता इन लोगों को। कुछ महीने पहले ही गाँव में भीषण व्रजपात हुआ था ईलाज के नाम पर उन्हें गाय के गोबर में गाड़ दिया गया था जहाँ दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी। लोग दोष किसी को लगाने भी छोड़ दिये है पूछने पर कहते हैं होनी को कौन टाल सकता है। लेकिन शायद कुछ मूलभूत सुविधा देश के होने के नाते मिल जाता तो कई जानें बचाई जा सकती है यह सच्चाई है। विकास के नाम पर इस गाँव में मात्र एक प्राथमिक विद्यालय है वह भी खंडहर। छत टुट- टूट कर गिर रहा है बरसात के दिनों में पानी रिसता है। जान जोखिम में डाल बच्चे अपनी पांचवी तक की कक्षा मात्र एक पारा शिक्षक के सहारे पुरा करते हैं। 5वीं से 8वीं तक के लिए करीब 8 किमी दूर सफर कर मकरघरा आते हैं। अगर इससे भी आगे कोई आगे पढ़ना चाहे तो करीब 15 किमी पथरीले पगडंडी का सामना करना पड़ता है तब तक हिम्मत टूट जाती है और बच्चे पढ़ाई छोड़ रोजगार के लिए महानगरों की ओर पलायन कर जाते हैं। गाँव में आज तक बिजली नहीं पहुंची है।

## समाज के विभिन्न वर्गों की 51 कन्याओं का हुआ पूजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सोमवार को शारदीय नवरात्र उत्सव मनाया गयाद्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की भव्य आरती के साथ अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के विभिन्न वर्गों से 51 कन्याओं का पूजन किया गया। जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक में पढ़ने वाली कन्याएं भी शामिल थी। आरंभ में सभी के पांव पखारे गए और उनका श्रृंगार किया गया। सभी को भोजन कराया गया और फल, उपहार एवं द्रव्य की दक्षिणा भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,उपाध्यक्ष विनोद राय,सचिव अजय प्रसाद, सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, सुमन राय, बर्णाली मुखर्जी, बबली दास, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विजय चंद्रशेखर, सुनीता कुमारी, दीपिका सिंह, प्रीति कुमारी गुप्ता, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, स्नेहा शर्मा शांडिल्य, रितेश कुमार पाठक, मुकेश मुंडा, बबीता देवी सहित अतिथि, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिका एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बाल विवाह कानूनन अपराध है इससे बचें : बैजयंती उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विधलाय में बाल विवाह के प्रति रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्र छात्राओ द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से प्रारम्भ हो मुख्य पथ होते हुए आदिवासी मुहल्ला, हरिजन मुहल्ला से घूम कर प्रखण्ड कार्यालय होते हुए वापस विद्यालय लौटी इस दौरान छात्र छात्राओ ने हाथों में बैनर लिये हुए नारा लगा रहे थे। हमने ठाना है, बाल विवाह रोकना है, बाल विवाह एक अभिशाप है। वहीं प्रभात फेरी से पूर्व प्रार्थना सभा मे शिक्षिका बैजयंती उराँव के द्वारा शपथ दिलाते हुए बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक नुकसान एवं परेशानियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के प्रति अपने परिवार, समाज, रिस्तेदार, गांव में चर्चा कर रोकने हेतु पहल करने की बात कही गई। इस दौरान मौके पर बैजयंती उराँव, मेराज अंसारी,चाँदनी शाहदेव, प्रबोध पी बाघ, अब्बुलयास अंसारी, कृति सुभानी रानी के अलावे अन्य शिक्षक शिक्षिका एवं सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के द्वारा आयोजित जागरण में रात भर झूमते रहे श्रोतागण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महावीर चौक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सदस्यों के द्वारा महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर जमशेदपुर, रांची और विभिन्न जगहों से आए हुए कलाकारों के द्वारा रात भर भक्तिमय जागरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उपायुक बाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, डॉ राजीव रंजन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, सम्मेलन के अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक शैलेश दुबे ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर सारे श्रोतागण झूम उठे। शोभा चौधरी एवं तदशा के मधुर गानों का सभी ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई अग्रवाल सम्मेलन ने इस बार समाज के 60 वर्षो से ऊपर के सभी बुजुर्गों एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपना सहयोग दिया।

## झारखंड के राज्यपाल से मिले अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद का प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात किया तथा रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने सहित कल्याण विभाग से मिलने वाली चार सुविधाओं को पुनः लागू करने की मांग किया. प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने राज्यपाल से मिलकर रौतिया जाति को मिलने वाले चार सुविधा शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी व कल्याण विभाग से मिलने वाली सुविधा को लागु करने की मांग किया। उन्होंने रौतिया जाति के जमीन को सीएनटी एक्ट में शामिल करवाने की भी मांग किया। रौतिया जाति के साथ घटित घटनाओं को जानकारी देते हुए जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। इस पर राज्यपाल ने कहा कि जल्द से जल्द सभी विषयों पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, गुमला जिला अध्यक्ष जागेश्वर सिंह, प्रदेश समिति के रमेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

## विधायक दल के नेता अमर बाउरी और सचेतक जेपी पटेल को बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड विधानसभा में पार्टी विधायक दल के नये नेता के रूप में निर्वाचित हुए चंदनकियारी विधानसभा से माननीय विधायक अमर बाउरी और विधायक दल का नया सचेतक मांडू विधानसभा से माननीय विधायक जेपी पटेल को भाजपा लोहरदगा जिला संगठन ने बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,पूर्व विधानपार्षद श्री प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक श्री रमेश उराँव, पूर्व विधायक श्री सधनू भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्री श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद,मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, हर्ष नाथ महतो समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला, बाल्मीकि कुमार, पवन कुमार, राजेश प्रसाद, राजेश महतो, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो सहित अन्य शामिल है।

# केके भगत ने लोहरदगा को खेल नगरी के रूप में विकसित करने का खींचा था खाका : निरुशांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरों प्रखंड के ग्राम पचागाई में रेलवे क्रॉसिंग के पास तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें से कल 32 टीम में भाग लिए। फाइनल के मैच में चेटर बनाम गजनी के बीच बीच खेला गया मैदानी गोल दोनों टीमों के द्वारा नहीं होने पर प्लेंटी शूटआउट में चेटर की टीम विजयी प्राप्त किया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक लोहरदगा के स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। इन्होंने कहीं की पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत लोहरदगा के विकास तथा लोहरदगा जिला का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हो यहां के लोग समृद्ध व खुशहाल हो ऐसा सोच हमेशा रखते थे।ठीक उनके दिखाए हुए रास्ते पर मैं भी चल रही हूं। लोगों को सम्बोधन करते हुए उन्होंने कहीं कि विधायक जी की सपना था कि हमारा विधानसभा क्षेत्र के एक खेल के नगरी से जाना जाए। आज हमें दस साल के उपरांत बहुत ऐसे अभाव का महसूस हो रहा है दुखद की बात है की रांची जिला बनने से पहले लोहरदगा जिला हुआ करता था।आज के दिन में हमारे जिले से एक भी प्रतिवान खिलाड़ी राज्य स्तरीय फुटबॉल अकादमी में कहीं भी अपनी योगदान नहीं दे रहा है मैं इस खेल के मैदान से आप सभी खिलाड़ियों को कहना चाहती हूं कि आप खेल को करियर के रूप में ले, और आगे बढ़े जो बन सके मैं आप लोगों के हर कदम आपके साथ रहूँगी। पहले खिलाड़ी फुटबॉल खाली पैर से खेलते थे। विधायक जी ने गांव-गांव में जाकर फुटबॉल मैच का आयोजन किए और लोगों के बूट जूते के साथ जर्सी देकर लोगों की हौसला को बुलंद की आज मैं आप लोगों के बीच में घूम रही हूं ताकि उनकी जो सोच और जो सपना था। हम सभी मिलकर साकार कर सके इस मैच में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव जी ने कहे कि आज हम ठके हुए, महसूस कर रहे हैं। लोहरदगा के लोग विधायक के साथ मंत्री का भी उपहार के रूप में मिला। मगर यहां के लोगों को कुछ भी नहीं मिली आज हमारा जिला पचास साल पीछे दिखाई दे रहा है जब हमारे बीच में आदरणीय दादा कमल किशोर भगत रहा करते थे।तो उन्होंने गांव गांव में जाकर लोगों के हर एक सुख दुख को सुनकर उनकी समस्या का समाधान किया करते थे आज हमारे विधायक रांची से लोहरदगा नहीं आ पाते। आज वह वित्त मंत्री के साथ खाद आपूर्ति मंत्री भी हैं लेकिन यहां के लोगों को खाद आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है जो लोग भूखे मरने के कगार पर है दो महीने का राशन की कटौती करते हुए एक और डेढ़ महीने राशन दे रहा है।इसको विरोध में बोलने के लिए किसी हीमत नहीं है। आजसू पार्टी सदैव गलत नीति और जहां भी गलत होती है इसका पुरजोर तरीके से विरोध करती है मैं इस खेल के मैदान से आप लोगों को कहना चाहता हूं। कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आदरणीय स्वर्ग कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत जी को भारी मतों से विजयी दिलाइए। स्वभाविक रूप में अपने हक अधिकार को सुरक्षित रखने का काम करें।

## कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को करें मजबूत : रीना कुमारी

## पंचायत प्रभारियों को बीएलए में नियुक्त करने की बैठक में दिये गए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार 16 अक्टूबर सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी, मंडल कमेटी, पंचायत कमेटी एवं सभी मंच मोर्चा कमेटी की भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक बैठक कैरो प्रखंड कांग्रेस कार्यालय स्वर्गीय श्री प्रसाद साहू स्मृति सामुदायिक भवन में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद की अध्यक्षता एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रखंड प्रभारी रीना कुमारी भगत सह प्रभारी ठाकुर प्रसाद जी की उपस्थिति में आहुत की गई। जिसमें कैरो प्रखंड अंतर्गत प्रखंड, मंडल, पंचायत एवं सभी अग्रणी मोर्चा स्तर तक के कमेटी का गंभीरता पूर्वक भौतिक सत्यापन किया गया एवं अपूर्ण कमेटी को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि यह आवश्यक बैठक संगठन की मजबूती एवं समीक्षा के लिए रखी गई है आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें और पार्टी को बुथ स्तर तक मजबूत करें। प्रखंड प्रभारी जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि जल्द से जल्द प्रखंड कमेटी एवं पंचायत स्तर के सभी कमेटी को पूर्ण कर ले साथ ही प्रत्येक बूथ पर एक बूथ लेवल एजेंट(BLA)नियुक्त कर लें। सह प्रभारी ठाकुर प्रसाद जी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रिढ़ है,कार्यकर्ता के बदौलत ही हम चुनाव जितते हैं। बैठक में सभी 6 पंचायत के लिए सर्वसम्मति से प्रभारी बनाया गया जिसमें गुड्डी पंचायत के लिए जोरावर खान और मुस्लिम अंसारी, कैरो पंचायत बुधवा उरांव एवं निरंजन राम, चढ़ावे पंचायत इंतखाब आलम एवं मंगरा उरांव, हनहट पंचायत विजय कुमार एक्का और जगन्नाथ यादव, गजनी पंचायत नईम अंसारी और प्रवीण पांडे, नरौली पंचायत मुर्शिद आलम और मोजाहिर अंसारी को बनाया गया। आज के बैठक में जिला सचिव मुर्शीद आलम, इंतखाब आलम, मंजन उरांव, पंचायत अध्यक्ष नारायण उरांव, शिव उरांव, गणपत उरांव, विजय उरांव, सतनारायण उरांव, यूथ अध्यक्ष तिला उरांव, महिला अध्यक्ष मुन्नी उरांव, एनएसयूआई डोली कुमारी, अल्पसंख्यक सनाउल्लाह अंसारी, ओबीसी आदित्य यादव, पंचायती राज विजय कुमार, एक्का जुबेर अंसारी, हुसैन खान, नईम अंसारी, मुजाहिद अंसारी, डोली कुमारी, ईश्वर दास, बाखला अल्ताफ अंसारी, हारून रशीद अंसारी, जलील खान, हरण लकड़ा, सुशील उरांव, आदित्य कुमार यादव, तिला उरांव, राम कुमारी उरांव, रशीद अंसारी, भोला भगत, प्रवीण पांडे, सुमित उरांव, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, शिवनाथ उरांव, लच्छू उरांव, सोमरा उरांव, राहुल पांडे, मघया उरांव, अफरोज अंसारी, रामचंद्र उरांव, महबूब आलम, मंसूर आलम, चंद्रदेव भगत,अर्जुन उरांव, रिजवान अंसारी आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने की मांग

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूरे देश की तरह हिंदू धार्मिक के ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने पर हिंदू देवी देवताओं के मंदिरों को झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड के नाम पर राज्य सरकार के नियंत्रण एवं आधिपत्य में है। हिंदुओं की धार्मिकता संस्थानों पर राज्य सरकार का नियंत्रण 1947 से पहले की अंग्रेजी शासन की गुलामी के तहत ही है 1947 में स्वतंत्रता के बाद हिंदू धर्म को छोड़कर अन्य सभी धार्मिक संस्थाएं बिना सरकार के हस्ताक्षर के अपनी संस्था को स्थापित करने और चलने के लिए पूर्णता स्वतंत्रत है।

1. अनुच्छेद 25 और 26 भारत का संविधान हिंदू धर्म और अन्य धर्म के बीच अंतर नहीं करता है और ऐसे में राज्य द्वारा हिंदू धर्म को अन्य धर्म से अलग मानने का कोई औचित्य नहीं है.
2. हिंदू धर्म को छोड़कर बाकी सभी धर्म अपनी धार्मिक संस्थाएं स्थापित करने और चलने के लिए स्वतंत्र हैं.
3. सत्ता में रहने वाले राजनीतिक दल द्वारा विभिन्न मंदिरों एवं ट्रस्ट समितियां के प्रबंधन के लिए राज निष्ठा करने वाले व्यक्तियों को अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त किया जा रहा है। राज्यपाल महोदय से आग्रह है कि कृपया इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए कार्यकारी तंत्र को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की कृपा करें इसके लिए हम सभी सदैव आभारी रहेंगे। चंद्रकांत राय प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, सुनील गुप्ता प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, डॉ वीरेंद्र साहू प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद , कैलाश केसरी अध्यक्ष महानगर मितेश्वर मिश्र प्रांत प्रमुख सामाजिक समरसता शामिल थे।

### झारखंड के सरकारी स्कूल के बच्चों को अब मिलेगा हलवा और लड्डू

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब हलवा और लड्डू मिलेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्याह्न भोजन (मिड डे मील ) के लिए नौ करोड़ 72 लाख रुपये आवंटित किए हैं। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के कियान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार से स्वीकृत बजट के आधार पर जिलों को अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक 253 दिनों के लिए मेटेरियल कॉस्ट (केन्द्रांश एवं राज्यांश मद) की राशि का पोर्टल आधारित आवंटन कर दिया गया है। निदेशक ने लिखा है कि मेटेरियल कॉस्ट की आवंटित राशि से ही मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त रागी (महुआ) हलवा / रागी लड्डू दिया जाना है। वर्तमान में आवंटित राशि में से आठ दिनों के लिए व्यय के लिए प्राधिकार दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक आवंटित राशि का प्रखंड स्तर पर तीन दिनों के अन्दर उपआवंटन और प्रखंड स्तर से सात दिनों के अंदर विद्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। रागी (मडुआ) हलवा / लड्डू के लिए केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि आठ दिनों के लिए (माह में 4 दिन) प्रति छात्र 4.15 रुपये की दर से आवंटित किया गया है।

## हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस के अवसर पर किया गया कम्पटीशन का आयोजन

# हजरत मोहम्मद के शिक्षा को जन-जन तक पहुचाएं : आईएएस अबू बकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सरताज होटल मेन रोड रांची में हजरत मोहम्मद(सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के जन्म दिवस के अवसर पर फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी रांची के द्वारा एक इंटर स्कूल स्पीच एंड एस्से कम्पटीशन का का आयोजन किया गया। जिसका विषय था शांति और सहिष्णुता पर मोहम्मद(सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की शिक्षा। इस कार्यकम में मुख्य अथिति अबू बकर सिद्दीकी, सचिव कृषि और पशुपालन विभाग झारखण्ड सरकार रांची ने सभागार में मौजूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूल के छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के जीवन एवं उनके दिये गए नैतिक उपदेशों को बतायाद्व उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद(सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के बताए हुए नैतिक शिक्षा को पालन करना, सबसे ज्यादा उनके मानने वालों की जिम्मेदारी है। हमें उनके शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाना, यह हमारी जिम्मेदारी है। बगैर किसी धर्म,जात और रंग के आधार पर भेदभाव किये बगैर मानव सेवा करना उनकी शिक्षा है। हमें भी चाहिए की सबसे पहले हम उनके शिक्षाओं पर अमल करके लोगों को दिखाएं।

मानव सेवा हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हमें अपने पड़ोसियों अपने रिश्तेदारों, अपने हमवतनों का सहयोग बेगैर किसी स्वार्थ के करते रहना चाहिए। हमारे लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के लगातार सीखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। आज भी हमें इस सभा में कई बातों को सीखने और समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जिस तरह पूरे विश्व अशांति, युद्ध और असहिष्णुता फैला हुआ है। इसे खत्म करने के लिए पैगम्बर मोहम्मद(सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) की जीवनी और उनके शिक्षकों को प्रचार और प्रसार की जरूरत है।

ताकि अमन और शांति कायम हो सके।

### शिक्षा का काफी महत्व बहुत है : शमशेर आलम

कार्यक्रम में स्पेसल गेस्ट के तौर पर मौजूद झारखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की फ्रेंड्स ऑफिसर सोसाइटी झारखंड में लगातार कई सालों से शिक्षा के मैदान में काम करते आ रहा है,जो कफी सहरानीय है। जिस तरह छात्रों ने पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जीवनी पर बातें को रखा है। वह काफी सहरानीय है। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा का महत्व काफी बहुत है। बिना शिक्षा आप आप अपने लक्ष्य की प्राप्ती नहीं कर सकतें हैं। आधुनिक शिक्षा ही आपके जीवन आगे बढ़ाने में अहम रोल अदा करेगा। पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नैतिक शिक्षकों पर अमल करते हुए मानव जाति की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इंटर स्पीच प्रतियोगिता के जज बेटर इंग्लिश के निदेशक अब्दुल्ला कैफ़ी, सय्यद इबरार हसन, अजीजुल हक ने भी अपने विचारों को रखा। फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद ने आये हुए लोगों का स्वागत करते हुए इस तरह के कार्यक्रम कराने के उद्देश्य को भी बताया। सोसाइटी के महा सचिव कमर सिद्दिकी ने संचालन किया और सोसाइटी के उद्देश्य को बताया। सोसाइटी के सिनियर सदस्य गुलाम रब्बानी ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में स्कूलों के निदेशक, शिक्षक और जाने माने कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। सिनियर पत्रकार सय्यद शहरोज जमर । उर्दू शायर सय्यद उजैर साहब, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसाइटी के सरपरस्त सईद अहमद , सचिव सुहेल अख्तर, खजांची अरशद शमीम , सदस्य मो गुलजार, इम्तियाज अहमद, नैयर परवेज, लीजम लेसज, मो अली, वसीम, शकील, सुहेल आदि ने अहम योगदान दिया । इस मौके पर मिल्लत स्कूल के सचिव असरफ हुसैन, सिटी पब्लिक स्कूल के बिट्टू सर, पैरामाउंट स्कूल के निदेश अंसारुल्लाह स, इदरीसी तंजीम के मो इस्लाम,गद्दी पंचायत के मेराज गद्दी,लहू बोलेगा के नदीम खान, बाबर, संत जी एम स्कूल के निदेश और प्रिंसिपल तथा छात्रों के अभिवावक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### प्रतियोगिता में 27 स्कूलों ने हिस्सा लिया

इंटर स्कूल एस्से प्रतियोगिता इंग्लिश कैटोगरी में रांची के कुल 27 स्कूलों ने हिस्सा लिया था। एस्से प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिल्लत अकैडमी स्कूल के ओवैस अकमल हुसैन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान ए. एस पब्लिक स्कूल की छात्रा सिदरा परवीन ने हासिल किया और तीसरा स्थान अलोन्स ड्रीम कैचर स्कूल की कि छात्रा जैमा हसन ने हासिल किया। इंटर स्कूल एस्से प्रतियोगिता उर्दू/हिंदी कैटोगरी में मौलान आजाद अकादेमी की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लेबा परवीन पैरामाउंट स्कूल की छात्रा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और तीसरा स्थान ए. एस पब्लिक स्कूल की नफीसा परवीन ने हासिल किया। बाकी छात्रों को बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ स्कूल के अवर्डस से नवाजा गया।

### इंशा शादम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

इंटर स्कूल स्पीच प्रतियोगिता में कुल 22 छात्रों ने हिस्सा लिया था जिसमे डीएवी कपिलदेव की छात्रा इंशा शादम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान रेड किरिसेन्ट स्कूल की रिम्शा आफरीन ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान मिल्लत अकैडमी स्कूल के असद आदिल ने हासिल किया। इसके इलावा एस्से प्रतियोगिता में स्पेशल कैटोगरी में बेस्ट प्रेजेंटेशन अवार्ड में एल जी हाई स्कूल के मोहम्मद राशिद, जामिया स्कूल के अलीशा परवीन और सन्त जी एम स्कूल के जुबैरिया नाज को मिला।

# नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने व पौधा देने से होती है सुख-शांति की प्राप्ति : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवा ने छतरपुर प्रखंड के सहरसवा में कलश स्थापना और नौ दिनी रामकथा प्रवचन का शुभारंभ और पाटन प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव पूजन कर किया। उन्होंनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए उन्होंने लोगों के बीच नवरत्न फलदार व पूजनीय पौधों का निःशुल्क वितरित किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है।



तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में भी अमन चैन व शांति कायम रहेगी। उन्होंने पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां स्कूली बच्चों को बताया एवं उन्हें दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया।अयोध्या से प्रवचन करने आये पदमेश जी महराज और विद्यालय के वार्डन अर्चिता सिंह ने पर्यावरण के क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल के द्वारा देश विदेश में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो की सराहना की।

इस अवसर पर पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद ,बसंत विश्वकर्मा, सरिता देवी, मुरली प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, पूरन यादव, उपेंद्र पासवान, कमलेश शर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, नाथ जी यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, कमलेश प्रसाद, विवेक प्रसाद, आराधना सिंह , रीना कुमारी, प्रीति सिंह, रिचा कुमारी,आदि शामिल थे।

### डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा को मिला वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाइन स्पेशलिस्ट अवार्ड-2023

**रांची:** रांची के सुप्रसिद्ध एक्यूपंक्चर एंड स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा को वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाइन स्पेशलिस्ट 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री ठाकुर रघुराज सिंह, फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा, अभिनेता अरबाज, मिस वेनेजुएला ने दिल्ली के हॉलीडे सभागार में प्रदान किया। डॉक्टर हाजरा स्पाइन एक्यूपंक्चर क्लीनिक ओल्ड एजी कॉलोनी के संचालक हैं। वे अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। साथ ही छात्र क्लब चिकित्सक मंच के वरीय संरक्षक भी हैं। डॉ. हाजरा सोमवार को रांची पहुंचे। उनका बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में स्वागत किया गया।

# जो लोग समाज को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, उनसे निपटा जाना चाहिए : मोहन भागवत

एजेंसी

**कठुआ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जो लोग समाज को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, देश को उनसे अवश्य निपटना चाहिए. भागवत ने यहां संघ के स्वयंसेवकों की एक सभा को संबोधित करते हुए अहिंसक, करूणावान, लटीचीलेपन और सुदृढ़ होने के महत्व पर भी बल दिया.



संघ प्रमुख ने अहिंसा पर बल दिया लेकिन साथ ही यह भी कहा कि जो लोग समाज और राष्ट्र को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं या तोड़ना चाहते हैं, उनसे निपटने के लिए जो भी तरीका जरूरी हो, उसे अपनाना ही होगा.उन्होंने कहा कि जिस तरह गरीबों की मदद के लिए पैसा दान किया जाता है उसी तरह कमजोरों की रक्षा के लिए शक्ति का प्रयोग किया जाना चाहिए.भागवत ने कहा,गरीबों की मदद के लिए पैसे दान में दिये जाते हैं तथा कमजोरों की मदद के लिए शक्ति का उपयोग किया जाता है. समाज और राष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में यह भाव सभी के दिमाग में डाल दिया जाना चाहिए.उन्होंने कहा,ये ऐसे मूल्य हैं जो हमारे धर्म में समाहित हैं.

उसमें कोई दो राय नहीं है. उन्होंने कहा कि लेकिन जहां कमजोर को क्रूर से बचाने की जरूरत हो तो व्यक्ति को जरूरत के हिसाब से ताकत के इस्तेमाल के लिए बिल्कुल तैयार रहना चाहिए.

संघ प्रमुख ने कहा,दुनिया में कमजोरों को क्रूरों से बचाना है तो हाथों में हथियार रखना ही होगा.उन्होंने कहा कि इस संबंध में राष्ट्र में सभी की सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है.भागवत ने कठुआ चौक पर जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी तथा एक मंदिर में पूजा-अर्चना की. वह शहर के बाहरी इलाके जाखुद गये और भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया.

# डांडिया नाइट की तैयारी पूरी : चेंबर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित डांडिया नाइट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि हम बहनों ने पहली बार इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। जिसमें मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की गई है द्य हम सबों ने जहां मुंबई से आ रहे कलाकार शेफाली जरीवाला और मिस इंडिया रही सिमरन आहूजा को डांडिया हेतु आमंत्रित किया है। वहीं मुंबई के मशहूर डीजे भी आ रहे हैं जो कार्यक्रम में अपनी धुन देंगे। अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि हमारे शहर की काफी महिला इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं। हम सबों ने बहनों के लिए विशेष डांडिया खेलने की व्यवस्था रखी है और आमंत्रित लोगों के लिए नवरात्र का भोजन बिना लहसुन व प्याज का तैयारी कराई जा रही है। ताकि नवरात्र की पवित्रता को बनाए रखी जाए। कार्यक्रम की व्यवस्था को देखरेख के लिए मंच हेतु महिला विंग की महामंत्री प्रियंका सिंघानिया प्रेस, रेनू शर्मा,कंचन गुप्ता, ग्रीन रूम हेतु फरहा नाज एवं राखी सोनी मुख्य अतिथियों की देखरेख के लिए प्रियंका साहू,ममता सिन्हा को जवाबदेही दी गई है द्य शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग के लिए पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर,कृष्ण अग्रवाल अनवर भाई एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया है। साथ ही कार्यक्रम के स्पॉन्सर रोटरी क्लब, लायंस क्लब ,प्रेमसंस मोटर,हेरीटेज टोयोटा,जय मां शारदा मोटर, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स,पलामू ट्रैक्टर,आनंद मोटर्स ,रिपब्लिक हुंडई, जेपीएस ऑटोमोबाइल, अर्जुन ऑटोमोबाइल, मां दुर्गा ऑटोमोबाइल, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल एवं ओसम डेयरी को भी धन्यवाद दिया है। अध्यक्ष शर्मिला ने आगंतुक अतिथियों से अनुरोध किया है कि अपनी अपनी गाड़ियां लोग तरीके से लगाएंगे।

ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाई जा सके ताकि अन्य लोगों को असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ प्रवेश पत्र गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध है जो सीमित है। जिसे इच्छुक लोग प्राप्त कर सकते हैं।

### रांची के हरमू मैदान में 28 को होगा संकल्प यात्रा का समापन कार्यक्रमः डॉ प्रदीप वर्मा

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा का समापन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को हरमू मैदान रांची में 11 बजे पूर्वाह्न आयोजित होगा। यह जानकारी यात्रा के संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों, विफलताओं, राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, खनिजों की लूट, तुष्टिकरण के खिलाफ 17 अगस्त से प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्रा प्रारंभ हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य की स्थिति को बताने का संकल्प लिया था। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की यह संकल्प यात्रा जनता के अपार समर्थन से जन संकल्प यात्रा में बदल गई।

# जेसीआई एक्सपो उत्सव : शिव खेड़ा ने बताया, सफलता कैसे मिलेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई राँची के द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2023 का कल समापन हुआ। यह एक्सपो 12 से 16 अक्टूबर तक राँची के मोराबादी मैदान में लगा था। कल अंतिम दिन भी लोगो में भारी उत्साह देखने को मिली और बड़ी संख्या में भीड़ देखने को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा थी। इस कार्यक्रम का संचालन आशीष भाला एवं अभिषेक नारनौलिय ने किया। ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत देश के जाने माने लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सभी को अपने जीवन मे हमेशा सकारात्मत रहने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर किसी के जीवन में परेशानियाँ रहती है, लेकिन जो उस परेशानियों से लड़ कर आगे बढ़ता है वही जीवन मे सफल होता है। अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने कहा की आज वह बहुत खुश है की टीम जेसीआई ने सफलता पूर्वक एक्सपो उत्सव 2023 का समापन किया। एक्सपो चीफ कोऑर्डिनेटर संजय जैन ने एक्सपो की सफलता के लिए जेसीआई एक्सपो टीम, राँची की जनता, सभी स्टॉलधारक एवं प्रेस एंड मीडिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने को कोडिनेटर जेसी प्रतीक जैन, जेसी सनी केडिया , जेसी राहुल के साथ-साथ सभी जेसी साथियों के कार्यो को सरहाया। सचिव जेसी तरुण अग्रवाल ने एक्सपो के सभी स्पॉन्सर को एक्सपो से जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया और आभार प्रकट किया। चीफ कोऑर्डिनेटर संजय जैन ने स्टॉल धारकों को पुरस्कृत किया।



बेस्ट डेकोर स्टॉल का अवार्ड जल एवं रनर अप तनु क्रिएशन। बेस्ट स्टॉल मैनेजमेंट का अवार्ड गणेश सेरामिक रनर अप पनारोमिक विंडो को मिला। संजय जैन ने एक्सपो उत्सव में बेहतर काम करने वाले सभी सदस्यों को सम्मानित किया। एक्सपो भूषण विक्रम चौधरी, प्रवीण अग्रवाल, सौरभ साबू, देवेश जैन एवं सिद्धार्थ चौधरी को मिला। एक्सपो पद्मविभूषण संजय शर्मा एवं पंकज साबू को मिला। एक्सपो के सबसे बड़ा अवार्ड एक्सपो रत्न साकेत अग्रवाल को मिला। मुख्य अतिथि असुंता लकड़ा ने 26वें एक्सपो उत्सव के इस सफल आयोजन के लिए जेसीआई राँची को बधाई दी।सचिव तरुण अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समापन कार्यक्रम में सभी पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सचिव , पूर्व एक्सपो कोऑर्डिनेटर और सभी सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी एक्सपो उत्सव के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची की प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।